www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 02 सितंबर 2026 कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 203 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सभी विवि रिक्त पदों को जल्द भरें, स्थानीय प्रतिभाओं को दें प्राथमिकता: डेका

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की बैठक लेकर विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की संख्या, रिक्त पदों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन तथा नवाचार एवं स्टार्टअप गतिविधियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में सीटों के अनुपात में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में जहां भी व्यवस्थागत कमियां हैं, उन्हें दूर किया जाए तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए।उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ **विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता: राज्यपाल रमेन डेका**

■ **नवाचार-स्टार्टअप को दें बढ़ावा, नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की हो व्यवस्था**

सभी विवि रैंकिंग सुधारने रोडमैप तैयार करें

श्री डेका ने विश्वविद्यालयों की नैक एवं एनआईआरएफ रैंकिंग की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय अपनी रैंकिंग में सुधार के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को अपने आसपास के गांवों को गोद लेकर वहां इनोवेशन एवं स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में उपलब्ध ज्ञान, विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचना चाहिए। विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार एवं उद्यमिता से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए।उन्होंने 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' संकल्प अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

इंटरनल ऑडिट अनिवार्य रूप से कराएं

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में इंटरनल ऑडिट अनिवार्य रूप से कराने तथा इसके लिए इंटरनल कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लीक-प्रूफ बनाने पर विशेष जोर देते हुए इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों में परीक्षा नियंत्रकों की आधिकारिक नियुक्ति सुनिश्चित करने कहा।उन्होंने आयुष विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित निजी मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि इन संस्थानों का संचालन निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप सुनिश्चित हो। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव कृषि विभाग डॉ. सिद्धार्थ कोमल परदेशी, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त रितेश अग्रवाल, सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रदेश के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिव उपस्थित थे।

आज बेबाक

जिनके बाप ने मेंढकी भी नहीं मारी होती ऐसे चूजे अंडे से बाहर निकलते ही खुद को तीरंदाज समझने का मुगालता पाल लेते हैं। एक पैंगुइन ने महाराष्ट्र के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज जाकर वहां के प्राचार्य कक्ष की दीवार पर लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो हटवा दी। ये चिरकुट उन्हें चुनाव में तो हरा नहीं पा रहे हैं इसलिए दादागिरी दिखाकर फोटो हटवा कर अपनी खीज मिटा रहे हैं। इतनी सी बात इन अहमकों को समझ नहीं आ रही है कि दूसरे की लकीर मिटाने से कुछ हासिल नहीं होता। ऐसी ओछी हरकतें करने वाले गर्त में जाते हैं।

14000 फीट पर अचानक फेल हो गया विमान का इंजन

नई दिल्ली/ए.। गोवा से दिल्ली आ रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट का इंजन 14000 फीट की ऊंचाई पर मंगलवार को फेल हो गया। फ्लाइट नंबर 6ई2102 को सुबह 11.45 बजे दिल्ली लैंड करना था, लेकिन इंजन फेल होने के कारण वापस गोवा के मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जैसे ही यात्रियों को इंजन फेल होने की खबर मिली तो उनके बीच दहशत फैल गई। करीब 20 मिनट के बेहद डरावने अनुभव के बाद फ्लाइट को वापस गोवा एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। यह घटना तब हुई जब फ्लाइट ने दिल्ली के लिए अपनी यात्रा शुरू ही की थी।

गरमा-गरम

एसओसी समिट : आतंकवाद पर मोदी ने सुनाई खरी-खरी, मुंह ताकते रह गए पाक पीएम शहबाज

आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों की कोई जगह नहीं: प्रधानमंत्री मोदी

■ **एससीओ मंच से भारत का मजबूत संदेश**

बिश्केक/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किर्गिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (सीओसी) शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने खरी-खरी बातें कहीं। पीएम मोदी ने कहा कि इस आतंकवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करना बेहद जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मौजूदगी में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने उसी हॉल में खरी-खरी सुनाई, जहां शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। पीएम ने कहा, हमें एक सुर में यह कहना होगा कि आतंकवाद के मामले में दोहरे मापदंडों की कोई जगह नहीं हो सकती।

एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के कई अन्य महत्वपूर्ण देशों के प्रमुखों से भी मुलाकात कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन के जरिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आतंकवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने का किया आह्वान, संप्रभुता के सम्मान पर दिया जोर

पीएम मोदी के एससीओ भाषण की बड़ी बातें....

- **आतंकवाद को जड़ से खत्म करना जरूरी:** सिर्फ आतंकियों को पकड़ना या मारना काफी नहीं है। उन्हें पैसा कौन देता है, भर्ती कैसे होती है और कहां छिपते हैं, इस पूरे नेटवर्क को खत्म करना होगा।
- **आतंकवाद पर सब देश एक साथ रहें:** कुछ देशों के लिए आतंकवाद गलत और कुछ के लिए सही नहीं हो सकता। सभी को आतंकवाद के खिलाफ एक जैसी सख्त नीति अपनानी होगी।
- **जंग का समाधान बातचीत से निकले:** पश्चिम एशिया में जंग का असर दूर-दूर तक पहुंचता है। देशों के बीच विवाद होने पर युद्ध करने के बजाय बातचीत और कूटनीति से रास्ता निकालना चाहिए।
- **एससीओ संस्कृति और विचारों को जोड़ने का मंच:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लिए एससीओ अलग-अलग देशों की सभ्यता, संस्कृति और विचारों को जोड़ने वाला मंच भी है।

मोदी-जिनपिंग आपस में करते रहे बात पास खड़े होकर देखते रहे पाक पीएम

बिश्केक/ए.। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के मंच से एक बेहद अहम और चर्चित कूटनीतिक तस्वीर सामने आई है। वैश्विक मोर्चे पर जारी विभिन्न तनावों और कूटनीतिक समीकरणों के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एक-दूसरे से मुलाकात की।

26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेते हुए विश्व नेताओं के साथ पीएम मोदी ने ग्रुप फोटो में हिस्सा लिया और इसके बाद दोनों ही नेताओं ने साथ में चहलकदमी करते हुए एक-दूसरे का हालचाल लिया। न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से जारी वीडियो और तस्वीरों के मुताबिक, 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पाकिस्तान ने एससीओ समिट की तस्वीर से मोदी को हटाया

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई एक ग्रुप फोटो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, एससीओ समिट के दौरान ली गई ग्रुप फोटो को एडिट करके प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर हटा दी गई है। यह तस्वीर किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में थी। इसमें सदस्य देशों के नेता एक मंच पर खड़े नजर आ रहे हैं। मूल तस्वीर में मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एडिटेड तस्वीर में मोदी, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत 5 नेताओं को हटा दिया गया है।

भूपेश के पीए और ओएसडी रहे दो अफसरों के घर ईडी का छापा

■ दुर्ग के सिकोल भांटा में रिटायर्ड पटवारी और धमतरी के अमलतास पुरम स्थित घर में टीम दस्तावेज खंगाल रही

■ **अपर कलेक्टर चेतन बोरघारिया, पूर्व सीएम के पीए केके चंद्रवंशी के घर जांच**

भिलाई-धमतरी-बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। दुर्ग, धमतरी और बलरामपुर में ईडी की टीम ने एक साथ दबिश दी है। जांच एजेंसी की टीम दो वाहनों से बलरामपुर पहुंची और सीधे सर्किट हाउस गई, जहां अपर कलेक्टर चेतन बोरघारिया से पूछताछ की जा रही है।

दुर्ग जिले के भिलाई तीन में भी पूर्व सीएम के पीए के घर ईडी की कार्रवाई जारी है। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम सुबह दो वाहनों से बलरामपुर पहुंची। टीम के सर्किट हाउस पहुंचने के बाद वहां सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। इसके बाद अपर कलेक्टर चेतन बोरघारिया को बुलाकर उनसे पूछताछ शुरू की गई। फिलहाल पूछताछ का सिलसिला जारी है।

बता दें कि चेतन बोरघारिया का पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से भी जुड़ाव रहा है। वे तत्कालीन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दुर्ग जिले में दो जगहों पर ईडी की कार्रवाई

दुर्ग जिले में जांच एजेंसी ने दबिश दी है।पुरानी भिलाई स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पीए केके चंद्रवंशी के घर ईडी की टीम पहुंची थी। करीब आठ अधिकारियों की टीम दो वाहनों से वहां पहुंची और घर के अंदर दस्तावेजों की जांच की गई। सुरक्षा के लिए जवान भी तैनात किए गए थे। इसके अलावा सिकोल भांटा में रिटायर्ड पटवारी कमलेश राजूपत के निवास पर भी ईडी की टीम पहुंची थी। यहां दुर्ग के बड़े बिल्डर्स से लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की जांच किए जाने की जानकारी सामने आई है।

सीजीपीएससी और डीएमएफ घोटाले के 2 आरोपी गिरफ्तार

सीजीपीएससी और डीएमएफ घोटाले के मामले में ईडी ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। सीजीपीएससी घोटाले के आरोपी उत्कर्ष चंद्राकर और डीएमएफ घोटाले के आरोपी सतपाल सिंह छाबड़ा को ईडी ने गिरफ्तार किया है। दोनों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिए कस्टोडियल रिमांड मांगी है।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में 2 आरोपियों को मिली जमानत

■ **तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर को राहत**

रायपुर/नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) भर्ती घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर को बड़ी राहत दी है। दोनों आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें नियमित जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने की।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से आरोपियों की हिरासत की अवधि, चार्जशीट दाखिल होने और मुकदमे में संभावित देरी समेत कई बिंदुओं पर दलीलें रखी गईं। सुप्रीम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की जंतर-मंतर प्रोटेस्ट की दर्ज सभी एफआईआर

■ **नई एफआईआर भी नहीं होंगी, कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर का मार्च वापस लिया**

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन से जुड़ी सभी एफआईआर को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 में दी गई शक्तियों का इस्तेमाल किया। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के डेटाबेस के मुताबिक, दिल्ली में क्रिमिनल रिकॉर्ड वाले 2,873 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा जारी रहेगा। जांच केवल शारीरिक क्षति या संपत्ति को नष्ट करने के अपराधों तक ही सीमित रहेगी।

सुनवाई से पहले कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर के मार्च को वापस लेने का फैसला किया है। प्रवक्ता सौरव ने बताया कि केंद्र ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएनबी में 17 करोड़ के नकली नोट मिले

■ **खजाने का हाउसकीपर सीसीटीवी में पैसे निकालता दिखा, 3 अधिकारी सस्पेंड, आरबीआई की जांच जारी**

सहारनपुर/ए.। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपए के नकली नोट मिले हैं। बैंक ऑडिट के दौरान यह मामला सामने आया।

इसके बाद मंगलवार सुबह 8 बजे आरबीआई के 6 अफसर दो गाड़ियों से पहुंचे। 4 घंटे से बैंक के अंदर हैं। सूत्रों के मुताबिक बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं। इस मामले में अब तक 3 अफसरों को सस्पेंड किया गया है। पीएनबी मेरठ के चीफ मैनेजर और जांच अधिकारी अरुण कुमार चौबे की शिकायत पर तीन अफसरों समेत 4 लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। यह सहारनपुर के सोफिया मार्केट (सिविल लाइंस) पंजाब नेशनल बैंक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जयपुर भेजी रकम में 4.30 लाख रुपए कम मिले थे

सहारनपुर की घंटाघर स्थित पीएनबी ब्रांच से जयपुर भेजी गई रकम में कमी मिलने के बाद मामले का खुलासा हुआ। कुछ दिन पहले इसी पीएनबी शाखा में पार्टटाइम हाउसकीपर विशाल कुमार को करेंसी चेस्ट (खजाने) में 11.50 करोड़ रुपए की नोटों की गड्डियां व्यवस्थित करने का काम दिया गया था। इनमें गले, कटे और दूसरे तरह के नोट शामिल थे। बैंक को यह रकम आरबीआई के जयपुर करेंसी चेस्ट भेजनी थी। तय प्रक्रिया के तहत रकम 5 अगस्त को जयपुर भेजी गई। वहां नोटों की गिनती हुई तो 4 लाख 30 हजार 900 रुपए कम मिले।

नेपाल के सात जिलों में फिर बाढ़ का अलर्ट, नदियों का जलस्तर बढ़ा

■ **मौत का आंकड़ा 1 हजार के पार हुआ, सबसे ज्यादा चितवन में 321 शव बरामद**

काठमांडू/ए.। नेपाल में नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद 7 जिलों में बाढ़ का नया अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं, नवलपरासी और चितवन जिलों में नदियों के किनारे बसे इलाकों के लिए चेतावनी जारी की है।

26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल के कई इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ। इस आपदा में मौत का आंकड़ा 1 हजार के पार हो चुका है। नेपाल में 1003 और तिब्बत में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम साय की पहल : सेक्टर-18 में 40 एकड़ में आकार लेगा राष्ट्रीय स्तर का शिक्षण संस्थान

नवा रायपुर में खुलेगा प्रतिष्ठित नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को उच्च शिक्षा, कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज अब नवा रायपुर अटल नगर में अपना कैंपस स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में मंगलवार को संस्थान की स्थापना के लिए लीज अनुबंध की प्रक्रिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

40 एकड़ में विकसित होगा अत्याधुनिक कैंपस

नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-18 में लगभग 40 एकड़ भूमि पर NMIMS का आधुनिक कैंपस विकसित किया जाएगा। संस्थान का संचालन करने वाले श्री विले पार्ले केलवणी मंडल (SVKM) को यह भूमि 90 वर्षों की लीज पर प्रदान की गई है। राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा 21 जनवरी 2026 को संस्थान के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई थी। इसके बाद आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से आगे बढ़ाते हुए आज लीज अनुबंध और भूमि रजिस्ट्री की महत्वपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर ली गई। संस्थान की स्थापना की संपूर्ण प्रक्रिया आगामी सात वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि प्रदेश के विद्यार्थियों को इसका लाभ इससे पहले ही मिलने लगेगा।

युवाओं के लिए खुलेंगे गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा द्वार

एनएमआईएमएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की स्थापना से छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का विस्तार होगा। प्रदेश के युवाओं को प्रबंधन, कौशल विकास तथा आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा अपने ही राज्य में प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध होंगे।इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए देश के बड़े महानगरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से भी विद्यार्थी अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ आएंगे। इससे नवा रायपुर में विविधतापूर्ण और समृद्ध शैक्षणिक वातावरण विकसित होगा।

जस्टिस मोहपात्रा होंगे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नए चीफ जस्टिस

■ **रमेश सिन्हा रिटायर हो रहे, संजय अग्रवाल बनेंगे राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की जगह अब ओडिशा हाईकोर्ट के जस्टिस कृष्णा राम मोहपात्रा नए चीफ जस्टिस होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के. अग्रवाल को राजस्थान हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने दोनों की नियुक्ति की अनुशंसा की है। बता दें कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जानिए कौन हैं जस्टिस कृष्ण राम मोहपात्रा

जस्टिस कृष्ण राम मोहपात्रा का जन्म 18 अप्रैल 1965 को हुआ था। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी न्यायिक रही है। उनके पिता सरत चंद्र मोहपात्रा जज रह चुके हैं।

जस्टिस मोहपात्रा ने बीए और एलएलबी की शिक्षा हासिल की है। उन्होंने 7 फरवरी 1988 को ओडिशा स्टेट बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण कराया था। वकालत के दौरान उन्होंने कानून की कई शाखाओं में काम किया।

सर्व आदिवासी समाज और महिला आयोग ने यूसीसी पर दिए सुझाव

■ छत्तीसगढ़ में यूसीसी पर व्यापक मंथन, बस्तर से सरगुजा तक की उठी आवाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी)का सर्वसमावेशी प्रारूप तैयार करने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में मंगलवार को यूसीसी समिति के समक्ष बस्तर से लेकर सरगुजा तक के प्रतिनिधियों की आवाज गूंजी। इस परिचर्चा में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग और अध्यक्ष राज्य फिल्म विकास निगम ने विवाह, तलाक, भरण-पोषण और उत्तराधिकार जैसे संवेदनशील विषयों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। समिति के सदस्यों सेवानिवृत्त आईएएस एम. के. राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार, सेवानिवृत्त श्रीमती ज्योति रानी सिंह और सदस्य सचिव श्याम धावड़े ने सभी सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक ताने-बाने का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

इस दौरान कंवर, गोंड, बैगा और उरांव जैसी प्रमुख जनजातियों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखते हुए आदिवासियों की सदियों पुरानी रूढ़िगत प्रथाओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विशिष्टता को नए कानून में पूर्ण संरक्षण देने की बात कही। इसके साथ ही विवाह पंजीयन, संपत्ति के अधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे व्यावहारिक मुद्दों पर भी समिति के साथ गंभीर विचार-विमर्श हुआ।महिला अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा करते हुए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने जनजातीय परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ सकारात्मक सामाजिक बदलावों का समर्थन किया।

अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि अविवादित खाता विभाजन, अभिवादित/ अविवादित नामांतरण के दर्ज मामलों का शीघ्र निराकरण करें। साथ ही किसान पंजीयन और पीजी पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट पुनर्जीवन के तहत हर विभाग को यह जिम्मेदारी दी जाएगी कि विभाग अपनी एक टीम बनाएं और अपने आस-पास स्थित पौधों के चारों ओर लगे कांक्रीट या जालीदार घेराव (ट्री गार्ड) को हटाएं, जिससे पौधों को नया जीवन मिल सके। बैठक में उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर आईडी (फार्मर रजिस्ट्री) सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की।

न्यूज गैलरी

मिनरल नीलामी रोड शो संसाधनों की लूट की गति बढ़ाने की कवायद: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में आयोजित क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी के रोड शो को चंद पूंजीपतियों के दबाव में छत्तीसगढ़ के संसाधनों की लूट की गति बढ़ाने और बांकी बचे

खनिजों को लुटाने की कवायद करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र व राज्य सरकारें क्रिटिकल खनिजों जैसे लिथियम, नीकल, क्रोमियम, ग्रेफाइट आदि की खुली नीलामी के नाम पर बड़े निजी और कॉरपोरेट मित्रों को फायदा पहुँचाने का षडयंत्र कर रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बिना चर्चा के संसद में हाल ही में पारित एमएमडीआर संशोधन अधिनियम के जरिए राज्यों के खनिज अधिकारों पर अतिरिक्त कर, सेस या लेवी लगाने के अधिकार सीमित किए गए हैं, नीलामी का रोड शो उन्हीं कॉर्पोरेट परस्त नीतियों का हिस्सा है, इससे छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध राज्य के राजस्व को भारी नुकसान होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार का कमर्शियल माइनिंग का फैसला ही देश और देश के सरकारी नवरत्न खनन कंपनियों के आर्थिक हितों के खिलाफ है। सरकारी नवरत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के द्वारा जारी 'कोल विजन 2030' रिपोर्ट और कॉमर्शियल माइनिंग के सरकारी आकड़े इस सरकार के क्रोनी कैपिटलिज्म का सबसे बड़ा उदाहरण है। केंद्र की मोदी सरकार ने तमनार (रायगढ़) की जमीन, जंगलों और जल-जंगल-जमीन पर निर्भर आदिवासियों के अधिकारों को कुचलकर कॉर्पोरेट मुनाफे को प्राथमिकता दी है। वर्ष 2015 में जब पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई थी, तब गारे पेल्मा खदानों के लिए 1,585 रू. से 2,619 रू. प्रति टन तक की बोलियां प्राप्त हुई थीं। लेकिन साल 2020 में, जब पूरा देश कोविड-19 महामारी के संकट से जूझ रहा था, तब सरकार ने आपदा को अपने कॉर्पोरेट 'मित्रों' के लिए 'अवसर' में बदलते हुए नीतियों में अचानक बदलाव किया।

झीरम नरसंहार पर बघेल ने केवल राजनीति की: भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की झीरम घाटी नरसंहार के प्रति कभी कोई वास्तविक संवेदना नहीं रही

बघेल और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि बघेल पूरे 5 साल केवल जेब से पर्ची निकालकर सबूत जेब में होने का नाटक करते रहे, लेकिन कभी उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया। भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए और फिर सत्ता में आने के बाद बघेल लगातार कहते रहे कि झीरम घाटी हमले के सबूत उनकी जेब में हैं। लेकिन पाँच साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बावजूद उन्होंने कभी वह सबूत अदालत के सामने पेश नहीं किया। श्री पाण्डेय ने आरोप लगाया कि भूपेश-सरकार के पास 3200 करोड़ रुपये का शराब घोटाला करने, 540 करोड़ रुपये की कोयले में अवैध कमाई करने, ऑनलाइन सट्टा (महादेव बेटिंग ऐप) चलवाने और 508 करोड़ रुपये की प्रोटेक्शन मनी लेने का पूरा समय था, लेकिन झीरम घाटी के शहीदों को न्याय दिलाने और सबूत कोर्ट में रखने का समय नहीं मिला! श्री पाण्डेय ने कांग्रेस नेता अटल श्रीवास्तव के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता दुर्दांत नक्सली हिड़मा को अपना 'रोल मॉडल' बता रहे हैं! इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस का चरित्र और उनकी मानसिकता किस दिशा में है और वे किसे अपना आदर्श मानते हैं? श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र और घोटालों की राजनीति को भली-भाँति समझ चुकी है और झीरम घाटी पर केवल राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

सभी निविदाएं निरस्त: छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने की लगातार पहल, 3 बार टेंडर के बाद भी नहीं आए प्रस्ताव

माता कौशल्या धाम के कॉटेज का संचालन लीज पर करने का प्रस्ताव

■ न्यूनतम प्रस्ताव नहीं मिलने से हुई निरस्त

रायपुर/नवप्रदेश। माता कौशल्या धाम, चंदखुरी में पर्यटकों की सुविधा के लिए तैयार किए गए कॉटेज के लंबे समय से बंद होने के संदर्भ में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की ओर से स्थिति स्पष्ट की गई है। पर्यटन मंडल के अनुसार, कॉटेज के संचालन के लिए विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए गए हैं। इसके संचालन और मेंटनेंस के लिए तीन बार निविदा प्रक्रिया आयोजित की गई, लेकिन प्रत्येक बार न्यूनतम आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के कारण निविदा प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी।

माता कौशल्या धाम को प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में विकसित किया जा रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉटेज तैयार किए गए हैं। इनके संचालन एवं प्रबंधन के लिए पर्यटन मंडल द्वारा समय-समय पर निविदा प्रक्रिया अपनाई गई।

'पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने पर लगातार जोर'

माता कौशल्या धाम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल भी है। यहां देश-प्रदेश से श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आगमन होता है। ऐसे में पर्यटकों के ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाओं को मजबूत करना पर्यटन मंडल की प्राथमिकताओं में शामिल है।

पहली बार निविदा प्रक्रिया के बाद आवश्यक न्यूनतम प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए। इसके बाद पुनः निविदा आमंत्रित की गई, लेकिन दूसरी बार भी निर्धारित न्यूनतम आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हो सके। तीसरी बार भी यही स्थिति बनी। परिणामस्वरूप नियमानुसार तीनों निविदा प्रक्रियाओं को निरस्त करना पड़ा। पर्यटन मंडल द्वारा कॉटेज को पर्यटकों के उपयोग में लाने के लिए लगातार प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है।

'अब लीज पर संचालन का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा'

पर्यटन मंडल के अनुसार, वर्तमान में उक्त कॉटेज के लीज पर संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रक्रिया प्रस्तावित की जा रही है। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद कॉटेज का संचालन शुरू करने का लक्ष्य है, जिससे माता कौशल्या धाम आने वाले पर्यटकों को ठहरने एवं खान - पान सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। माता कौशल्या धाम में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा विभाग की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा कॉटेज को शीघ्र पर्यटकों के लिए उपयोगी बनाने की दिशा में वैकल्पिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

इसी क्रम में तैयार किए गए कॉटेज का संचालन शुरू करने के लिए अब लीज मॉडल के माध्यम से प्रक्रिया आगे बढ़ाने की तैयारी है। इससे पूर्व अपनाई गई तीन निविदा प्रक्रियाओं में न्यूनतम आवश्यक प्रस्ताव नहीं मिलने के कारण उत्पन्न स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। लीज पर संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रक्रिया प्रस्तावित की जा रही है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कॉटेज का संचालन शुरू होने से माता कौशल्या धाम आने वाले पर्यटकों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

नियम विरुद्ध प्रवेश काउंसलिंग में बैठने की अनुमति देना अपराध: ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने कहा की बिना शुल्क निर्धारण किये शासन द्वारा निजी विश्वविद्यालयों को एक सितंबर से

प्रवेश काउंसलिंग में शामिल करना हजारों छात्रों व पालकों के हितों के साथ अन्याय है ये उन्हे गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचायेगा।

ठाकुर ने बताया की [illegible] की आधिकारिक वेबसाइट पर अनेक निजी विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जिनके फार्मेसी सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस अब तक निर्धारित नहीं दिखाई गई है। इसके बावजूद इन विश्वविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कर दिया गया है। यह खुला व संगठित भ्रष्टाचार है। ठाकुर ने कहा की प्रवेश काउंसलिंग की अनुमति देते वक्त राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए था की जिन विश्वविद्यालयों की फीस निर्धारित नहीं हुई है, वे छात्रों से किस आधार पर शुल्क लेंगे? यदि बाद में फीस निर्धारित होती है, तो छात्रों के हितों की रक्षा कैसे की जाएगी?

रायपुर पुलिस कमिश्नरेट में कोई सुरक्षित नहीं : कांग्रेस

■ 6 दिन में गैंगवार के कारण 2 हत्याएं, राजधानी में दहशत

■ तीन साल पहले तक शांत और सुरक्षित राजधानी में 25 दिन में 16 मर्डर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में रोज हो रही हत्याएं चिंताजनक हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रायपुर कमिश्नरेट सहित प्रदेश में कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। किसकी कब कहां हत्या हो जाये कहा नहीं जा सकता है। बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के कारण रायपुर शहर तो आदमियों की कत्लगाह बन चुका है। रायपुर में आदमी गाजर मूली की तरह काटे जा रहे है। न सरकार को कोई चिंता है और न ही पुलिस को पुलिस केवल अपराध के आंकड़ों का झुठलाने और गृहमंत्री कोरी बयान बाजी में लगे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि तीन साल पहले शांत और सुरक्षित राजधानी में 25 दिन में 16 मर्डर हो गये। पिछले 4 दिनों में गैंगवार के कारण 2 हत्याएं हो गयी। सरकार और पुलिस मूक दर्शक बनी हुई। कुछ दिन पहले राजधानी में महिला को रास्ते में रोक कर हत्या कर दी गई उसके बाद उसके शव के साथ दुष्कर्म हो गया। पिछले हफ्ते एक महिला के साथ एक दिन में दो बार गैंग रैप हो गया। राजनांदगांव के चिखली में एक व्यक्ति की घर में घुस कर हत्या हो गई। रायपुर में कमिश्नरी सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में हर दिन 6 हत्या, 8 बलात्कार की घटना हो रही है। सक्ती में एक युवती को उसके घर में घुसकर गोली मार दी गयी। इसके पहले कोरिया के सोनहत में चार व्यक्तियों को जिंदा जला दिया गया।

विकसित भारत-जीरामजी व प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की सचिव भीम सिंह ने की समीक्षा

■ सचिव भीम सिंह ने योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेड क्रॉस सभा कक्ष में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने रायपुर संभाग में संचालित विकसित भारत-जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त श्याम धावड़े ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान विकसित भारत-जी राम जी अंतर्गत जुलाई एवं अगस्त माह में सृजित मानव दिवस तथा गत वित्तीय वर्ष की तुलना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 90 मानव दिवस रोजगार, सिक्योर पोर्टल के माध्यम से कार्यों की स्वीकृति, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्य स्वीकृति, बालिका शौचालय, मुक्तिधाम , महात्मा गांधी नरेगा के अपूर्ण कार्यों की पूर्णता, एसएनए-स्पर्श के माध्यम से भुगतान, पौधरोपण, वर्षा उपरांत श्रममूलक कार्यों की स्वीकृति एवं मानव दिवस सृजन की कार्ययोजना, [illegible] के माध्यम से उपस्थिति, लंबित ई-केवायसी, शून्य प्रविष्टि वाले मस्टर रोल तथा युक्तधारा में प्लान किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

सचिव भीम सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में तेजी लाई जाए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप श्रममूलक कार्य स्वीकृत करने, अधिकाधिक मानव दिवस सृजन करने तथा महात्मा गांधी नरेगा के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, विशेष परियोजना एवं पीएम जनमन योजनांतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रथम किस्त के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बुनियादी सुविधाएं और शिक्षकों की भर्ती नहीं कर पा रहे: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा की गुणवत्ता, बिगड़ते परीक्षा परिमाण और नए शिक्षकों की भर्ती को लेकर सरकार के दावे पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकारी दावें तथ्यहीन हैं, वर्तमान में 260 स्कूल (212 प्राथमिक और 48 मीडिल स्कूल) शिक्षक विहीन और 12712 स्कूल (5840 प्राथमिक और 6872 मीडिल स्कूल) एकल शिक्षक के भरोसे छोड़ दिया गया है, सरकार की उपेक्षा और बदइंतजामी के चलते ही प्रदेश में शिक्षा का स्तर गिर रहा है, विज्ञान और गणित में बुनियादी सिद्धांतों को समझने का स्तर माइनस में है जो अत्यंत चिंताजनक है, पेपर लीक हो रहे हैं, स्कूलों को मिलने वाला फंड

रोक रखा है, शिक्षा विभाग की प्राथमिकता केवल भ्रष्टाचार पर ही है, टीवी, जग, फर्नीचर खरीदी, किताब छपाई और जंबूरी घोटाला सर्वविदित है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में कार्यरत लाखों की संख्या में शिक्षक और सहायक शिक्षक पदोन्नति की राह देख रहे हैं, लेकिन यह सरकार नए-नए शर्त थोप कर प्रक्रिया बाधित कर रहे हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों की हालत खस्ता हो चुकी है। प्रत्येक स्कूल में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में एक-एक पद की कटौती करके 54185 पद समाप्त कर दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 1 से 15 तक आयोजित होगा राज्यव्यापी 'साक्षरता पखवाड़ा

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 'उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' का होगा व्यापक संचालन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर वयस्कों को शिक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8 सितम्बर) के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 1 से 15 सितम्बर 2026 तक पूरे प्रदेश में 15 दिवसीय राज्यव्यापी 'साक्षरता पखवाड़ा' आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने इस संबंध में समस्त जिला कलेक्टरों एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्षों को विस्तृत कार्ययोजना भेजकर जिले में व्यापक जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

कृषि में लौह अयस्क अवशेषों के सतत उपयोग पर होगा अनुसंधान

■ एएम/एनएस इंडिया और आईसीएआर-आईएआरआई ने किया समझौता

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। आर्सेलर मित्तल निपॉन स्टील इंडिया और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने मंगलवार को कृषि कार्यों में लौह अयस्क अवशेषों के सतत उपयोग पर उन्नत अनुसंधान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारत में चक्रीय अर्थव्यवस्था और संसाधन संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस समझौता ज्ञापन पर एएम/एनएस इंडिया के अनुसंधान एवं विकास प्रमुख डॉ. विश्वनाथन एन. और आईसीएआर-आईएआरआई के संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ. सी. विश्वनाथन द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान वैज्ञानिक और प्रधान अन्वेषक डॉ. भूपिंदर सिंह एवं दोनों संस्थानों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। यह साझेदारी कृषि में लौह अयस्क अवशेषों की उपयुक्तता का पता लगाना के उद्देश?य से एएम/एनएस इंडिया और आईसीएआर-आईएआरआई के बीच वर्ष 2024 में शुरू किए गए उत्साहजनक प्रारंभिक अध्ययनों पर आधारित है। लौह अयस्क के संवर्धन के दौरान निकलने वाले इन अवशेषों में सिलिका, आयरन ऑक्साइड, एल्युमिना, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे प्राकृतिक रूप से मौजूद खनिज तथा अन्य सूक्ष्म एवं लाभकारी पोषक तत्व पाए गए हैं, जिनका उपयोग उपज बढ़ाने और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए किया जा सकता है।

आईसीएआर-आईएआरआई, नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ के किरंदुल में स्थित एएम/एनएस इंडिया के संवर्धन संयंत्र के समीप किए गए प्रारंभिक प्रयोगशाला और मैदानी अध्ययनों में काफी उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। इस अनुसंधान से धान, गेहूं और सब्जियों जैसी फसलों के लिए जरूरी और लाभकारी खनिज पोषक तत्वों के स्रोत के रूप में लौह अयस्क अवशेषों के उपयोग की संभावनाओं का पता चला है।

समग्र पर्यावरणीय प्रभावों का किया जाएगा मूल्यांकन

वर्तमान समझौता ज्ञापन आईएआरआई, नई दिल्ली और एएम/एनएस इंडिया, किरंदुल में कई मौसमों में किए जाने वाले दीर्घकालिक वैज्ञानिक अध्ययनों पर केंद्रित है। इसके तहत फसल की प्रतिक्रिया, पोषक तत्वों की उपलब्धता, पौधों पर विषाक्तता, रिसाव गुणों और समग्र पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अनुसंधान का उद्देश्य उन ठोस वैज्ञानिक साक्ष्यों का पता लगाना है, जो कृषि में लौह अयस्क अवशेषों के सुरक्षित और लाभकारी उपयोग को सक्षम और सुनिश्चित कर सके। इससे खनन अवशेषों को लंबे समय तक स्टोर करके रखने की आवश्यकता को कम करने में मदद मिलेगी।

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव: उपाध्यक्ष पदों पर तस्वीर साफ, सात निर्विरोध निर्वाचित

■ **भूपेश खेमे से हनी बग्गा, सागर बाघमेरे और देवेंद्र गुट से कपिलकांत नाग, भावेंद्र गंगोत्री का उपाध्यक्ष बनना तय**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही उपाध्यक्ष पदों को लेकर तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। अलग-अलग आरक्षित श्रेणियों में नामांकन की स्थिति के कारण अब तक 7 उम्मीदवार निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हो चुके हैं। इनमें एससी-एसटी कोटे से चार, दिव्यांग कोटे से दो और अल्पसंख्यक कोटे से एक उम्मीदवार शामिल हैं।इन सात उम्मीदवारों में भूपेश बघेल गुट के दो उम्मीदवार हैं तो दो देवेंद्र यादव गुट के भी दो उम्मीदवार उपाध्यक्ष बन गए हैं।

अल्पसंख्यक कोटे से देवेंद्र यादव गुट के गुलजेब अहमद का नामांकन रद्द होने की वजह से भूपेश बघेल गुट के हनी बग्गा का उपाध्यक्ष बनना तय हो गया है। इसके अलावा भूपेश बघेल गुट के सागर बाघमेरे भी विकलांग कोटे से उपाध्यक्ष बन गए हैं। इसी तरह देवेंद्र यादव गुट के दो प्रत्याशी कपिलकांत नाग और भावेंद्र गंगोत्री का स्त्र-स्ट कोटे से उपाध्यक्ष बन गए हैं।इसके अलावा तीन महिलाएं मृदुला भास्कर और सोनिका पोर्ते एसटी-एससी कोटे से उपाध्यक्ष बन गई हैं। वहीं, विकलांग कोटे से शालिनी रामटेके भी उपाध्यक्ष बन गई हैं। इस कोटे की पांच उपाध्यक्ष सीटों में से एक सीट खाली रहने की स्थिति बन गई है।

दरअसल, शैलेंद्र बंजारे और सत्येंद्र चेलक भी स्ट-स्त्र वर्ग से आते हैं, लेकिन दोनों प्रदेश अध्यक्ष पद की मुख्य दौड़ में हैं। संगठनात्मक चुनाव में दोनों को अलग-अलग खेमों के प्रमुख

मृदुला भास्कर, सोनिका पोर्ते, सालिनी रामटेके भी बनेंगी उपाध्यक्ष

चेहरों के तौर पर देखा जा रहा है। इसी वजह से उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतरना चुना है और उपाध्यक्ष पद के आरक्षित कोटे में उनका नाम नहीं है।स्थिति में एससी-एसटी कोटे की पांचवीं उपाध्यक्ष सीट फिलहाल खाली रहने की संभावना है।दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मुकाबला जारी है। अध्यक्ष पद के लिए शुरुआत में 19 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। जांच के दौरान आदित्य भगत और गुलजेब अहमद का नामांकन निर्धारित आयु सीमा पूरी नहीं करने के कारण निरस्त हो गया। इसके बाद अब 17 उम्मीदवार प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं।युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में अलग-अलग सामाजिक श्रेणियों के लिए उपाध्यक्ष पद निर्धारित किए गए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अब तक सात उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

हनी बग्गा अल्पसंख्यक कोटे से निर्विरोध, देवेंद्र खेमे के भी दो चेहरे

निर्विरोध चुने गए अल्पसंख्यक कोटे में हनी परमीत बग्गा और गुलजेब अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। जांच में गुलजेब अहमद का नामांकन आयु सीमा के कारण निरस्त हो गया। इसके बाद हनी बग्गा अल्पसंख्यक कोटे से उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हो गए। निर्विरोध चुने गए चार स्ट-स्त्र उपाध्यक्षों में कपिलकांत नाग और भावेंद्र गंगोत्री को देवेंद्र यादव खेमे से जुड़ा माना जाता है। वहीं मृदुला भास्कर और सोनिका पोर्ते की अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक पहचान है।हनी बग्गा को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी खेमे से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष पद की लड़ाई में दोनों प्रमुख राजनीतिक धाराओं से जुड़े उम्मीदवार मैदान में हैं।

मृदुला और सोनिका के पास दोहरा रास्ता

महिलाओं के लिए ओपन, ओबीसी, एससी-एसटी और विकलांग कैटेगिरी में मिलाकर 5 पद हैं। ओपन और ओबीसी कैटेगिरी के दो पदों के लिए दीक्षा पांडे, प्रीतिका विश्वकर्मा और प्रीति वैष्णव उम्मीदवार हैं। लेकिन, एससी-एसटी कोटे से निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गईं मृदुला भास्कर और सोनिका पोर्ते के लिए चुनाव में एक और संभावना बनी हुई है। अगर दोनों को अध्यक्ष पद के चुनाव में पर्याप्त वोट मिलते हैं और वे ओपन कैटेगरी के निर्धारित मानदंड में आती हैं, तो उन्हें सामान्य यानी ओपन कैटेगरी से भी उपाध्यक्ष पद मिल सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने मंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश

■ **टीबी उन्मूलन अभियान में समय पर पहचान और जांच सुनिश्चित करें**

■ **स्वाइन फ्लू की स्थिति पर सतत निगरानी के निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं आशा कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य टीम के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित किया जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित जांच, हाई-रिस्क गर्भावस्था की सतत निगरानी, संस्थागत प्रसव एवं आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध रेफरल संभव हो सके।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर मंत्री ने निर्देशित किया कि टीबी मरीजों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार सुनिश्चित करते हुए अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, जिससे तय लक्ष्यों की प्राप्ति समय पर हो सके। इसके साथ ही एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू की स्थिति पर सतत निगरानी रखने, जांच व उपचार की समुचित व्यवस्था करने तथा आवश्यक दवाइयों एवं संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी संभावित संक्रमण की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

मलेरिया नियंत्रण के मुद्दे पर मंत्री ने विशेष रूप से बस्तर संभाग तथा अन्य मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में जांच, उपचार, सर्विलांस एवं रोकथाम गतिविधियों को और सुदृढ़ करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रांसजेंडर समुदाय को सुगम एवं समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रस्तावित व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

अपराध : ट्रेन से उज्जैन भाग रहे दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा, 4 लाख 97 हजार नकदी बरामद

एजुकेशन एकेडमी में लाखों की चोरी का खुलासा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के उरला थाना क्षेत्र स्थित वीआर एजुकेशन एकेडमी में ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद दोनों आरोपी ट्रेन से उज्जैन फरार होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने आरपीएफ भिलाई और बैतूल पुलिस की मदद से उन्हें बैतूल में पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 4 लाख 97 हजार 500 रुपये की नगदी बरामद की गई है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा किया है।

मामला थाना उरला क्षेत्र के बीरगांव कैलाश नगर स्थित वीआर एजुकेशन एकेडमी का है। एकेडमी की संचालक प्रगति वर्मा ने पुलिस को बताया कि 31 अगस्त 2026 की मध्यरात्रि करीब 12:06 बजे से 12:48 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति एकेडमी का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद आरोपी ने अलमारी के लॉकर में रखी नगदी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गया। शिकायत पर उरला थाना में धारा 331(4), 305 एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से मिली अहम जानकारी: लाखों रुपये की चोरी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त नॉर्थ जोन दीपमाला कश्यप के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आदित्य पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा और थाना प्रभारी उरला रोहित मालेकर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही एकेडमी से जुड़े लोगों से अलग-अलग पूछताछ की गई और आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया।

ट्रेन से उज्जैन भागने की फिराक में थे आरोपी

जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से आरोपियों के ट्रेन के रास्ते उज्जैन की ओर जाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने आरपीएफ भिलाई और बैतूल पुलिस से समन्वय स्थापित किया। पुलिस की सूचना पर दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश के बैतूल में हिरासत में लिया गया। इसके बाद उन्हें रायपुर लाकर पूछताछ की गई।पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने

व्हीआर एजुकेशन एकेडमी में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4,97,500 रुपये की नगदी बरामद की।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

चित्रांश सेन (18 वर्ष), निवासी धनीराम फील्ड कंपनी, यातायात के पास, खमतराई थाना फिरोज साहू (19 वर्ष), निवासी कैलाश नगर, बीरगांव, शिव मंदिर के पास, उरला थाना। पुलिस के अनुसार, आरोपी चित्रांश सेन के खिलाफ वर्ष 2022 में थाना खमतराई में दो अपराध दर्ज हुए थे। इनमें मारपीट और मोटरसाइकिल चोरी का मामला शामिल है।

ग्रिल काटकर स्टेट बैंक में घुसे चोर, 4 ताले तोड़ लॉकर रूम तक पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में भारतीय स्टेट बैंक की एनआईटी शाखा में अज्ञात चोरों ने बड़ी सेंधमारी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। चोर खिड़की की ग्रिल काटकर बैंक के अंदर दाखिल हुए और स्ट्रांग रूम तक पहुंच गए। हालांकि, वे कैश और लॉकर में रखी रकम चोरी करने में सफल नहीं हो सके। जानकारी के मुताबिक, चोरों ने बैंक मैनेजर के केबिन से सीपीयू की हार्ड डिस्क, रैम और एसएसडी चोरी कर लिए। इसके बाद उन्होंने स्ट्रांग रूम की ओर रुख किया। यहां चोरों ने ग्रिल गेट और दरवाजे के चार ताले

तोड़े और लॉकर रूम तक पहुंचने का प्रयास किया। लॉकर रूम के चार तालों में से एक ताला टूटा हुआ मिला, लेकिन चोर लॉकर तक पहुंचकर रकम चोरी नहीं कर पाए। इस वजह से बैंक में रखा कैश और लॉकर में मौजूद रकम सुरक्षित बच गई।वारदात के दौरान चोरों ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और उनके तार काटकर सिस्टम को क्षतिग्रस्त कर दिया, ताकि घटना के सबूत मिटाए जा सके। बैंक में सेंधमारी की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले की सूचना मिलते ही सरस्वती नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ [illegible] की धारा 305, 324(4) और 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों और उपलब्ध सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

शिक्षिका के घर में लाखों की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कमिश्नरेट रायपुर ने चोरी की एक बड़ी वारदात का चंद घंटों में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खमतराई क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका के सूने क्वार्टर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी की गई थी। आरोपियों ने पहले बाइक से इलाके की रेकी की और फिर वाहन बदलकर एक्टिवा से पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के आभूषण समेत करीब 16.50 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय के कर्मचारी क्वार्टर क्रमांक 3/5 का है। पुलिस के मुताबिक, 31 अगस्त 2026 को प्रार्थिया यशवंती साहू करीब 11:40 बजे स्कूल गई थीं। उनकी बेटी भी करीब 12:05 बजे क्वार्टर में ताला लगाकर बाहर चली गई थी। इसी दौरान आरोपियों ने बाइक से इलाके की रेकी की। दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच दोनों आरोपी दोबारा एक्टिवा से क्वार्टर पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद उन्होंने आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली और एक्टिवा से मौके से फरार हो गए।

बेटी के लौटने पर चोरी का पता चला

करीब 3:25 बजे प्रार्थिया की बेटी वापस क्वार्टर पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी गायब मिले। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित

तुकाराम कांबले ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त उत्तर क्षेत्र दीपमाला कश्यप समेत अन्य अधिकारियों के निर्देशन में खमतराई थाना पुलिस, नॉर्थ जोन और क्राइम टीम को जांच में लगाया गया।

रायपुर-बलौदाबाजार हाईवे पर ट्रक से भिड़ी क्रेटा, युवक की मौत, 3 घायल

■ **पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। खरोरा थाना क्षेत्र के मंगोली चौक के पास ट्रक और क्रेटा कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में क्रेटा सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए हैं।

मृतक की पहचान शिवम साहू के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, क्रेटा कार में ओमप्रकाश साहू, संजय साहू,

शिवम साहू और रामेश्वर केंवट सवार थे। सभी भटगांव से रायपुर की ओर जा रहे थे। मंगलवार सुबह मंगोली चौक के पास उनकी कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि क्रेटा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में कार सवार चारों लोगों को चोटें आईं। शिवम साहू की हालत गंभीर बताई गई थी। बाद में उसकी मौत होने की सूचना मिली। हालांकि, पुलिस ने शव और मौत की स्थिति की चिकित्सकीय पुष्टि की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रायपुर से खरोरा पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए श्रीकृष्णा अस्पताल, खरोरा भेजा। पुलिस ने घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था भी संभाली। फिलहाल मार्ग पर आवागमन सामान्य बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसा किस वजह से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा रही है। फरार चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

एनएच पर जिपं अध्यक्ष की कार हादसे का शिकार, अचानक सामने आई गाय से हुई टक्कर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सड़कों पर गाय की मौजूदगी जानलेवा साबित हो रही है। सिमगा के पास नेशनल हाईवे पर जांजगीर-चांपा जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी की इनोवा हादसे का शिकार हो गई। उनकी कार की हाइवे पर गाय से जा टकराई। राहत की बात रही कि सत्यलता मिरी बाल-बाल बच गईं। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, जांजगीर-चांपा जिला पंचायत की अध्यक्ष सत्यलता मिरी की कार

(सीजी 04 क्यूजी 8506) उस वक्त हो गई हादसे का शिकार, जब वह नेशनल हाइवे से रायपुर आ रहीं थी। सड़क पर अचानक सामने आई गाय से कार जा टकराई। करीब 12 बजे हादसा हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के एयरबैग खुल गए और आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में सत्यलता मिरी और उनके ड्राइवर को हल्की चोटें आई है। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। वहीं कार की टक्कर से गाय सड़क पर बेसुध होकर गिर गई थी। कुछ देर बाद वह उठकर चल पड़ी। बता दें कि हाल में हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे पर गायों की मौजूदगी मामले में संज्ञान लेकर सुनवाई की और प्रशासन को जरूरी कदम उठाने के भी निर्देश दिए थे।

प्रदेश में टेक्सटाईल उद्योग की संभावनाओं पर कार्ययोजना बनाएं : मुख्य सचिव

■ **ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों ने तकनीकी वस्त्र मिशन के संबंध में दिया प्रस्तुतिकरण**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत राज्य शासन के ग्रामोद्योग विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे राज्य में टेक्सटाईल उद्योग की संभावनाओं के लिए व्यापक कार्ययोजना बनायें। उन्होंने कहा कि तकनीकी वस्त्र उद्योग के लिए प्रदेश में शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षण संस्थाओं से आवश्यक सहयोग लेकर कार्य

करें। बैठक में ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत शिक्षा, प्रशिक्षण, कौशल विकास, बाजार विकास, अनुसंधान, नवाचार और विकास के संबंध में विस्तार से प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया। बैठक में एग्रो टेक्सटाईल, मेडिकल टेक्सटाईल, कंन्स्ट्रक्शन टेक्सटाईल, स्मार्ट टेक्सटाईल, स्पोर्टस होम एवं क्लाथ के संबंध में व्यापक चर्चा हुई।बैठक में ग्रामोद्योग विभाग के सचिव राजेश सिंह राणा सहित उद्योग एवं वाणिज्य, तकनीकी शिक्षा, एनआईटी एवं कौशल विकास, उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया।

गौसूल आजम कमेटी के सदर बने मो. अय्यूब, नदीम मेमन महासचिव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गौसुल आजम कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक 31 अगस्त 2026 को काज़ी-ए-शहर कारी इमरान अशरफी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें हाजी मोहम्मद अय्यूब पारेख को कमेटी का नया सदर (अध्यक्ष) चुना गया, जबकि नदीम मेमन को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गी। साथ ही नायब सदर परवेज़ अख्तर,और चीफ ऑर्गनाइज़र जिम्मेदारी मोहम्मद एजाज अज्जू को दिया गया। वही सदर मोहम्मद अय्यूब पारेख का कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। नवनिर्वाचित सदर हाजी मोहम्मद अय्यूब पारेख ने कहा कि कमेटी की ओर से आगामी दिनों में गौसुल आजम कॉन्फ्रेंस एवं जुलूसे गौसिया का आयोजन व्यवस्थित और भव्य रूप से किया जाएगा। इसके साथ ही समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना, बच्चों और युवाओं को तालीम से जोड़ना तथा शैक्षणिक एवं सामाजिक तरक्की के लिए निरंतर कार्य करना कमेटी की प्राथमिकता रहेगी।

आयोजन: संत गोबिंदराम शदाणी कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम

निरंतर सीखते रहें और समाज के लिए योगदान दें: राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। संत गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, रायपुर में वर्ष 2026-27 में नवप्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम मंगलवार को राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं का राज्यपाल ने सम्मान भी किया।

राज्यपाल श्री डेका ने नवप्रवेशित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उनके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह अध्याय उन्हें केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि एक जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिक के रूप में तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में कदम रखते ही छात्राएं उस गौरवशाली परंपरा की उत्तराधिकारी बन गई हैं, जिसने दशकों से बालिकाओं को ज्ञान और शिक्षा का प्रकाश प्रदान किया है।

महिलाओं के बिना समाज अधूरा

श्री डेका ने महिलाओं की तुलना पानी से करते हुए कहा कि जिस प्रकार पानी के बिना जीवन अधूरा है, उसी प्रकार महिलाओं के बिना समाज भी अधूरा है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे अपने पास जो कुछ है, उससे संतुष्ट रहें, लेकिन अपने भविष्य को लेकर निरंतर प्रयास करती रहें। जीवन में आगे बढ़ने के अनेक अवसर और क्षेत्र हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती है तो निराश होने के बजाय अन्य अवसरों का लाभ उठाकर कर आगे बढ़ना चाहिए।

तकनीक पर पूर्ण निर्भरता उचित नहीं

राज्यपाल ने कहा कि जीवन सतत सीखने की प्रक्रिया है और हम जीवनभर विद्यार्थी बने रहते हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप इंटरनेट युग के विद्यार्थी हैं, तकनीक ने ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, लेकिन तकनीक पर पूर्ण निर्भरता उचित नहीं है। इंटरनेट से बहुत कुछ सीखा जा सकता है, लेकिन यह मानव बुद्धि और विवेक का स्थान नहीं ले सकता। जीवन को सरल, सार्थक और बेहतर बनाने के लिए ज्ञान प्राप्त करना तथा उसका विवेकपूर्ण उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें केवल यह नहीं सोचना चाहिए कि समाज ने हमें क्या दिया, बल्कि यह भी विचार करना चाहिए कि हम समाज, अपने पड़ोस और देश की बेहतरी के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। जीवन अनमोल है, इसलिए इसे अनावश्यक चिंताओं में व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हुए कठोर परिश्रम करना चाहिए। निरंतर प्रयासों से भविष्य निश्चित रूप से बेहतर बनेगा।राज्यपाल ने विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षकों का योगदान अमूल्य है, जिसे पैसों में नहीं मापा जा सकता। शिक्षकों को भी अपने आचरण और व्यवहार से विद्यार्थियों के सामने ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे वे उनसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने समाज के लिए छोटे-छोटे सकारात्मक योगदान करें। उनके ये छोटे प्रयास मिलकर समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

सुविचार

जो खो गया उस बारे में सोचा नहीं करते, जो मिल गया उसे खोया नहीं करते, हासिल होती उन्हें ही सफलता जो हालात पर रोया नहीं करते। - अज्ञात

भारत की उल्लेखनीय उपलब्धि

वैश्विक चुनौतियों के बीच जब रुस और यूक्रेन के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है और अमेरिका व ईरान के बीच भी युद्ध की आग सुलग रही है और मिडिल इस्ट में तनाव कायम है जिससे दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है तब भारत ने 7.8 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। पिछले साल भारत की जीडीपी 6.9 प्रतिशत थी जो चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से भी अधिक है।भारत की यह उपलब्धि खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुंह पर करारा तमाचा है जो भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बता रहे थे। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता जो अमेरिका के सुर में सुर मिलाते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को चौपट हो कहते रहे हैं उनके मुँह पर भी भारत की यह उपलब्धि जोरदार थप्पड़ है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना ज्ञान बघारते हुए हाल ही में यह बयान दिया था कि भारत में जल्द ही इतनी बड़ी आर्थिक सुनामी आने है कि ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं है। उनके इस सफेद झूठ का भी पर्दाफाश हो गया। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर तंज कसा है कि कुछ लोगों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाया। निराशा की गर्त में डूबे लोग झूठ की गूंज से देश में निराशा फैलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को करारा जवाब मिल गया है। हाल ही में सपा सांसद डिंपल यादव जिन्हें अर्थव्यवस्था का अ भी पता नहीं है उन्होने भी भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बताया था। कुंठा के शिकार कुछ विपक्षी दलों के नेता अपने विदेशी आकाओं के हाथों की कठपुतली बनकर भारत में निराशा और हताशा का माहौल पैदा करने में लगे थे। उनके प्रोपेगेंडा की पोल खुल गई है। सही बात तो यही है कि यदि नीति सही हो और नियत साफहो तो हर क्षेत्र में वांछित सफलता मिलती ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि के देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि युद्ध के बीच भारत आगे बढ़ा है और ये ग्रोथ सामूहिक शक्ति का प्रतिबिंब है। उन्होंने लोगों से आव्हान किया है कि सब स्वदेशी पर बल दें और मिलकर काम करें। अपने पुरुषार्थ से पीछे न हटें। समवेत प्रयासों से ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार होगा। वास्तव में सभी को देश के प्रति अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी से निभाना होगा। तभी देश वैश्विक उथलपुथल के बीच भी अपने प्रगति की रफ्तार और तेज करने में सफल होगा। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है बशर्ते सब मिलकर काम करें।

वैभव सूर्यवंशी ने फिर रचा नया इतिहास

मात्र पन्द्रह वर्ष की उम्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके वैभव सूर्यवंशी ने प्रतिष्ठित दिलीप ट्राफी के सेमीफाइनल टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम उम्र में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर फिर एक नया इतिहास रचा दिया। उन्होंने अपने बल्ले से सत्तावन साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया। वे मात्र आठ रनो से शतक लगाने से चुक गए वरना दिलीप ट्राफी में सबसे कम उम्र में सबसे तेज शतक लगाने का भी नया कीर्तिमान उनके नाम दर्ज होता। इस्ट जोन की ओर से खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ने 92 रनों की यह ताबड़तोड़ पारी खेलकर यह साबित कर दिया कि वे क्रिकेट के हर फार्मेट के लिए फिट खिलाड़ी हैं। गेंद रेड हो या व्हाइट गेंद का कलर उनके लिए कोई मायने नहीं रखता और न ही गेंदबाज मायने रखता है। गेंद उनके पाले में आएगी तो सीधे सीमा रेखा से पार जाएगी। वैभव सूर्यवंशी के नाम एक और उपलब्धि यह भी जुड़ गई कि इस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन के चोटिल हो जाने से अप्रत्याशित रुप से उन्हें अपनी टीम की कप्तानी करने का भी अवसर मिला और उनके द्वारा लिया गया पहला डीआरएस भी सफल रहा। इसी टूर्नामेंट में उन्होंने स्पिन गेंदबाजी करते हुए एक ओवर में दो विकेट लेकर भी सबको चमत्कृत कर दिया। वाकई वैभव सूर्यवंशी एक बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और भारतीय क्रिकेट टीम का एक ऐसा उभरता हुआ सितारा है जो टीम इंडिया का हिस्सा बनकर पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेरेगा।

भारतीयता का मूल स्वर है स्वीकार्यता

न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का भाषण सुनकर अमेरिका की एक प्रचलित कहावत स्मरण हो आई "E Pluribus Unum", "ई प्लूरिबस यूनम" अर्थात् 'अनेक से एक'। भागवत जी ने अनेक ऐसे बिंदु चिह्नित किए जहाँ, "वसुधैव कुटुम्बकम्" और अमेरिकी "E Pluribus Unum" परस्पर पूरक और पर्याय सिद्ध होते हैं। सबसे बड़ी बात, उनका संदेश केवल अमेरिका में बसे भारतीयों के लिए नहीं था; उसमें भारत, भारतीयता, विविधता, सह-अस्तित्व और विश्व-मानवता के प्रति एक व्यापक दृष्टि का विकास क्रम था।

डॉ. प्रवीण दाताराम

भागवत जी ने अपने प्रबोधन में विविधता को भारत की शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि भारत की एकता विविधताओं से सजती है और विविधता में केवल परस्पर एडजस्ट करना पर्याप्त नहीं है, विविधता को स्वीकार कर उसे सम्मान और संरक्षण भी देना होगा। यही भारतीय दर्शन है। धार्मिक, नस्लीय और सांस्कृतिक ध्रुवीकरण के चक्र फँसे वर्तमान विश्व हेतु यही आवश्यक है। मोहनराव जी के न्यूयॉर्क उद्बोधन से निकला सबसे महत्वपूर्ण संदेश हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर स्पष्ट वक्तव्य था। उन्होंने दो टूक उस सोच को नकारा कि भारत में मुसलमानों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम समाज को साझा पूर्वजों से जोड़ते हुए "same DNA" की बात भी दोहराई। भारतीय-अमेरिकी समुदाय आज अमेरिका के सर्वाधिक सफल और प्रभावी प्रवासी समुदाय में से एक है। उसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और अनेक भाषाई-सांस्कृतिक समूह शामिल हैं। यदि भारतीय मूल के लोग अपनी भारतीय पहचान को किसी एक धार्मिक पहचान तक सीमित न करके एक साझा सभ्यतागत पहचान के रूप में देखते हैं, तो अमेरिकी समाज में भारतीय समुदाय की एकता और प्रभाव दोनों बढ़ सकते हैं।

भागवत का संदेश अमेरिका में भारतीय मूल की नई पीढ़ी के लिए विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है। पहली पीढ़ी के प्रवासी प्रायः भारत से भावनात्मक रूप से जुड़े रहते हैं, जबकि दूसरी और तीसरी पीढ़ी अमेरिकी सामाजिक परिवेश में पली-बढ़ी है। उनके सामने प्रश्न रहता है कि वे अपनी भारतीय सांस्कृतिक पहचान को अमेरिकी नागरिकता के साथ किस प्रकार संतुलित करें। भागवत का दृष्टिकोण इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर देता है, अमेरिका के प्रति पूर्ण निष्ठा और भारत की सभ्यतागत विरासत के प्रति सम्मान एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। 'अपनी कर्मभूमि के प्रति निष्ठावान रहो' विदेशी भूमि पर जाकर अपनों से यह कहने का सामर्थ्य, साहस और सहजता एक स्वयंसेवक या 'संघ विचार' के पास ही हो सकती है। यह विचार भारतीय-अमेरिकी समुदाय को "Hyphenated Identity" की समस्या से मुक्ति देकर एक आत्मविश्वासी नागरिक की पहचान देता है। मोहन भागवत जी के कहे पर चलें तो अमेरिकी भारतीय युवा श्रेष्ठ अमेरिकी होते हुए भी अपनी भारतीय जड़ों पर गर्व कर सकते हैं। भागवतजी ने भारतीयता को केवल धार्मिक आग्रह के रूप में नहीं बल्कि साझा सांस्कृतिक और मानवीय विरासत के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

विश्व में अमेरिका अब एक सर्वाधिक विविधता भरा समाज बन गया है। अमेरीका को सौजन्यशाली विविधता देने में भारत का सबसे बड़ा योगदान है। अमेरिका में बसे अनेक प्रकार के भारतीय

समुदाय आज अमेरिकी समाज को एक इंद्रधनुष का रूप देते हैं। यह हमारे लिए गौरान्वित करने वाला विषय है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिका की अर्थव्यवस्था, तकनीक, चिकित्सा, शिक्षा, उद्यमिता और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यदि इस समुदाय में सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता बढ़ती है तो उसका लाभ अमेरिकी समाज को भी मिलेगा। संघ प्रमुख ने भारतीय संस्कृति के प्रत्येक के रूप में तीन शब्द कहे "Acceptance, Respect and Protection"। उनके भाषण से यह पुनः सिद्ध हुआ कि 'सहिष्णुता' Tolerance भारतीय शब्द है ही नहीं। भारतीयता का मूल स्वर है स्वीकार्यता। 'सहिष्णुता' 'Tolerance' से तो अहम् व्यक्त होता है। 'सहिष्णुता' शब्द से स्वर आता है कि "तुम मुझे पसंद नहीं किंतु फिर भी तुम यहाँ रह लो"। Acceptance और Respect का अर्थ है, सभी समुदाय को स्वीकारता हूँ और उनका सम्मान करता हूँ। सरसंघचालक के न्यूयार्क प्रवास के विषय में जोहरान ममदानी तो मध्ययुगीन मुस्लिम सिद्ध हो गए हैं। जोहरान ममदानी ने अप्रासंगिक बातें करके न्यूयार्क के मेयर पद की गरिमा को ही ध्वस्त कर दिया। ममदानी को पता ही नहीं कि भारत का दृष्टिकोण "Pluralistic" और "Secular republic" से बहुत आगे बढ़कर "वयं राष्ट्रे जागृयाम" का है। जिस प्रकार के शब्द ममदानी ने कहे हैं, उससे तो लगता है वे अपनी दिमागी हालत की चिंता करें, भारत की नहीं। यदि ममदानी के मूल्य लोकतांत्रिक नहीं हैं। वे इस कार्यक्रम के निजी स्थान, सार्वजनिक स्थान, कार्यक्रम रोकने जैसे शब्दों को प्रयोग करके 'फासिस्ट' और 'मध्ययुगीन मुस्लिम' सिद्ध हो गए हैं। जोहरान ममदानी ने अमेरिका के नागरिक और न्यूयार्क के मेयर की गरिमा के विरुद्ध जाकर यह व्यक्त किया कि यदि उनके पास अधिकार होते तो वे संघ प्रमुख को न्यूयार्क में भाषण ही नहीं देने देते। इससे अधिक शर्मनाक और वैचारिक निर्धनता भला और क्या हो सकती है। सारंघचालक जी के भाषण के पूर्व ही "E&clusionary" जैसे शब्दों का प्रयोग करने वाले ममदानी इस भाषण के बाद अब वैचारिक रूप से कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रह गए हैं।

न्यूयॉर्क के मेयर से नहीं किंतु ममदानी के घर जाकर आज उनसे प्रश्न किया जाना चाहिए कि वे अमेरिकी लोकतांत्रिक विचारों से इतने भिन्न क्यों हैं? और यदि वे न्यूयार्क नगर की सभ्यता, संस्कृति और सहजता को आत्मसात नहीं कर पा रहें हैं तो वे मेयर पद पर टिके ही क्यों हैं? जोहरान ममदानी ने तो न्यूयार्क में "Free Speech" के अधिकार पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है। भागवत जी के न्यूयॉर्क भाषण ने हिंदुत्व, हिंदू संस्कृति, भारतीय सभ्यता, भारतीय सर्वसमावेशिकता, सर्व स्पर्शिता को बड़ी सहजता से स्थापित किया है। यद्यपि यह पहले भी स्थापित ही थी किंतु अब इसे एक नया आयाम मिल गया है। भारत के संदर्भ में अमेरिका में एक नए विमर्श का आरम्भ है, भागवत जी का यह वैचारिक प्रबोधन। "एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति", "वसुधैव कुटुम्बकम्" और विविधता में एकता की परंपरा को मैडिसन स्क्वेयर से पुनर्परिभाषित करने हेतु मोहन राव जी का अभिनंदन कर रहा है 'अमेरिकी भारतीय' समुदाय।

जंक फूड की चमक के पीछे छिपता पोषण का संकट

योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से 7 सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2026 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'पोषण की शक्ति को जानें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है। पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में



राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है। पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ये पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। ये आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत सरकार अधिनियम 1858: 2 अगस्त 1858 को ब्रिटिश संसद ने अधिनियम पारित कर भारत का प्रशासन ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथों से सीधे ब्रिटिश क्राउन के अधीन ले लिया था। अमेरिकी स्वतंत्रता घोषणा पत्र: 1776 में इसी दिन अमेरिकी महाद्वीपीय कांग्रेस के अधिकांश सदस्यों ने आधिकारिक रूप से स्वतंत्रता घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। एडॉल्फ हिटलर बना तानाशाह: 2 अगस्त 1934 को जर्मनी के राष्ट्रपति पॉल वॉन हिंडनबर्ग के निधन के बाद एडॉल्फहिटलर ने चांसलर और राष्ट्रपति के पदों को मिलाकर खुद को जर्मनी का सर्वोच्च सर्वेसर्वा घोषित कर दिया था। इराक का कुवैत पर आक्रमण: 1990 में आज ही के दिन इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन की सेना ने कुवैत पर हमला कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप 'खाड़ी युद्ध' की शुरुआत हुई थी। लंदन भूमिगत रेलवे : 1870 में दुनिया के सबसे शुरुआती भूमिगत कंदरा मार्गों में से एक 'टावर सबवे' को लंदन में टेम्स नदी के नीचे खोला गया था। पिंगली वेंकैया का जन्म: भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' के डिज़ाइनर पिंगली वेंकैया का जन्म 2 अगस्त 1878 को हुआ था। पंडित रविशंकर शुक्ल का जन्म: मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी पंडित रविशंकर शुक्ल का जन्म भी 2 अगस्त 1877 को हुआ था। प्रफुल्ल चंद्र राय का जन्म: प्रख्यात भारतीय वैज्ञानिक और 'रसायन विज्ञान के जनक' माने जाने वाले प्रफुल्ल चंद्र राय का जन्म 1861 में आज ही के दिन हुआ था। 2000 : वर्ष 2000 में अगस्त के शुरुआती दिनों में भारत के नए राज्य के रूप में झारखंड के गठन और उससे जुड़े विधायी कार्यों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज थीं। 2002 (भारत-पाकिस्तान संबंध): 2002 में आज के दिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव के दौर में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण कूटनीतिक चर्चाएं हुईं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रतिस्पर्धा किसी से किया नहीं स्वयं से लड़ती और स्वयं को जीतती रही .... जीवन के रणक्षेत्र में स्वयं से ही विजयी रही ... पराजित जो हुई कभी स्वयं से अस्तित्व ढूंढती रही ... मन का फेर हुआ , मन ही बना सिरा जीवन के कालचक्र में समय से मिलती रही ..मन जो दुःखा कारण स्वयं ही बनी मन से खुश हुई तो जीवन की नीति मिली ... सच है ,समय है मन का योग है बना संघर्ष की राह में शब्द, साथ और समय से स्वयं में विजयी रही ..कि थक कर बैठ जाती तो स्वयं से कहाँ मिल पाती ..!! - **नंदिता तनुजा**

कुछ बातें सुनने की हैं, कुछ कहने की, कुछ बातें होती हैं मन मे रहने की.. बांध रखो तो अम्बर मे उड़ जाता है , पानी की आदत होती है बहने की..तपना, गढ़ना, मन को सुन्दर कर लेना, सोने से ज्यादा कीमत है गहने की.. समय झुकाए तो सूरज झुक जाता है, सबकी अपनी सीमाएं हैं सहने की.. - **निश्चय बाजपेई**

अनकहा मुखरित नहीं तो,गीत क्या, कविता कहाँ? फिर नया सूरज उगेगा, बच न पाएगी निशा। फिर खिलेंगे फूल नूतन, गंध होगी हर दिशा।चहचहाएगी चिरैया, डालियाँ झूमेंगी फिर। हो कुहासे राह रोकें, है प्रतीक्षित सूर्य थिर। भेद कर निकला न बाहर, धुंध अगर-सविता कहाँ? अनकहा मुखरित नहीं तो, गीत क्या, कविता कहाँ?

- पंकज कुमार बसंत

बाबू जी आप बहुत याद आते हो गलत राह जाने से रोकने वाला अब नहीं रहा, बात बात पर टोकने वाला ही अब नहीं रहा,, अब तो यूं ही गिरते रह जाते हैं मेरे आँसू,, पास आकर इन्हें पोछने वाला अब नहीं रहा,, मुझे ही रखना है ख्याल यहा हर किसी का, मेरे बारे में कोई सोचने वाला अब नही रहा,, अब जब जी चाहे तब घर आया करता हूं, परेशां होकर कोई ढूढ़ने वाला अब नहीं रहा।

- ललित उपाध्याय

उँगली पकड़ चलना है तुम्हारी... सुना है अक्सर ही,,, तुम चाँद तक जाते हो .... या फिर कभी उसे अपनी छत पर बुलाते हो.... सुनो,,, इस पूनम.. मुझे भी ले चलना अपने संग एक से सपने बुनेंगे दोनों.. चाँदनी की चादर तले बस तुम एक पल को मुझे सोने न देना....

- प्रियंवदा अवस्थी

रहती जब जब मौन है, हिय की करुण पुकार। कवि के मन की वेदना, देती कलम उतार। देती कलम उतार, पृष्ठ के आँचल आकर । लिख देती उद्गार, शब्द को पीर बनाकर। करती खुद से द्वंद्व, सदा एकाकी बहती। घटे शब्द परिमाण,मूक होकर है रहती।।

- रजनी रामदेव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को आज उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान मिला उन्होंने भारत की जनता को समर्पित किया पहले तो खुद को भारत रत्न देते थे हमारे नेता फर्क देखियेगा और विरोधी उसमे भी रोयेगे अभी इसलिए बोलता हु भारत मोदीजी के आने के बाद अपने वास्तविक सम्मान और आदर का हकदार बन रहा है।

- आशुतोष श्रीवास्तव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपकी मानसिकता कम समय एवं परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी पर आज आपके कार्यो में सफाई कम रहेगी विफलता मिलने पर क्रोध भी आएगा।

वृष: आज मध्यान तक सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा मध्यान बाद ही इसमे स्थिरता आएगी फिर भी ज्यादा परिश्रम वाले कार्यो से बचें। बनी बनाई योजनाए अधर में लटकी रहेंगी।

मिथुन: आज का दिन लाभदायक है लेकिन मानसिक रूप से गंभीर होने भी आवश्यक है निर्णय लेने में आज भी दुविधा होगी दिमाग पर ज्यादा दबाव न डालें निसंकोच होकर फैसले ले विजय आज आपकी ही होगी।

कर्क: आज का दिन आपके उच्च प्रतिष्ठित लोगो से संबंध बनेंगे सरकारी कार्यो के लिए दिन उत्तम है सरकार की तरफसे शुभ समाचार मिलने से व्यवसाय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यो की उलझन दूर होगी।

सिंह: आज का दिन आध्यात्मिक उन्नति वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही घर मे धार्मिक कार्य को लेकर चहल-पहल रहेगी इसके लिए दैनिक कार्यो में बदलाव भी करना पड़ेगा।

कन्या: आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहेगा। दिन के आरंभ से ही कुछ गड़बड़ होने की आशंका रहेगी कार्य क्षेत्र अथवा परिवार में कोई छोटी-बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है।

तुला: आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे लेकिन जिस भी कार्य को हाथ मे लेंगे उसमे हानि लाभ की परवाह नही करेंगे।

वृश्चिक: आज के दिन लाभ-हानि बराबर रहेगी। दिन के आरंभ से ही लाभदायक प्रसंग बनेंगे।

धनु: आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्यो की योजना पूर्व में ही बना लेंगे फिर भी कुछ काम अकस्मात आने से फेरबदल करना पड़ेगा।

मकर: आज के दिन भी कई अशाति वाले प्रसंग बनेंगे। आज आप अन्य लोगो से मतलब का व्यवहार रखेंगे जिस कारण काम पड़ने पर मदद करने की जगह लोग अपना स्वार्थ साधेंगे। सेहत का भी ध्यान रखें असंयमित दिनचर्या हानि पहुचायेगी।

कुंभ: आज का दिन परिश्रम को छोड़ अन्य सभी विषयों में उत्तम रहेगा। मेहनत आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी लेकिन इसका फल आशानुकूल मिलने से संतोष होगा।

मीन: आपका आज का दिन थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा लेकिन आज की मेहनत संध्या बाद से रंग लाने लगेगी आलस्य भी बने रहने से जल्दी से किसी कार्य के लिये हाँ नही करेंगे।

QUIZ TIME

1) विश्व सूत्र पहल किस क्षेत्र से संबंधित है?
2) राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिये जमानत राशि कितनी है?
3) ऊँटनी के दूध में किस विटामिन की मात्रा सबसे अधिक होती है?
4) कालीकट के किस स्थानीय राजा ने वास्कोडिगामा का स्वागत किया था?
5) भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में कौन कार्यभार संभालेंगे?

उत्तरमाला- (1) वस्त्र और हथकरघा (2) 15000 (3) विटामिन सी (4) जमोरिन (5) बी. नागरत्ना

• RamaQuiz •

पहेली

शब्द सामर्थ्य -147

बाएं से दाएं
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे
1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाव नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक146 का हल

राष्ट्रीय खेल दिवस पर नेहरू महाविद्यालय में खेल एवं योग गतिविधियों का आयोजन

■ विद्यार्थियों के साथ अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा,

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित

डोंगरगढ़/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शासन एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में सोमवार, 31 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में खेल गतिविधियों के साथ योग एवं फिजिकल एक्टिविटी सेशन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद हरिश मोटघरे, देवेन्द्र साखरे एवं सुमित ताम्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा हॉकी के महान खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

इसके पश्चात महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

खेलों में भागीदारी से व्यक्तित्व का होता है विकास

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि इससे अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं संघर्ष करने की क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से महाविद्यालय में आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, महाविद्यालय एवं डोंगरगढ़ शहर का नाम गौरवान्वित करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि पार्षद हरिश मोटघरे, देवेन्द्र साखरे एवं सुमित ताम्रकार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं।

योग एवं फिजिकल एक्टिविटी सेशन का आयोजन

छत्तीसगढ़ शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों में योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों के नियमित संचालन की दिशा में महाविद्यालय के पुराने भवन में शारीरिक शिक्षण विभाग एवं योगा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए योग एवं फिजिकल एक्टिविटी सेशन आयोजित किया गया।

योग शिक्षिका मंजू धनकर द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ध्यान मुद्रा, ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं प्राणायाम सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता करते हुए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।

योगाभ्यास के साथ स्टाफ सदस्यों के लिए कुर्सी दौड़ एवं अन्य मनोरंजक खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें बैडमिंटन, कुर्सी दौड़, कबड्डी, रस्साकशी, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया।विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से अतिथियों द्वारा शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

सक्षिप्त खबरें

महाविद्यालयीन कर्मी आत्माराम जोशी की सेवानिवृति पर दी बिदाई

खैरागढ़ / नवप्रदेश । रानी रश्मि देवी महाविद्यालय के प्रयोगशाला तकनीशियन रहे आत्मा राम जोशी को सोमवार को सेवानिवृत होने पर महाविद्यालय प्रशासन ने विदाई समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण बिदाई दी । कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य ओ. पी. गुप्ता ने आत्मा राम जोशी के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति में अधिकारी एवं कर्मचारियों की समर्पित सेवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने जोशी के कार्य के प्रति निष्ठा, सहयोगात्मक व्यवहार एवं कर्तव्यपरायणता को महाविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायी बताया तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। इस दौरान आत्मा राम जोशी ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी उनके साथ बिताए कार्यकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में जे. के. साखरे ने किया। टी. एल. कोसले यशपाल जंघेल एन. के. देवांगन, सतीश माहला, सृष्टि वर्मा, भबीता मंडावी, मनीषा नायक, मोनिका जत्ती टी. के. वर्मा, विजेंद्र वर्मा सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक रामलाल आचार्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित

खैरागढ़ / नवप्रदेश । ब्लाक के प्राथमिक शाला कट्टाहा नवागांव में प्रधानपाठक पद पर पदस्थ मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण उत्कृष्ट प्रधान पाठक पुरस्कृत रामलाल साहू को रायपुर में आयोजित समारोह में शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा आचार्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी एम जी सतीश कुमार, पूर्व सचिव शिक्षा आयोग एन के अग्रवाल, अध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स सतीश तौरानी एवं संस्थापक शकुंतला फाउंडेशन स्मिता सिंह के हाथों प्रपा रामलाल साहू को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यो, जनसेवा एवं समाज में महात्व पूर्ण योगदान हेतु प्रदान किया गया। कार्यक्रम में खैरागढ़ विकासखण्ड से कुसुमलता धुर्वे सहायक शिक्षक पीएमश्री कुकुरमुड़ा भी सम्मानित की गई ।

कन्या शाला मे संस्कृत सप्ताह का आयोजन

खैरागढ़ / नवप्रदेश । शहर के कन्या शाला मे संस्कृत सप्ताह का आयोजन कर विभिन्न विधाओ मे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आयोजन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आयोजन के प्रथम दिवस संस्कृत भाषा में निबंध लेखन, द्वितीय दिवस वाद-विवाद, तृतीय दिवस चतुर्थ दिवस कहानी वाचन, पंचम दिवस परिचर्चा तथा छठवां दिवस सस्वर संस्कृत श्लोक वाचन मे प्रर्तिभागियों ने हिस्सा लिया । गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्राचीन भाषा संस्कृत के महत्व और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। सातवां दिवस संस्कृत में लिखी गई लेखकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कमलेश्वर सिंह ने की। उन्होंने प्राकृत भाषा संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है अतः संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार हम सबकी जिम्मेदारी है संस्कृत व्याख्याता मनोज पटेल के मार्गदर्शन में सभी प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्राचीन भाषा संस्कृत के महत्व और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

कन्या शाला में शिक्षक, पालक एवं बालक संगोष्ठी का आयोजन हुआ

खैरागढ़ / नवप्रदेश । स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या उच्चतर शाला में प्रथम पालक, बालक संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि भगवत शरण सिंह शाला विकास समिति अध्यक्ष आलोक श्रीवास, सदस्य आयष सिंह ऋषभ सिंह की उपस्थिति में हुआ । संगोष्ठी में उपस्थित पालकों ने छात्र छात्राओं की शैक्षिक व्यवस्था में सुधार हेतु अपने सुझाव दिए। प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि स्कूलों में समुदाय के सहयोग से गतिविधि आधारित क्रियाकलाप को बढ़ावा देते आनन्दप्रद शिक्षा देना, खेल खेल के माध्यम से कौशल विकास करना, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षक छात्र एवं पालक का सम्मान, शाला त्यागी एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडऩा, शिक्षक अभिभावक के बीच संवाद स्थापित, छात्र छात्राओं में स्वच्छता, पोषण एवं पढ़ाई के लिए सकारात्मक माहौल स्थापित करना तथा सामुदायिक सहभागिता से शाला के शैक्षिक वातावरण को समृद्ध करना एवं अधोसंरचना के विकास में समुदाय की भागी सुनिश्चित करना है । शाला विकास समिति अध्यक्ष आलोक श्रीवास जी ने शाला में हुए अमूल चूल परिवर्तन की ओर पालकों का ध्यान आकृषित करते हुए कहा कि शिक्षक, समुदाय और हम सब मिलकर शाला के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाएंगे जिसमें पालकों की सक्रिय भागीदारीआवश्यक है । भगवत शरण सिंह जी ने शाला में सकारात्मक बदलाव की ओर पालकों का ध्यान खींचते हुए कहा कि शाला में आकर्षक एवं व्यवस्थित रंग रोगन कमरो और शौचालयों की टाइल्स, कतारबद्ध रखी हुई साइकिलें, समतली कृत खेल का मैदान, हरियाली लिए हुए क्यारियां, स्वच्छ वातावरण शाला की बदली तस्वीर बया नहीं कर रही है बल्कि शिक्षकों और छात्र छात्राओं में नई ऊर्जा के संचारित होने का द्योतक है । कार्यक्रम में शाला परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

अधिकारियो-कर्मचारियो के पहुँचने से पहले विद्युत मंडल ने पालिका कार्यालय की बिजली काटी

बिजली बिलों के चार करोड़ 14 लाख रू. से अधिक का बकाया पड़ा भारी

खैरागढ़ / नवप्रदेश । शासकीय कार्यालयों मे बिजली बिल की वसूली के लिए लगाए गए स्मार्ट मीटर के बाद विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय की बकाया राशि ज्यादा होने के चलते लाइन काट दी । सुबह कार्यालय खुलते ही बिजली गुल देख पालिका कर्मचारियों मे हडकंप मच गया । और आनन फानन मे इसकी जानकारी अधिकारियो को दी गई । स्थानीय विद्युत मंडल मे भी लाइन जोडने के प्रयास असफल हो गए जब विद्युत मंडल ने रायपुर से आनलाइन बिजली काटे जाने की सुचना पालिका प्रशासन को दी । नगरपालिका कार्यालय की बिजली गुल होते ही एक ओर हडकंप की स्थिति रही तो दूसरी ओर विभागीय कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गए ।

चार करोड़ बकाया, कार्यालय का सवा आठ लाख बाकी

बिजली विभाग शासकीय कार्यालयों मे स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिलो की वसूली के लिए कड़े निर्णय ले रही है । बिजली विभाग के अधिकारियो ने बताया कि नगरपालिका मे कार्यालय के सवा आठ लाख रू का बिजली बिल बकाया है । इसके अलावा पालिका के विभिन्न भवनो, बोर पंप कनेक् शनों,स्ट्रीट लाइटो के बकाया बिल चार करोड़ रू से अधिक पहुँच गए है । शासकीय कार्यालयों मे बकाया बिजली बिलो की वसूली के लिए विभाग बड़े बकायादारो वाले कार्यालयों की सूची विद्युत विभाग के मुख्यालय भेज चुकी है । खैरागढ़ शहर मे ही आधा दर्जन शासकीय कार्यालयों मे आगामी दिनो मे बिजली लाइन काटने की तैयारी है । इसकी शुरूआत नगरपालिका कार्यालय से की गई है ।

भ्रष्टाचार में डूबी ट्रिपल इंजन सरकार

पालिका की बिजली काटे जाने पर कांग्रेस ने इसे ट्रिपल इंजन की सरकार का भ्रष्टाचार बताया है । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि पिछले दो साल से पालिका मे करोड़ो के कार्यो मे सिर्फभ्रष्टाचार हो रहा है । इसमे भाजपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ पालिका के अधिकारी शामिल है । जनता के कार्य नही हो रहे है । काम ठप्प पड़े है । कमीशन और भ्रष्टाचार करने बिल फाड़े जा रहे है । लेकिन बिजली बिल जमा कराए जाने को लेकर संवेदनशीलता नही दिखाई गई । इसका खामियाजा कर्मचारियो और शहर की जनता को भुगतना पड़ेगा ।

शासकीय विभागों की बकाया राशि की जानकारी उच्च कार्यालय भेज दी गई है । पालिका कार्यालय की बिजली रायपूर से ही काटी गई है । अन्य विभागों के कार्यालयो की बिजली भी काटी जाएगी।

धर्मशील खोब्रागढ़े अभियंता, छगविमं खैरागढ़ शहर

लोनिवि, वनविभाग, आबकारी, महिला बाल विकास की कटेगी बिजली

बिजली विभाग के शहर जेई धर्मशील खोब्रागढ़े ने बताया कि पालिका से विभाग को चार करोड़ 14 लाख 12 हजार से अधिक बिल की वसूली करनी है । रायपूर भेजी गई जानकारी मे बड़ी बकाया राशि होने के चलते पालिका कार्यालय की बिजली काटी गई है । इसके अलावा शहर के लोक निर्माण विभाग से 3 लाख 34 हजार रू, आबकारी विभाग से 7 हजार, महिला बालविकास विभाग से दस हजार रू से अधिक की बिल राशि बकाया है । इन कार्यालयों की बिजली भी जल्द कट जाएगी । मंगलवार को बिजली लाइन काटे जाने जानकारी होने के बाद अधिकारियो कर्मचारियों के होश उड़ गए । कई पार्षद , पालिकाध्यक्ष भी कार्यालय पहुँची लेकिन बिजली बंद होने से जल्द वापस लौट गए ।

संगीत् विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ समापन

■ विघार्थियों शोधार्थियों के साथ विदेशी छात्रछात्राओ ने भी दिखाई प्रतिभा

खैरागढ़ / नवप्रदेश । विश्व प्रसिद्ध राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय में फिट इंडिया एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को समर्पित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ। 30 अगस्त तक आयोजित खेल महोत्सव में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में थाईलैंड, बांग्लादेश सहित अन्य देशों से आए विदेशी छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की । महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। लगातार बारिश के बावजूद प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में उत्साह दिखाते जोश के साथ भाग लिया। महोत्सव के प्रथम दिन खेल जागरूकता रैली, सामूहिक शपथ एवं दौड़ , दूसरे दिन बैडमिंटन, स्पून रेस, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल के मुकाबले , तीसरे दिन कबड्डी प्रतियोगिता ने उत्साह बढ़ाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद विजेता वर्ग मे सौमीटर दौड़ मे अनिल नायक प्रथम, अमित दूसरे और रवि पोडियम तीसरे, महिला वर्ग मे भारती प्रथम, सुक्की कर्तामी दूसरे और संगीत तीसरे स्थान पर रही। चम्मच दौड़ मे बिकन रामचारी पहले, आशीष मैहर दूसरे, किशन संदेकर तीसरे, महिला वर्ग मे म्यामांर की छात्रा चाव पहले , बांज्लादेश की छात्रा सनिगधा मित्रो दूसरे,अंजिता तीसरे स्थान पर रही । शोधार्थी वर्ग मे निहारिका पहले ,मधुस्मिता पाल दूसरे, बैडमिंटन वर्ग मे अमित कुमार पहले, अक्षत जैन दूसरे, खुलुम्गिरी माचाहरी तीसरे, महिला वर्ग मे सोनाली ब्रम्हा पहले,लीना दिमरी दूसरे,अंजिता तीसरे, शोधार्थी वर्ग मे मधुस्मिता पाल पहले, निहारिका दूसरे, वॉलीबॉल में साहिल नाग की टीम विजेता, बास्केटबाल मे डेविड किस्पोत्ता की टीम विजेता बनी।

राहुल गांधी पर एफआईआर के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली रैली

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण बताते तथा उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने अंबेडकर चौक पर धरना देने के बाद विरोध मार्च निकालकर अपना आक्रोश दर्ज कराया। विधायक यशोदा वर्मा सहित कांग्रेस नेताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरने पर बैठे और रघुपति राघव राजा राम का गायन करते विरोध जताया। धरने के बाद अंबेडकर चौक से विरोध रैली निकाली । विधायक यशोदा वर्मा

ने कहा कि राहुल गांधी देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक मंच पर विपक्ष की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं। उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण तरीके से एफआईआर दर्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस डरने वाली नहीं है और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सडक़ से सदन तक अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध का जवाब एफआईआर और दबाव की राजनीति से नहीं दिया जाना चाहिए।

कोचिए से 10 पौवा शराब जब्त

एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देश पर बेमेतरा, नवागढ, चंदनू एवं देवरबीजा में 01 कोचिए व 04 लोगों पर आबकारी एक्ट में कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला रूचि वर्मा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, जुआ, सट्टा, अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में 29 अगस्त 2026 को थाना चंदनू पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना पर फूढ पार्क शेड चंदनू के पास में 01 आरोपी को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते पकड़ा गया।

कोचिए अंजोर बंजारे से 10 पौवा एवं बिक्री रकम 300 जप्त-जिसमें थाना चंदनू में 01 प्रकरण में 01 आरोपी अंजोर बंजारे पिता देव बंजारे उम्र 47 वर्ष निवासी चंदनू थाना चंदनू जिला बेमेतरा के कब्जे से 10 पौवा देशी मसाला शराब (1800ml) कुल जुमला कीमती 1000 रूपये एवं बिक्री रकम 300 रूपये, कुल जुमला लगभग 1300 रूपये को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई हैं।

आबकारी एक्ट में कार्यवाही

इसी क्रम में 29 अगस्त 2026 को थाना बेमेतरा, नवागढ एवं चौकी देवरबीजा में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिने की सुविधा उपलब्ध कराने का 03 प्रकरण में 03 आरोपी 01. अमन कुर्रे उम्र 19 वर्ष निवासी संबलपुर चौकी संबलपुर, जिला बेमेतरा, 02. महेश साहू उम्र 34 वर्ष निवासी कठिया थाना व जिला बेमेतरा, 03. भुनेश्वर रावटे उम्र 49 वर्ष निवासी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 36 (च) एवं धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं।

उक्त कार्रवाई में थाना बेमेतरा, नवागढ, चंदनू एवं चौकी देवरबीजा के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

आदिवासी आस्था पर ठेसः राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के बयान पर छत्तीसगढ़ में भड़का आक्रोश

कलकसा (डोंगरगढ़) /नवप्रदेश। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के एक हालिया बयान ने छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सामाजिक ताने-बाने में नया विवाद खड़ा कर दिया है। अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज महासभा (ओंडारबांध) ने शिव महापुराण कथा के दौरान माँ बमलेश्वरी के नामकरण को लेकर की गई टिप्पणी पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। समाज ने इसे अपनी सदियों पुरानी परंपराओं और आस्था पर सीधा प्रहार बताते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक कड़ा ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन देने वाले में अखिल भारतीय ध्रुव गोंड महासभा ओढ़रबांध के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालक रमेश उईके, मदन

खुरशायम, सह संचालक राजेश्वर ध्रुव, मायाराम मंडलोई, महामंत्री लादू राम तुमरेकी, सचिव थनवार मंडावी, चंद्रशेखर मंडलोई अध्यक्ष छुरिया , गुमान नेताम , प्यारे लाल सलामें , नंदलाल कोहकोटा, घोटिया सरपंच संजय उईके , तेजराम छेदईया, जोगी राम कुमरे , विनोद कुमार मंडावी सहित ध्रुव गोंड समाज के लोग अधिक संख्या उपस्थित रहे।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

अल्टीमेटमआदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने शासन और प्रशासन के सामने बेहद गंभीर मांगें रखी हैं:जांच और स्पष्टीकरण: मामले की तत्काल प्रशासनिक जांच हो और पंडित प्रदीप मिश्रा को अपने बयान पर सार्वजनिक खंडन व स्पष्टीकरण देने के लिए विवश किया जाए।संवैधानिक कार्रवाई: आदिवासी संस्कृति और धार्मिक इतिहास के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।आंदोलन का शंखनाद: ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक और उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।यह ज्ञापन अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की आधिकारिक सील और पदाधिकारियों के हस्ताक्षरों के साथ सीधे प्रशासनिक अधिकारियों को सुपुर्द किया गया है। क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर लगातार तनाव और सुगबुगाहट बढ़ती जा रही है।

विवाद की मुख्य वजह: डमरू की ध्वनि बनाम जनजातीय इतिहास

सौंपे गए आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथा में दावा किया था कि:卐भगवान शिव के डमरू से उत्पन्न 'बम' की ध्वनि के कारण माता का नाम 'बमलेश्वरी' पड़ा है।卐आदिवासी समाज ने इस दावे को पूरी तरह काल्पनिक और ऐतिहासिक तथ्यों से परे बताते हुए खारिज कर दिया है। समाज का कहना है कि इस तरह के मनगढ़ंत तर्कों से स्थानीय जनजातीय संस्कृति और इतिहास को मिटाने की कोशिश की जा रही है, जिससे पूरे समाज की धार्मिक भावनाएं अत्यंत आहत हुई हैं।

'दाई बम्लाई' है पुरातन नाम, समाज के पास हैं पुख्ता प्रमाण

गोंड समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि डोंगरगढ़ की अधिष्ठात्री देवी का वास्तविक और पुरातन नाम 'दाई बम्लाई' है। इस ऐतिहासिक सत्य के पक्ष में समाज के पास ठोस दस्तावेजी और पारंपरिक प्रमाण मौजूद हैं। समाज ने साफकिया कि पूर्व में भी मंदिर ट्रस्ट द्वारा मूल नाम बदलकर 'माँ बमलेश्वरी' करने का विरोध होता रहा है, और अब पौराणिक कथाओं की आड़ में इस नए दावे ने आग में घी डालने का काम किया है।

समस्याओं को लेकर जीएनए पीजी कालेज में छात्र आंदोलन

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने छात्रों की सुनी समस्याएं, शीघ्र निराकरण का दिया आश्वासन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय जी.एन.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे छात्र, पंचम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षा परिणाम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को विद्यार्थियों द्वारा छात्र आंदोलन किया गया। आंदोलन में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया।

विद्यार्थियों का कहना है कि वर्तमान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एटीकेटी क्रेडिट सिस्टम , प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा परिणाम, आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थिति दर्शाए जाने, कम अंक एवं मूल्यांकन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं।

छात्र आंदोलन के दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शिवरतन शर्मा महाविद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। विद्यार्थियों ने उनके समक्ष ATKT, Credit Point, Admission Process सहित परीक्षा एवं परिणाम से जुड़ी अपनी परेशानियां रखीं। शिवरतन शर्मा जी ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित माध्यम से संबंधित अधिकारियों के समक्ष विषय रखने एवं जल्द निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दियाआंदोलन के दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा ने भी विद्यार्थियों के हित में सक्रिय पहल करते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री से संवाद कर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया तथा इनके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक चर्चा की।

ATKT प्राप्त विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष समीक्षा की जाए। Credit Point एवं ATKT से संबंधित नियमों को स्पष्ट रूप से विद्यार्थियों को समझाया जाए। पात्र विद्यार्थियों के पंचम सेमेस्टर प्रवेश की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को गलत तरीके से Absent दर्शाए जाने के मामलों की जांच की जाए। आवश्यकता अनुसार उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच/री-टोटलिंग/पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था की जाए, परीक्षा एवं प्रवेश से संबंधित नियमों की जानकारी विद्यार्थियों को समय पर एवं स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए। आंदोलन में प्रमुख रूप से छात्र नेता राजीव मिरझा, हरीश लहरे, पुष्पेंद्र चक्रधारी, सुशांत नवरंगे, संस्कार सोनी, संजू मार्कंडे, देवसिंह ठाकुर एवं सौरभ राजपूत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नहीं अधिग्रहित होगी पिरदा गांव की जमीन, विधायक अनुज शर्मा की पहल पर आवास मंत्री ओपी चौधरी का आश्वासन

धरसीवा/नवप्रदेश। आरडीए की कॉलोनी बनाने के लिए चिन्हांकित पिरदा गांव की जमीन का अधिग्रहण सरकार नहीं करेगी। धरसिवां विधायक अनुज शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वित्त एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की इस मुलाकात में उन्हें स्पष्ट किया गया कि, यदि पिरदा गांव के ग्रामीण नहीं चाहते की उनकी जमीन पर आवासिय प्रोजेक्ट आए तो सरकार की कोई मंशा आ?वासिय प्रोजेक्ट लाने की नहीं है।

रायपुर विकास प्राधिकरण ने पूर्व नियोजित प्लान के मुताबिक पिरदा गांव का चयन कौशल्या विहार कॉलानी बनाने के लिए किया था, इसकी सूचना प्रकाशित होते ही पिरदा गांव के ग्रामीण और किसान भूमि अधिग्रहण किए जाने को लेकर आशंकित थे, इस संदर्भ ने ग्रामीणों ने ग्राम सभा बुलाकर विधायक अनुज शर्मा की ग्रामीणों की मंशा से अवगत कराया। विधायक अनुज शर्मा ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें बताया कि, ग्रामीण अपनी कृषी भूमि पर खेती कर रहे हैं और बीस फिसदी लोगों का उस जमीन पर घर है। ग्रामीण अपनी जमीन आरडीए को देने के लिए तैयार नहीं है।

न्यूज गैलरी

बेमेतरा एसपी त्रिलोक बंसल ने थाना अजाक का किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) ने थाना अजाक का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना स्टाफ को निर्धारित एवं साफ-सुथरी वर्दी धारण करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से करने का निर्देश दिया। एसपी द्वारा थाना के अपराध जरायम रजिस्टर, रोजनामचा, शिकायत रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, राहत राशि रजिस्टर, बस वारंट, आवक-जावक रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन एवं जांच की गई। उन्होंने राहत राशि से संबंधित प्रकरणों को शीघ्र तैयार कर भेजने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय सम्मान समारोह वृंदावन हाल में

नगरी/नवप्रदेश। शिखर साहित्य अकादमी रायपुर छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय सम्मान समारोह वृंदावन हाल विकास शांडिल्य लीफआर्टिस्ट के रूप में सम्मान किया जाए 300 अधिक पीपल बरगद नारियल के पत्तों माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं सभी जाति धर्म त्यौहार तथा देश विदेश महान पुरुष खिलाड़ी हॉलीवुड बॉलीवुड हॉलीवुड समाज सेवक एवं प्राकृतिक चीजों के कला आकृति के क्षेत्र में यहां सम्मान मिलजाएगा एवं कार्यक्रम में शिक्षा कला समाज साहित्यकार कृषि के क्षेत्र में तथा अनेक विधाओं में सभी को दिया गया सेवक अन्यमुख्य अतिथि संयोगीत युद्धवीर जशपुर राजमहल अध्यक्षता नवीन अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री फुलवासन यादव पद्मश्री डॉ अजय मंडावी विशिष्ट अतिथि मोहन सुन्दरानी टिकेश्वर मनहरे शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डॉ मन्नु लाल चेला एवं सभी कलाकार के साथ अधिक अधिक संख्या उपस्थित थे।

कर्राघाटी में अध्यक्ष का हुआ चुनाव देवलाल कोर्राम निर्विरोध निर्वाचित

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आश्रित ग्राम कर्राघाटी में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम सभा के संचालन एवं विभिन्न स्थानीय विषयों पर चर्चा के साथ नए ग्राम सभा अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान देवलाल कोर्राम को ग्राम सभा अध्यक्ष चुना गया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से देवलाल कोर्राम के नाम पर सहमति जताई। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ग्राम के विकास कार्यों, ग्रामीणों की समस्याओं तथा ग्राम सभा की आगामी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई।

गांव से दूर सुविधा केंद्र बनाने की जिद क्यों, सरकारी जमीन होते हुए तालाब की मेड़ ही क्यों चुनी गई

तालाब की मेड़ पर 5 लाख का 'डिजिटल सेंटर'!

गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे

ग्रामीणों का कहना है कि आमदी में सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायतें हैं और कई जमीनों के उपयोग को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में प्रशासन यदि सरकारी जमीन का चिन्हांकन करे तो ग्रामीणों के अनुसार गांव में ही सुविधा केंद्र के लिए उपयुक्त जगह मिल सकती है।फिर सवाल यह है कि जब गांव में सरकारी जमीन का विकल्प मौजूद हो सकता है,तो तालाब की मेड़ को ही निर्माण स्थल क्यों बनाया गया?

गरियाबंद/नवप्रदेश। सरकारी योजनाओं का उद्देश्य आम लोगों को सुविधा देना होता है,लेकिन ग्राम पंचायत आमदी म में खनिज न्यास निधि से करीब पांच लाख रुपये की लागत से बन रहा अटल डिजिटल सुविधा केंद्र अब सुविधा से ज्यादा सवालों का केंद्र बन गया है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस केंद्र को ग्रामीणों की डिजिटल जरूरतें पूरी करने के लिए बनाया जा रहा है,उसे गांव की मुख्य आबादी से दूर तालाब की मेड़ पर ही क्यों बनाया जा रहा है?

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के लिए गांव में उपयुक्त सरकारी जमीन उपलब्ध होने के बावजूद ऐसी जगह का चयन किया गया है,जहां पहुंचना ग्रामीणों के लिए मुश्किल होगा।ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि यह केंद्र आखिर ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है या सिर्फ सरकारी राशि खर्च करने के लिए?

ग्रामीणों से दूर केंद्र,सुविधा किसे मिलेगी?,,,,,अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के जरिए ग्रामीणों को विभिन्न डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है। लेकिन आमदी के ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र गांव की मुख्य आबादी से काफी दूर बनाया जा रहा है।सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों,महिलाओं और जरूरतमंद ग्रामीणों को होगी। जिन्हें छोटी-छोटी डिजिटल सेवाओं के लिए बार-बार केंद्र तक आना-जाना पड़ेगा।वही ग्रामीणों की मांग है कि

जब सुविधा ग्रामीणों को देनी है तो केंद्र गांव के बीच क्यों नहीं?क्या स्थल चयन से पहले ग्रामीणों की सुविधा का सर्वे किया गया था?क्या ग्राम पंचायत ने वैकल्पिक सरकारी जमीन तलाशने की कोशिश की थी?

भवन का निर्माण तालाब की मेड़ पर कराया जा रहा है।ऐसे में तालाब की संरचना,मेड़ की मजबूती और भविष्य में जलभराव के दौरान भवन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।एक तरफ शासन-प्रशासन तालाबों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण रोकने की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी राशि से तालाब की मेड़ पर ही निर्माण कराया जाना ग्रामीणों को समझ से परे है। क्या निर्माण से पहले तालाब की भूमि और मेड़ की तकनीकी जांच हुई? क्या भवन निर्माण के लिए संबंधित विभागों से अनुमति ली गई? क्या स्थल का तकनीकी परीक्षण कराया गया?

यदि नहीं,तो पांच लाख रुपये के निर्माण की स्वीकृति किस आधार पर दी गई?इन सवालों का जवाब जिम्मेदार अधिकारियों को देना चाहिए। क्या जमीन चयन की प्रक्रिया में नियमों का पालन हुआ?क्या ग्राम सभा में स्थल चयन पर चर्चा हुई? क्या ग्रामीणों की राय ली गई? इन सवालों की जांच जरूरी है। ज्ञात हो कि खनिज न्यास निधि आमतौर पर क्षेत्र के विकास और लोगों की सुविधा के लिए खर्च की जाती है। ऐसे में इस राशि से बनने वाले भवन का उपयोग अधिकतम ग्रामीणों को मिलना चाहिए।

लेकिन यदि भवन ऐसी जगह बन रहा है जहां ग्रामीणों की पहुंच ही मुश्किल हो, तो सरकारी राशि खर्च करने की उपयोगिता पर सवाल उठना तय है। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण कार्य की स्वीकृति, स्थल चयन, तकनीकी स्वीकृति, भूमि संबंधी दस्तावेज, निर्माण एजेंसी, लागत और भुगतान की स्थिति की जांच सार्वजनिक की जाए।

पुल बना नहीं, बच्चे रोज मौत के रास्ते स्कूल जाने को मजबूर

विकास के दावों की खुली पोल

मैनपुर/नवप्रदेश। सरकार गांवों को सड़क, पुल और बेहतर आवागमन से जोड़ने के दावे करती है, लेकिन मैनपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र देहारगुड़ा-खामभाठा में जमीनी तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के आश्रित ग्राम खामभाठा मार्ग पर पैरी नदी में पुल निर्माण शुरू तो हुआ, लेकिन पुल अब तक पूरा नहीं हो सका है। नतीजा यह है कि स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को बारिश के बीच नदी पार कर आवागमन करना पड़ रहा है।

मौके की तस्वीर किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। एक तरफ अधूरा पुल खड़ा है और दूसरी तरफ नदी का बहाव। बीच में मजबूरी से रास्ता तलाशते ग्रामीण और स्कूल जाने वाले बच्चे। सवाल सीधा है–जब पुल निर्माण के लिए सरकारी स्तर पर पहल हो चुकी है, तो फिर मासूम बच्चों को आज भी नदी पार करने की नौबत क्यों आ रही है?

ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आया कि पुल अधूरा होने के कारण पुराने नदी पार रास्ते का इस्तेमाल किया जा रहा है। सामान्य दिनों में भले ही यह रास्ता किसी तरह पार हो जाए, लेकिन बारिश के दौरान स्थिति पूरी तरह बदल जाती है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर रास्ता और अधिक जोखिम भरा हो जाता है। सबसे चिंता की बात यह है कि इसी रास्ते से बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में नदी का बहाव कब तेज हो जाए, इसका कोई भरोसा नहीं। ऐसे में एक छोटी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सवाल यह नहीं कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं या नहीं, सवाल यह है कि उन्हें स्कूल पहुंचने के लिए अपनी जान जोखिम में क्यों डालनी पड़ रही है?

महिलाओं ने संतान रक्षा के लिए रखा बहुला चौथ का व्रत

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर में महिलाओं ने संतान की दीर्घायु की कामना से बहुला चौथ का व्रत रखा। यह व्रत भाद्र माह के कृष्ण चतुर्थी को बहुला चौथ का व्रत रखा जाता है। माताएं अपनी संतान की दीर्घायु की कामना से दिन भर व्रत रख शाम के समय शिव जी और मिट्टी आदि से बनी गाय और बछड़े की पूजा कर ,फ्लाहार करती है।इस दिन जौ आटे से बने लड्डू या हलवे का प्रसाद का विशेष महत्व है। इसके पीछे कथा आती है कि एक बार गायें चर कर शाम के समय जंगल से लौट रही थी उन्हीं में से एक बहुला नाम की गाय पीछे छूट गई।वह अत्यंत सत्यनिष्ठ और धर्मपरायण थी।जंगल से गुजरते वक्त उसका सामना सिंह से हो जाता है। सिंह उसे अपना भोजन समझ हमला करने को तैयार हो जाता है।

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला रूचि वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध बेमेतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा आम जगहों पर धूम्रपान करने वालों की जांच कर कोटपा एक्ट एवं के तहत कार्रवाई की गई। इसी क्रम में 31 अगस्त 2026 को अभियान के दौरान चौकी खण्डसरा में 15 प्रकरण तथा चौकी कंडरका में 40 प्रकरण,इस प्रकार कुल 55 प्रकरणों में कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बेमेतरा पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान नहीं करने की समझाइश भी दी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध आगे भी कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

आर.डी. 202526430310700003 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सोनपुर प.ह.नं. 36 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार जवार पिता नन्हेवीर निवासी सोनपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम सोनपुर प.ह.न. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 156 रकबा 1.92 हे0 में दर्ज सहखातेदार भूमिस्वामी सुनील जवार पिता नन्हेवीर का दिनांक 09.02.2026 को फौत होने से उसके नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज कर किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक अनिल कुमार जवार पिता नन्हेवीर निवासी सोनपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा दर्शित फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 13.09.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.08.2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103800075

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी कुमारी बाई मस्के पिता/पति मनोहर राव पता वार्ड 21 शिवाजी नगर तितुरडीह, भागवत राव मस्के पिता/पति मनोहर राव पता वार्ड 21 शिवाजी नगर तितुरडीह, प्रमोद राव मस्के पिता/पति मनोहर राव पता वार्ड 21 शिवाजी नगर तितुरडीहके द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 7/12 (0.0068) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता भागवत राव मस्के पिता/पति मनोहर राव पता वार्ड 21 शिवाजी नगर तितुरडीह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.09.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै अहतिया यास्मीन (AHTIYA YASMEEN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी वसीम अहमद (WASEEM AHMED) वर्तमान निवासी मकान नं. 773 चौहान छाया, सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम (पुराना नाम) अहतिया यास्मीन (AHTIYA YASMEEN) पिता वसीम अहमद (WASEEM AHMED) से बदलकर नाम अहतिया यास्मीन (AHTIYA YASMEEN) पिता वसीम आलम (WASIM ALAM) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता — अहतिया यास्मीन, पिता वसीम अहमद, वर्तमान निवासी मकान नं. 773 चौहान छाया, सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20262711112126

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी चंचलदेवी टंडन पिता/पति भास्कर राव टंडन पता मकान नं. 249 जयकरण होटल के पीछे तितुरडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 73/5 (0.0093) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अमन आकाश टंडन पिता/पति भास्कर राव टंडन पता मकान नं. 249 जयकरण होटल के पीछे तितुरडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुंडेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430110400029

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी अंजना बाई ना.बा. पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा, संतोषी ना.बा. पिता/पति पल्टन पालक मां मूलरबाई बे. शत्रुहन पता डुंडेरा, भुवनेश्वर नाबा. पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा, तुलेश्वर नाबा. पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 116(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता भुनेश्वर पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा, तुलेश्वर पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा, संतोषी पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा, अंजनाबाई पिता/पति पल्टन पता डुंडेरा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृणाल कुमार निर्मलकर आ. संतोष निर्मलकर निवासी चिंगरी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा दादा रामलाल धोबी की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.11.1996 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल शमीम आ. स्व. अब्दुल हफीज निवासी लुचकीपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा भाभी शमशाद बेगम की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.07.2020 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202608101200024 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक मोरध्वज साहू आ. स्व. रामाधीन निवासी मकान नं. 02 वार्ड 01 उमरपोटी तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम रिसामा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. 79/1, 79/6, 135/10 रकबा 0.100, 0.090, 0.200 हे. भूमि जो कि पत्नि बुधियारिन बाई के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु 07.08.2026 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका मीना देशमुख पि. स्व. हर प्रसाद देशमुख निवासी पंचशील नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 86 एवं 87 प्लाट नं. 4/2, 1/3 कुल रकबा 121405 वर्गमीटर भूमि तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जवाहर नगर दुर्ग को आबंटित है, जिसकी वैधता वर्ष 2032 तक है। उक्त समिति द्वारा उन्हें आबंटित भूमि में से कांतिदेवी देशमुख पति हर प्रसाद देशमुख को भूखंड के. 240 क्षेत्रफल 1750 वर्गफीट का उप पटटा आबंटित किया गया है। पटटाधारी कांतिदेवी देशमुख की मृत्यु दिनांक 22.03.2022 को हो चुकी है। पटटाधारी द्वारा अपने जीवनकाल में आवेदिका के पक्ष में अपंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक 29.10.2021 को निष्पादित किया है। आवेदिका द्वारा उक्त आधार मृतक पटटाधारी को प्राप्त उप पटटे की भूखण्ड से उनका नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202608102700011 /अ-74/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बेदराम ठाकुर पिता सावंत राम व अन्य-03, निवासी ग्राम बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम बोरीबुजुर्ग, प0ह0नं.- 04, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 132/2 रकबा 0.36 हे. जोकि आवेदक बेदराम ठाकुर व अन्य-03 के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्यूज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, आधारकार्ड, तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक व अन्य- 03 के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 11.09.2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं (ANJALINA DAS) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पिता स्व. फ्रांसिस दास, उम्र-18 वर्ष, निवासी ई 829/830 हाउसिंग बोर्ड कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम (ANJALINA DAS) पिता स्व. फ्रांसिस दास (पुराना नाम) से बदल कर (ANGELINA DAS) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता — अंजलीना दास, पिता स्व. फ्रांसिस दास, निवासी ई 829/830 हाउसिंग बोर्ड कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202608100900060 /अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार देवांगन पिता स्व. शंभूलाल देवांगन निवासी ग्राम शिप नगर सामुदायिक भवन पीपल रोड के पास तात्यापारा वार्ड 38 रायपुर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम सांकरा प.ह.न. 06 तहसील पाटन स्थित आवेदक के पिता शंभूलाल देवांगन पिता कुलुराम देवांगन के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 1708/11 रकबा 0.020 हे. में आवेदक के पिता का ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में (abcd) पिता (abcd) दर्ज हो गया है जो त्रुटि है जिसे (abcd) पिता (abcd) के स्थान पर आवेदक के पिता शंभूलाल देवांगन पिता कुलुराम देवांगन का नाम दर्ज कर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक दिनेश कुमार देवांगन पिता स्व. शंभूलाल देवांगन निवासी ग्राम शिप नगर सामुदायिक भवन पीपल रोड के पास तात्यापारा वार्ड 38 रायपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 07.09.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.08.2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202608101500049 /ब-121/ वर्ष 2025-26

ग्राम करगा प.ह.न. 13 तह. पाटन जिला दुर्ग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुधेलाल आ. शुकुराम उर्फ रामचरण सिन्हा निवासी ग्राम जामगांव एम तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम करगा प.ह.नं. 13 तह. पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 398 रकबा 0.38 हे. भूमि आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 20.03.2008 को विक्रेता नरेन्द्र पिता केजूराम से क्रय किया था। परंतु वर्तमान में त्रुटिवश आनलाईन रिकार्ड में शासकीय भूमि दर्ज हों गया है। अतः उक्त आवेदित भूमि के धरणाधिकार में दर्ज शासकीय भूमि को सुधार कर भूमिस्वामी दर्ज किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 16.09.2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 27.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै शारदा कुमार राय (SHARDA KUMAR RAI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी रामायन राय (RAMAYAN RAI) वर्तमान निवासी मकान नं 32, अयप्पा नगर कोहका वार्ड नं. 07, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम (पुराना नाम) शारदा कुमार राय (SHARDA KUMAR RAI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी रामायन राय (RAMAYAN RAI) से बदलकर नाम शरद राय (SHARAD RAI) पिता रामायन राय (RAMAYAN RAI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता — शारदा कुमार राय, पिता/पति रामायन राय, वर्तमान निवासी मकान नं 32, अयप्पा नगर कोहका वार्ड नं. 07, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं ठगगिया (THAGIYA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता मनबोधी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मडियापार, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) जिसे अब तक ठगगिया पिता मनबोधी ने अपना नाम बदल कर धनेश्वरी (DHANESHWARI) पति धनराज (DHANRAJ) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता — ठगगिया पिता मनबोधी, निवासी ग्राम मडियापार, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुंडेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430110400028

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, गिरजानंद पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, बलराम पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, छंगालाल पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1286(0.0500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता बलराम पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, संतोष पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, छंगालाल पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, शांतिबाई साहू पिता/पति स्व. पंचराम साहू पता इंदिरा नगर डुण्डेरा, गिरजानंद पिता/पति पंचराम पता डुंडेरा, के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

25 साल बाद फिर लौटा भर्ती का पहला दिन, नव आरक्षकों सा दिखा जोश

■ 8वीं वाहिनी के 2001 बैच की रजत जयंती में देशभर से जुटे साथी, गले मिलकर ताजा कीं पुरानी यादें

राजनांदगांव/नवप्रदेश। समय बीतता गया, जिम्मेदारियां और पद बदलते गए, लेकिन 2001 बैच के जवानों के दिलों में साथ बिताए दिनों की यादें आज भी उतनी ही ताजा हैं। 25 वर्ष बाद जब 8वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, राजनांदगांव के वर्ष 2001 बैच के साथी रजत जयंती समारोह में एक साथ जुटे तो माहौल कुछ ऐसा बना, मानो समय की सुइयां पीछे घूम गई हों और भर्ती का पहला दिन फिर लौट आया हो।

छत्तीसगढ़ प्रदेश निर्माण के बाद गठित पहली बटालियन के रूप में गौरव हासिल करने वाली 8वीं वाहिनी के वर्ष 2001 बैच के जवानों ने सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ देश के अलग-अलग राज्यों में रहकर सेवा कर रहे बैच के साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस बैच की खासियत यह रही कि समय के साथ कई साथियों ने अपनी शिक्षा जारी रखी और आज कोई प्रोफेसर, कोई सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर, डीएसपी तो कोई अन्य महत्वपूर्ण शासकीय पद पर कार्यरत है। लेकिन रजत जयंती के इस अवसर पर पद और

प्रतिष्ठा की सारी सीमाएं पीछे छूट गईं। सभी साथी एक-दूसरे से उसी आत्मीयता से मिले, जैसे 25 वर्ष पहले भर्ती के दौरान मिले थे।

किसी ने साथी को गले लगाया तो किसी ने पुराने प्रशिक्षण और ड्यूटी के किस्से सुनाए। कोई पुरानी तस्वीरों को देखकर भावुक हुआ तो कोई साथ बिताए पलों को याद कर मुस्कुराता नजर आया। समारोह में हर चेहरे पर खुशी और आंखों में पुरानी यादों की चमक साफदिखाई दी।

बारिश ने भी लौटा दी 25 साल पुरानी यादें

शहीद और दिवंगत साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि

रजत जयंती समारोह केवल उत्सव और मिलन का अवसर नहीं रहा, बल्कि उन साथियों को याद करने का भी अवसर बना, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं।

कार्यक्रम में वर्ष 2001 बैच के उन वीर साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वीरगति प्राप्त की। साथ ही उन दिवंगत साथियों को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया गया, जिन्होंने अपने जीवन के सफर में इस बैच के साथियों की यादों में अमिट स्थान बनाया। श्रद्धांजलि के दौरान माहौल भावुक हो गया और साथियों ने उनके योगदान एवं स्मृतियों को नमन किया।

प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मान

रजत जयंती समारोह के अवसर पर वर्ष 2001 बैच के उपस्थित साथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करते समय साथियों के चेहरे पर 25 वर्षों की यात्रा का गर्व और भावनात्मक खुशी दोनों नजर आई।

2001 बैच सिर्फ बैच नहीं, एक परिवार है

रजत जयंती आयोजन समिति के सदस्य संजय सिंह, पुखराज साहू, दिनेश सिंह, शेख यूनुस कुरैशी, मनोज राजपूत, षडानन तिवारी, मिर्जा हबीब बेग, शरद तिवारी, टीनू थामस, विजय देवदास एवं कांति साहू ने बताया कि वर्ष 2001 बैच के साथियों के बीच आज भी वही भाईचारा और अपनापन कायम है, जो भर्ती के समय था।साथियों ने कहा कि 2001 बैच उनके लिए केवल एक बैच नहीं, बल्कि एक परिवार है। किसी साथी के परिवार में खुशी का अवसर हो, बेटी की शादी हो, किसी को बीमारी के समय मदद की जरूरत हो या कोई अन्य परेशानी–सभी साथी मिलकर उसके साथ खड़े होते हैं।

नक्सल उन्मूलन अभियान में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

वर्ष 2001 में गृह पुलिस विभाग के आदेश पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जिला राजनांदगांव में नक्सल उन्मूलन के उद्देश्य से भारत रक्षित वाहिनी का गठन किया गया था। इस इकाई में वर्ष 2001 में कुल 654 जवान भर्ती हुए।

प्रथम बैच में कुल 250 जवानों ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना, रायपुर में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया। द्वितीय बैच के 350 जवानों ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में तथा तृतीय बैच के 44 जवानों ने 4वीं वाहिनी छसबल माना, रायपुर में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस इकाई की कुल छह कंपनियां—ए, बी, सी, डी, ई एवं एफ— रहीं। इन कंपनियों के जवानों ने आवापल्ली, भद्राकाली, कोड़ेनार, गीदम, पखनार, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर, दरभा, बास्तानार, नेलसनार, मानपुर, ओरछा, सुकमा, जगदलपुर, बीजापुर सहित प्रदेश के अनेक संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

न्यूज गैलरी

जन्माष्टमी पर यादव समाज का होगा दो दिवसीय आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज राजनांदगांव द्वारा इस वर्ष भी दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत 3 सितंबर को बाइक रैली तथा 4 सितंबर को भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें यादव समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं एवं स्वजातीयजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। 3 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे स्टेट हाई स्कूल से बाइक रैली प्रारंभ होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेट हाई स्कूल पहुंचेगी। रैली में करीब 1000 युवाओं एवं महिलाओं के शामिल होने की तैयारी है। वहीं शहर के हृदय स्थल मानव मंदिर चौक की विशेष सजावट की जिम्मेदारी युवाओं को सौंपी गई है। 4 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल से विशाल शोभायात्रा निकलेगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा चौक पहुंचेगी, जहां शोभायात्रा का समापन होगा। जन्माष्टमी उत्सव को सफल बनाने यादव समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र यादव ,हरीश यादव, दुर्गेश यादव, सुरेश यादव, महेश यादव, भोला यादव, विनोद यादव , रितेश यादव, सुनील यादव, मन्ना यादव, राजेश यादव, हरीश यादव, गुरुजी दुर्गा यादव, मनोहर यादव आदि जुटे हुए है

जिले में बिजली व्यवस्था को बड़ी मजबूती, 19 करोड़ की लागत से बना 132/33 केवी उपकेंद्र शुरू

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश की पारेषण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बेमेतरा जिले के बेतर (दाढ़ी) में नवनिर्मित 132/33 केवी उपकेंद्र का आज प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने ऊर्जीकरण किया। उपकेंद्र में स्थापित 40-40 एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफार्मरों को भी सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। दोनों ट्रांसफार्मरों के ऊर्जीकरण से उपकेंद्र में कुल 80 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी उपलब्ध हुई है।नए उपकेंद्र के निर्माण से बेमेतरा जिले के 72 तथा कवर्धा के 25 गांवों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप विद्युत भार का बेहतर प्रबंधन संभव होगा तथा क्षेत्र में घरेलू, कृषि एवं अन्य उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। नए उपकेंद्र की कुल परियोजना लागत लगभग 19 करोड़ रुपये है।इस उपकेंद्र को विद्युत आपूर्ति से जोड़ने के लिए 220 केवी उपकेंद्र गेन्दपुर से 132 केवी उपकेंद्र जाने वाली पारेषण लाइन को LILO किया गया है। इसके लिए लगभग 8.8 करोड़ रुपये की लागत से 5 किलोमीटर नई पारेषण लाइन का निर्माण किया गया। इस व्यवस्था से नए उपकेंद्र को पारेषण नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता एवं पारेषण क्षमता में वृद्धि होगी। प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने उपकेंद्र के ऊर्जीकरण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए पारेषण नेटवर्क का लगातार विस्तार किया जा रहा है। नए उपकेंद्रों एवं पारेषण लाइनों के निर्माण से न केवल वर्तमान विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में सुविधा होगी।

बालोद जिले में कृषि आदान विक्रय केन्द्रों की जांच तेज, अब तक 79 केन्द्रों का निरीक्षण

किसानों के नाम पर गुणवत्ता से खिलवाड़ तीन कृषि केन्द्रों के लाइसेंस किए निरस्त

बालोद/नवप्रदेश। खरीफ वर्ष 2026 में किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक अनुरूप कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा कीटनाशी विक्रय केन्द्रों की जांच तेज कर दी गई है। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कृषि केन्द्र संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में विकासखंड बालोद के ग्राम नेवारीकला स्थित विनय कृषि केन्द्र एवं नीलम ट्रेडर्स का कीटनाशी निरीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भंडारण, वितरण एवं दस्तावेज संधारण में अनियमितता पाए जाने पर दोनों केन्द्रों का विक्रय प्रतिबंधित करते

हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कृषि केन्द्र संचालकों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार विकासखंड गुरूर के ग्राम भानपुरी स्थित साहू कृषि केन्द्र का कीटनाशी निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां भी अनियमितता पाए जाने पर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

कृषि केन्द्र संचालकों द्वारा कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने के कारण उप संचालक कृषि, जिला बालोद द्वारा तीनों फर्मों के कीटनाशी विक्रय लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।79 केन्द्रों का निरीक्षण, 10 पर विक्रय प्रतिबंध

कृषि विभाग के अनुसार जिले में अब तक 79 कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 10 कृषि केन्द्रों का विक्रय प्रतिबंधित, 45 केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस तथा 3 कृषि केन्द्रों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

उप संचालक कृषि, जिला बालोद ने जिले के सभी कृषि केन्द्र संचालकों से नियम एवं अधिनियमों का पालन करते हुए व्यवसाय करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भविष्य में जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित कृषि केन्द्र संचालक की होगी।

राजनांदगांव में साढ़े 6 वर्षों का कार्यकाल अविस्मरणीय : डॉ. उषा किरण बड़ाईक

■ संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक को दी भावभीनी विदाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक का जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से जनसंपर्क संचालनालय नवा रायपुर स्थानांतरण होने पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. बड़ाईक की उत्कृष्ट कार्यशैली, सौम्य, सरल, मधुर एवं आत्मीय व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने कहा कि राजनांदगांव जिले में लगभग साढ़े 6 वर्षों तक कार्य करने का अवसर मिला। यह कार्यकाल उनके जीवन के अविस्मरणीय पलों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र राजनांदगांव पुलिस की पहल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बारिश के मौसम में सड़कों पर आवारा मवेशियों की मौजूदगी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं जनहानि की आशंका को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव पुलिस द्वारा गौवंश को सड़कों से हटाया गया। पुलिस द्वारा यथासंभव ऐसे स्थानों की पहचान कर मवेशियों को सुरक्षित रूप से सड़क से हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

विशेषकर रात्रि के समय सड़कों पर गौवंश के मौजूद रहने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बारिश के दौरान सड़कें गीली होने तथा दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।राजनांदगांव पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि बारिश एवं रात्रि के समय वाहन धीमी गति से एवं अत्यंत सावधानीपूर्वक चलाएं, सड़क पर मवेशी दिखाई देने पर गति नियंत्रित करें तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें।सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस द्वारा शहर के मध्य यथासंभव आवश्यक स्थानों पर स्टॉपर्स भी लगाए गए हैं।

संबलपुर का मुक्तिधाम बना शो-पीस, बारिश में तिरपाल के सहारे विदा हो रहे अपने

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत संबलपुर के श्मशान घाट की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। यह मुक्तिधाम अब मुक्ति नहीं, बल्कि मजबूरी का दूसरा नाम बन गया है। बारिश के दिनों में यहां सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करना भी ग्रामीणों के लिए किसी सजा से कम नहीं है।

श्मशान घाट का टीन शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। तेज बारिश में शेड से पानी टपकता है, जिसके कारण ग्रामीणों को मजबूरन तिरपाल पॉलिथीन डालकर शव को जलाना पड़ रहा है। अपनों को विदा करते समय भी परिवार को भीगना पड़ रहा है।इतना ही नहीं, श्मशान परिसर में चारों तरफघास और झाड़ियां उग आई हैं, जहाँ पैदल चलना भी मुश्किल है। श्मशान घाट तक जाने के लिए पक्का रास्ता तक नहीं है। बारिश में पूरे रास्ते में कीचड़ और फिसलन हो जाती है, जिससे शव यात्रा ले जाने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार फिसलने से ग्रामीण गिर भी जाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। पुर्व से बना यह मुक्तिधाम आज सिर्फ शो-पीस बनकर रह गया है। ना बैठने की व्यवस्था है, ना पानी की, ना ही शव को ढकने के लिए एक अदद शेड।ग्रामीणों का कहना है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक सरकार कई योजनाएं चलाती है, लेकिन यहां तो मरने के बाद भी इंसान को सम्मान नसीब नहीं हो रहा।

3 आरोपियों से 23.70 लीटर शराब जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पंडरिया एवं चौकी पोड़ी पुलिस ने 31 अगस्त 2026 को अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 23.70 लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 5,400 रुपये है, बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला अखिलेश कौशिक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री भूपत सिंह के दिशा-निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

रिवापार रोड पुल के पास युवक पकड़ा गया: चौकी पोड़ी पुलिस ने 31 अगस्त को रिवापार रोड पुल के पास अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने छोटू पिता अंजोरी कोसले, उम्र 27 वर्ष, निवासी बोधईकुण्डा, थाना पिपरिया को पकड़ा। उसके कब्जे से 2,700 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1,200 रुपये बताई गई है। मामले में थाना बोडला में अपराध क्रमांक 105/2026 दर्ज कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

थाना पंडरिया पुलिस ने भी अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई ग्राम तरहिया तालाब के पास की गई, जहां पुलिस ने चंद्रजीत पिता खेमसिंह मेरावी, उम्र 21 वर्ष, निवासी तरहिया के कब्जे से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत करीब

2,200 रुपये बताई गई है।

मामले में थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 175/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। दूसरी कार्रवाई ग्राम अमलीडीहा गेट के पास की गई। यहां पुलिस ने बालाराम पिता इतवारी साहू, उम्र 55 वर्ष, निवासी अमलीडीहा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। इसकी कीमत करीब 2,000 रुपये बताई गई है। इस मामले में थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 176/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में वैधानिक कार्रवाई की गई।

अवैध कारोबार पर पुलिस की नजर : कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध गतिविधियों के खिलाफ सतर्कता बरतते हुए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800219

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी कु. ममतेश पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह पता, उर्मिला सिंह पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह पता, रजनीश सिंह पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह पता, कु. भूमितेश ना.बा. पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह वली मां उर्मिला सिंह पता एच. 37 बी मडौदा सेक्टर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 454/20(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कु. ममतेश पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह पता, उर्मिला सिंह पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह पता, रजनीश सिंह पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह पता, भूमिका सिंह पिता/पति स्व. एल.एन सिंह क्वा. नं. 184 बी रिसाली सेक्टर एस.बी.आई. बैंक मरोदा भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.09.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202405100700014 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सुंदरलाल पटेल आ. बंशीलाल पटेल साकिन सेक्टर 7 भिलाई द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा न 2/8 रकबा कुल 0.413 हे मे से 12000 वर्गफीट रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता ओमप्रकाश महयान आ. स्व. जयराम दास महयान से क्रय किया गया है की नामान्तरण किये के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 07.09.2026 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आजदिनांक 20.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक राम चन्द्राकर आ.स्व.अमर सिंह चन्द्राकर निवासी बैगापारा दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल भूमि शीट कमांक 28 सी भूखंड कं. 57 क्षेत्रफल 49 वर्गमीटर भूमि धारक अमर सिंह, धनसिंह पिस. गजाधर के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक अमर सिंह की मृत्यु दिनांक 20.11.2007 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक के विधिक वारिसान उनकी पत्नी केजिया बाई पति स्व. अमर सिंह चंद्राकर, गंगोत्री चंद्राकर, तोलेश्वरी चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, राम चंद्राकर पिस. स्व.अमर सिंह, तुषार चंद्राकर, पुष्पराज चंद्राकर पिस. रामशरण चंद्राकर ना.बा.लि.वली पिता रामशरण चंद्राकर है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर वारिसानों का नाम पर फौती नामान्तरण व शेष सहधारक का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.09.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-उमदा, वार्ड नं. 6, पोष्ट सुरडुग, तह. भिलाई 3, जिला-दुर्ग (छ.ग.), में मेरे पक्षकार श्री रमेश प्रजापति पिता श्यामलाल प्रजापति उम्र 46 वर्ष, निवासी-वार्ड नं. 5, उमदा, पोष्ट सुरडुग, तह. भिलाई 3, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के भूमि स्वामी हक में भूमि खसरा नं. 127/1 रकबा 0.0712 हे. जो कि नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नं. 6, में स्थित भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि को श्री राजेश कुमार साह पिता श्री कन्हैया साह उम्र करीब 45 वर्ष निवासी न्यु खुर्सीपार, जागीर चौंक, पंजाबी मोहल्ला, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को क्रय किए जाने के संबंध में दिनांक 27/01/2025 को कृषि भूमि के बिकी का इकरारनामा का दस्तावेज फर्जी रूप से बनाया गया है तथा राजेश कुमार साह के द्वारा इकरारनामा के पालन में एच.डी.एफसी. 'बैंक का चेंक क 000025, 000027, 000028 व 000029 का चेक में अतरितं राशि 9,70,000/- राशि नौ लाख दस हजार रू. का चेक प्रदान किया, जिसमें राशि का आहरण नही हुआ तथा म्रात्र राशि 30,000/- रू राशि तीस हजार रू. नगद प्रदान किया गया और मेरे पक्षकार को यह आश्वासन दिया गया कि उक्त इकरारनाम दिनाक से करीब एक माह के भीतर पंजीकृत बयनामा का निष्पादन किया जावेगा एवं शेष राशि मेरे पक्षकार को प्रदान होगा। यह कि, दिनांक 27/01/2025 को कृषि भूमि के बिकी का इकरारनामा में यह कहा गया था कि उक्त सौदा 39,00,000/- रू. अक्षरी उन्चालीस लाख रू. का होगा तथा बैंक फाईनेश से राशि 50,00,000/- रू. का होगा जिसमें से 29,00,000/- रू. रखकर शेष रकम 21,00,000/- रू. को राजेश कुमार केता को वापस करेगा किन्तु इकरारकर्ता राजेश कुमार को मेरे पक्षकार के द्वारा अनेको बार फोन किया व इकरारनामा के गवाह श्री ज्ञानेश्वर दास वैष्णव पिता श्री विष्णु दास वैष्णव के द्वारा भी अनेको बार फोन किया गया किन्तु इकरारकर्ता राजेश कुमार के द्वारा किसी प्रकार से जवाब नही दिया गया। मेरे पक्षकार के पास इकरारकर्ता के द्वारा, जो राशि दिया गया था उस राशि को वापस करना चाहता है व इकरारनामा के शर्तो के अनुसार सीमांकन की कार्यवाही भी निष्पादित किया जा चुका है किन्तु इकरारकर्ता राजेश कुमार के पास अनेको बार फोन किया गया किन्तु किसी प्रकार से जवाब नही देने के कारण अदा नही किया जा सका है तथा इस प्रकार से मेरे पक्षकार का आप इकरारकर्ता राजेश कुमार से लेन-देन नही होगा एवं इकरारनामा अस्तित्व में नही रह गया है एवं मेरा पक्षकार उक्त भूमि को किसी भी अन्य, व्यक्ति. संस्था के पास विक्रय करने को स्वतंत्र है। मेरे पक्षकार के साथ छल, कपट एवं धोखाधड़ी कर राजेश कुमार द्वारा निष्पादित इकरारनामा दिनांक 27/01/2025 का पालन शेष नही होने से कृषि भूमि के बिकी का इकरारनामा को निरस्त किया जाता है। यह कि, उक्तानुसार कृषि भूमि के बिकी का इकरारनामा से किसी भी व्यक्ति, संस्था (वित्तीय / गैरवित्तीय) शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग या बैंक को कोई आपत्ति विरूद्ध हक, उजर या दावा और अन्यथा कब्जा या किसी प्रकार से उक्त भूमि मे अधिकार बाबत् कुछ कहना हो तो दिनांक 08/09/2026 तक मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष मय सुसंगत दस्तावेजो सहित लिखित मे देकर पावती प्राप्त कर लेवें। मेरे पक्षकार की स्थिति एक स?द्भाविक विक्रेता की होगी, एतद् ध्यान रहे उक्त के प्रति पश्चातवर्तीय कथन को लेकर मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नही रहेगी। सुचनार्थ प्रकाशित ।

रुपेश वर्मा (अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय भिलाई-03
जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8319162841

नाम/परिवर्तन

मैं पोखराज ठाकुर (POKHRAJ THAKUR), THAKUR POKHRAJ) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता राम कुमार ठाकुर (RAM KUMAR THAKUR) उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 10, बजरंग नगर उतई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अबा तक पोखराज ठाकुर (POKHRAJ THAKUR), THAKUR POKHRAJ) पिता राम कुमार ठाकुर (RAM KUMAR THAKUR) (पुराना नाम) ने अपना नाम बदलकर ठाकुर पोखराज विक्की (THAKUR POKHRAJ VICKY) पिता राम कुमार ठाकुर (RAM KUMAR THAKUR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
पोखराज ठाकुर
पिता राम कुमार ठाकुर
निवासी वार्ड नं. 10, बजरंग नगर
उतई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं भुनेश्वरी यादव (BUNESWARI YADAV) पति विजय कुमार यादव (VIJAY KUMAR YADAV) गाँव / शहर - एच. नं. 00, वार्ड नं. 02, भानपुरी, चंदखुरी, तहसील. व जिला दुर्ग छ.ग. पिन कोड 491221 ने अपना नाम रेखा बाई पिता थान सिंह से बदलकर भुनेश्वरी यादव (BUNESWARI YADAV) पति विजय कुमार यादव (VIJAY KUMAR YADAV) रख लिया हैं।

शपथकर्ती
भुनेश्वरी यादव
पति विजय कुमार यादव
गाँव/शहर एच. नं. 00, वार्ड नं. 02,
भानपुरी, चंदखुरी
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं सुधेराम सिन्हा (SUDHERAM SINHA) पिता राम चरण सिन्हा (RAM CHARAN SINHA) गाँव / शहर खेदामारा, तहसील व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) पिन कोड- 490024 ने अपना नाम सुधेराम सिन्हा (SUDHERAM SINHA) पिता झुकुराम (JHUKURAM) से बदलकर सुधेराम सिन्हा (SUDHERAM SINHA) पिता राम चरण सिन्हा (RAM CHARAN SINHA) रख लिया हैं।

शपथकर्ता
सुधेराम सिन्हा
पिता राम चरण सिन्हा
गाँव / शहर खेदामारा, तहसील व
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

प्र.क्र. 20260810350002 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अरविंद जैन पिता स्व. अशोक कुमार जैन एवं अन्य 02, निवासी गंजपारा दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके एवं उनके माता स्व. उषा जैन पति स्व. अशोक कुमार जैन के नाम पर दुर्ग स्थित नजूल शीट नं. 04 ए भूखण्ड क्रमांक 39/3 क्षेत्रफल 273.75 व.फु भूमि संयुक्त नाम पर पर दर्ज है । खातेदार उषा जैन की मृत्यु दिनांक 10.09.2025 को हो जाने से वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का ओवदकगण के नाम पर फौती / नामांतरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय में मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

बेटिकट यात्रियों से मालामाल हुआ रेलवे: सिर्फ एक महीने में वसूले 4.19 करोड़ रुपये

एसईसीआर में चला ताबड़तोड़ अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (स्ब्षष्ट्क्र) ने शिकंजा कस दिया है। रेलवे प्रशासन द्वारा अगस्त महीने में चलाए गए विशेष टिकट जांच अभियान के दौरान बेटिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों पर जमकर कार्रवाई की गई। इस एक महीने के भीतर रेलवे ने बेटिकट यात्रियों से जुर्माने के रूप में 4 करोड़ 19 लाख रुपये से अधिक की भारी-भरकम राशि वसूली है।

तीनों मंडलों में की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई

यात्रियों को सुगम और सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्ब्षष्ट्क्र के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर तीनों रेल मंडलों में यह विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों से लेकर रेलवे स्टेशनों और परिसरों तक सघन चेकिंग की गई। अगस्त माह में चले इस अभियान के आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

कुल कार्रवाई: 60,822 अनियमित एवं बिना टिकट यात्री पकड़े गए।

जुर्माना राशि: इन यात्रियों से कुल ?4,19,31,888/- (लगभग 4.19 करोड़ रुपये) का जुर्माना वसूला गया।

रेलवे की अपील: वैध टिकट के साथ करें सफर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध और उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा निर्धारित सीमा से अधिक सामान होने पर उसकी बुकिंग जरूर कराएं। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा, नियमों के अनुपालन और रेलवे राजस्व की सुरक्षा के लिए यह टिकट जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। साथ ही, रेलवे ने यात्रियों से टिकट जांच कर्मचारियों को सहयोग करने का आग्रह किया है ताकि सभी को सुरक्षित और आरामदायक सफर मिल सके।

लगेज के नियमों को लेकर भी दी गई हिदायत

टिकट जांच के साथ-साथ रेलवे ने यात्रियों को जागरूक करने का काम भी किया। अभियान के दौरान बिना उचित टिकट के अधिक लगेज (सामान) लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया और उन्हें नियमानुसार लगेज बुक कराने के लिए प्रेरित किया गया।

न्यूज गैलरी

श्रीसंकट मोचन हनुमान और शिव मंदिर समिति छिपली की बैठक सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम छिपली की प्राचीन हनुमान जी मंदिर एवम नवनिर्मित शिव मंदिर (श्रीमती निर्मला देवी एवम भेदुराम साहू छिपली) के परिसर में आहता निर्माण (बाऊड्री वाल) एवम सौदर्यीकरण कार्य दान दाताओ एवम ग्राम पंचायत परिवार छिपली द्वारा निर्माण की प्रगति की समीक्षा किया गया , बैठक में अब तक निर्माण सम्बन्धी आय ब्यय की जानकारी ,एवम आगामी निर्माण कार्य पर चर्चा की गई ,दानदाताओ के सहयोग से अभी तक 30 दानदाताओ का 2100/(दो हजार एक सौ) प्रति खंड ग्रिल (जाली) निर्माण सम्बन्धित राशि प्राप्त हुआ है अभी 24 नग लग चुका इसके पश्चात 16 नग में 10 नग जाली और लगया जाना इच्छुक दानदाता अपने परिवार की स्मृति में दान कर पुण्य लाभ प्राप्त कर ससकते है और सभी श्रद्धालू गण भक्त यथाशक्ति छड़, सीमेंट, रेती ,गिटटी, श्रमदान, सहयोग राशि अधूरे निर्माण कार्य मे सहयोग कर सकते है,आगामी कार्य योजना में परिसर में टाइल्स लगाने ,सेड निर्माण,सामूहिक शौचालय निर्माण हेतु जन प्रतिनिधियो को निवेदन कर शीघ्र पूर्ण करने का प्रस्ताव किया गया।

42वें वार्षिक अधिवेशन में अंगद लाल बनपेला सम्मानित

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का 42वां वार्षिक अधिवेशन 30 अगस्त रविवार को बैरन बाजार, रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया। अधिवेशन में प्रदेशभर से पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पेंशनरों के हित में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी के संरक्षक श्री अंगद लाल बनपेला को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लाइफ्टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर नगरी तहसील शाखा के पेंशनरों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी के अध्यक्ष आर.एल. देव, एल.एल. नाग, एल.एस. गजपाल, रमेश कुमार सार्वा, राधे लाल साहू, पी.आर. चंद्रवंशी, गौतम चंद साहू, गजेंद्र वर्मा, पी.आर. सिन्हा, के.एल. सिन्हा, डी.एस. ध्रुव, श्रीमती अल्का गजपाल, सुश्री शकुन कश्यप, के.एल. कौशिक सहित अन्य पेंशनरों ने श्री अंगद लाल बनपेला को 'लाइफ्टाइम अचीवमेंट' सम्मान प्राप्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

प्ररूप-(तीन)
शपथपत्र

मैं उमेद टंडन (UMED TANDAN) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी राज कुमार टंडन (RAJ KUMAR TANDAN) निवासी मकान नं 90 भरुवाडीह पोस्ट ऑफिस चाम्पा जिला बलोदा बाजार छत्तीसगढ़ पिन कोड 493332 का स्थायी निवासी हूँ एतद द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता / करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ।
1. यह कि उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह की मेरे आधार कार्ड नंबर 625211017876 में त्रुटिवश नाम उमेन्द्र टंडन (UMENDR TANDAN) पिता राज कुमार टंडन (RAJ KUMAR TANDAN) दर्ज हो गया है।
3. यह की मेरे मार्कशीट में उमेद टंडन (UMED TANDAN) पिता राज कुमार टंडन (RAJ KUMAR TANDAN) दर्ज है जो कि मेरा सही नाम है।
4. यह कि मेरे मार्कशीट में दर्ज उमेद टंडन (UMED TANDAN) पिता राज कुमार टंडन (RAJ KUMAR TANDAN) एवं आधार कार्ड में दर्ज उमेन्द्र टंडन (UMENDR TANDAN) पिता राज कुमार टंडन (RAJ KUMAR TANDAN) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है। अर्थात मेरा ही नाम है ये दोनो नाम किसी अन्य व्यक्ति का नाम नहीं है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/ रहूंगी।
5. मैं यह शपथ अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं/ रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन - मैं शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पूर्वक शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक में वर्णित समस्त कथन मेरे स्वयं के ज्ञानविश्वास व जानकारी में सत्य व सही है अतः आज दिनांक... को इस शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता
उमेद टंडन

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
पता-पुराना बाजार चौक-कुरूद, फोन 7705-299149, Email-npkurud@yahoo.in, kurudnp@gmail.com.
क्र/2428/2/ राजस्व/न.पा./2026-27
कुरूद, दिनांक 01/09/2026
//नामान्तरण ईश्तहार सूचना//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **हादी खान पिता स्व. हुसैन खान,** निवासी- वार्ड क्र. 09 कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.), नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड क्र. 07 पुराना बाजार रोड में स्थित दुकान क्र. 114, साईज 11X12= 132 वर्गफुट में दो मंजिला पक्की दुकान अस्थायी लीज पर आबंटित है। उक्त दुकान को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र के आधार पर **मो. सफी खान पिता स्व. हादी खान,** निवासी- वार्ड क्र. 09 कुरूद, तह. कुरूद, जिला-धमतरी छ.ग.) के नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त नामान्तरण मे किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर स्वयं उपस्थित होकर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। बाद में प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
पता-पुराना बाजार चौक-कुरूद, फोन 7705-299149, Email-npkurud@yahoo.in, kurudnp@gmail.com.
क्र/2430/2/ राजस्व/न.पा./2026-27
कुरूद, दिनांक 01/09/2026
//नामान्तरण ईश्तहार सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री थानेश्वर प्रसाद शर्मा पिता स्व. श्री होरीलाल शर्मा,** निवासी- कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.), के नाम पर नगर पालिका परिषद् कुरूद के क्षेत्रान्तर्गत स्थित वीरसावरकर काम्पलेक्स मेघा रोड कुरूद में पक्का शट्टर युक्त निर्मित दुकान क्र. 19, साईज 10X12 = 120 वर्गफुट अस्थायी लीज पर आबंटित है। उक्त दुकान को मलमा बिक्री के आधार पर **श्रीमति सुशीला साहू पति श्री तोकेश्वर साहू,** निवासी वार्ड क्र. 02 शांतिनगर कुरूद, तह-कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.) के नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त नामान्तरण मे किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर स्वयं उपस्थित होकर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। बाद में प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
पता-पुराना बाजार चौक-कुरूद, फोन 7705-299149, Email-npkurud@yahoo.in, kurudnp@gmail.com.
क्र/2432/2/ राजस्व/न.पा./2026-27
कुरूद, दिनांक 01/09/2026
//नामान्तरण ईश्तहार सूचना//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्व. श्री रामगोपाल यादव पिता श्री द्वारू राम यादव** निवासी - वार्ड क्र. 08 सरोजनी चौक कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.),के नाम पर नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रान्तर्गत स्थित वीरसावरकर काम्पलेक्स मेघा रोड कुरूद में पक्का शट्टर युक्त निर्मित दुकान क्र. 144, साईज 17.5X12=210 वर्गफुट अस्थायी लीज पर आबंटित है। उक्त दुकान को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र के आधार पर **श्रीमति संगीता यादव पति स्व. श्री संजय यादव एवं श्री लक्ष्मीनारायण यादव पिता स्व. श्री रामगोपाल यादव,** निवासी वार्ड क्र. 08 सरोजनी चौक कुरूद, तह-कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.) के नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त नामान्तरण मे किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर स्वयं उपस्थित होकर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। बाद में प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

इलाज: आयुष्मान योजना के तहत हुआ ऑपरेशन, दूसरे दिन से चलने लगी मरीज

बिहार की 48 वर्षीय महिला की अंबेडकर अस्पताल में हुई सफल बाईपास सर्जरी

मरीज के हृदय की तीनों प्रमुख नसों में था ब्लॉकेज,

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में बिहार के मधुबनी जिले की 48 वर्षीय महिला की सफ्ल कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी की गई। मरीज के हृदय की तीनों प्रमुख कोरोनरी धमनियों में गंभीर ब्लॉकेज था, जिसे चिकित्सकीय भाषा में ट्रिपल वेसल डिजीज कहा जाता है।

साथ ही मरीज के हृदय की पंपिंग क्षमता लगभग 40 प्रतिशत थी। विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम ने मरीज की बीटिंग हार्ट कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी सफ्लतापूर्वक की। इस सर्जरी में बाईपास के लिए मैमरी आर्टरी का उपयोग किया गया। सामान्यतः आर्टेरियल ग्राफ्ट को लंबे समय तक प्रभावी रहने वाला ग्राफ्ट माना जाता है।

सीने की हड्डी को खोलकर गोल्ड स्टैंडर्ड : मरीज की सर्जरी मिडलाइन स्टर्नोटोमी तकनीक से की गई। इसमें सीने की मध्य हड्डी यानी स्टर्नम को सावधानीपूर्वक खोलकर हृदय तक पहुंच बनाई जाती है। कोरोनरी बाईपास सर्जरी में यह एक स्थापित एवं विश्वसनीय ऑपरेटिव तकनीक है, जिसे गोल्ड स्टैंडर्ड तकनीक के रूप में जाना जाता है। सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी भी अच्छी रही।

छत्तीसगढ़ के साथ पड़ोसी राज्यों के मरीजों का भी बढ़ा भरोसा

अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में ओपन हार्ट सर्जरी, कोरोनरी बाईपास सर्जरी, चेस्ट सर्जरी एवं विभिन्न वैस्कुलर सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। विभाग में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जटिल हृदय रोगों की सर्जरी की जा रही है। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के अनुसार, यह हमारे शासकीय चिकित्सा संस्थान के लिए गौरव की बात है कि अब छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बिहार सहित आसपास के राज्यों से भी मरीज जटिल हृदय एवं ओपन हार्ट सर्जरी के लिए अम्बेडकर अस्पताल का रुख कर रहे हैं।

अब कम उम्र में महिलाओं में भी बढ़ रहा है हृदय रोग का खतरा

डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि सामान्यतः पुरुषों की तुलना में महिलाओं में कोरोनरी आर्टरी डिजीज (ष्ट्रष्ठ) का जोखिम कम माना जाता है और महिलाओं में यह बीमारी प्रायः अधिक उम्र में सामने आती है। हालांकि, अनियंत्रित मधुमेह, मोटापा, तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन, पारिवारिक इतिहास, बढ़ता वजन, निष्क्रिय जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान जैसी स्थितियां महिलाओं में कम उम्र में भी हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकती हैं।

बेरला पुलिस की गौवंश तस्करी पर कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी अभय राम निषाद उम्र 27 वर्ष, निवासी सिलघट, थाना बेरला जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 31.08.2026 के सुबह करीबन 11:30 बजे ग्राम सिलघट के स्कूल के पास एक सफेद रंग का टाटा छोटा हाथी कमांक सीजी 07 डीडी 7864 को रोककर वाहन के डाला जिसमें त्रिपाल बंधा हुआ था कि अन्दर देखे तो 01 नग काला रंग का भैसा एवं 01 नग काला रंग का भैस भरा हुआ था।

वाहन चालक का नाम पूछने पर अपना नाम हेमन्त कुमार वर्मा पिता बृजलाल वर्मा उम्र 27 वर्ष साकिन पेड्रावन थाना धमधा जिला दुर्ग एवं वाहन के हेल्फर सीट में बैठे व्यक्ति का नाम पूछने पर जय कुमार ढीमर पिता खेदू ढीमर उम्र 51 वर्ष साकिन भिलौरी थाना धमधा जिला दुर्ग का होना बताये। दोनो व्यक्ति उक्त वाहन में 01 नग भैसा एवं 01 नग भैस को बिना दाना पानी के क्रूरतापूर्वक ठुस कर भरकर गला को रस्सी से बांध कर क्रूरतापूर्वक वाहन में भरकर ले जा रहे थे। जिसे कहां से ला रहे हो पूछने पर धीवनपूरी सिमगा से भिलौरी धमधा ले जाना बताये। कि वाहन चालक हेमन्त कुमार वर्मा एवं जय कुमार ढीमर उम्र 51 वर्ष, निवासी भिलौरी थाना धमधा जिला दुर्ग द्वारा छ0ग0 के कृषक पशुओ का वध हेतु टाटा छोटा हाथी कमांक सीजी 07 डीडी 7864 में कुरता पूर्वक भरकर परिवहन कर ले जाते मिला है।

रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध सदर धारा छ.ग.कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 पशुओ के प्रति कुरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 घ का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पेज 1 का शेष...

सभी विवि रिक्त पदों को...

अनुरूप प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए उन्हें शीघ्र भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में नियमानुसार स्थानीय योग्य एवं प्रतिभाशाली लोगों को प्राथमिकता देने के प्रयास किए जाएं, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर मिल सके।

आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों...

भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति, क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापारिक सहयोग और पर्यावरण जैसे गंभीर मुद्दों पर अपना रुख दुनिया के सामने मजबूती से रख रहा है। वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव इस सम्मेलन में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।

मोदी-जिनपिंग आपस में करते...

तमाम वैश्विक नेता सबसे पहले एक साथ पारंपरिक ग्रुप फोटो के लिए मंच पर एकत्रित हुए। इसके बाद जब सभी राष्ट्राध्यक्ष हॉल से बाहर निकलने लगे, तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक-दूसरे के करीब आ गए। दोनों नेताओं ने आपस में हाथ मिलाया, मुस्कुराकर एक-दूसरे का कुशलक्षेम पूछा और साथ-साथ चलते हुए बातचीत की।

वैश्विक और क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से बेहद अहम मुलाकात

बिश्केक में पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच हुई इस मुलाकात और संक्षिप्त बातचीत को अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं। सीमा संबंधी मुद्दों और कूटनीतिक संबंधों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच दोनों शीर्ष नेताओं का एक-दूसरे से मुस्कुराकर मिलना और बातचीत करना यह दर्शाता है कि वैश्विक मंचों पर संवाद के रास्ते हमेशा खुले हैं। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच भविष्य के कूटनीतिक रिश्तों के लिहाज से भी खास मानी जा रही है।

भूपेश के पीए और ओएसडी...

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी के तौर पर काम कर चुके हैं। वर्तमान में वे बलरामपुर में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। ऐसे में ईडी की टीम द्वारा उनसे पूछताछ किए जाने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

धमतरी में भी जांच

जांच एजेंसी की टीम चेतन बोरघारिया के अमलतास पुरम स्थित घर पर जांच कर रही है। करीब छह सदस्यीय टीम दो वाहनों से वहां पहुंची थी और दस्तावेजों समेत अन्य रिकॉर्ड की पड़ताल किए जाने की जानकारी है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बल भी तैनात रहे। फिलहाल बलरामपुर, दुर्ग और धमतरी में हुई इन कार्रवाइयों को लेकर ईडी की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। जांच पूरी होने और एजेंसी की ओर से जानकारी जारी किए जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि इन कार्रवाइयों का दायरा क्या है और जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले...

कोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने बताया कि आरती वासनिक एक वर्ष से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं। मामले में चार्जशीट पहले ही दाखिल हो चुकी है। साथ ही ट्रायल के दौरान 100 से अधिक गवाहों का परीक्षण किया जाना है, जिसके चलते मुकदमे की प्रक्रिया लंबी चल सकती है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि मुकदमे में हो रही देरी अभियुक्त की वजह से नहीं, बल्कि अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण हो रही है। इन परिस्थितियों को भी जमानत के पक्ष में महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

सीबीआई ने प्रत्यक्ष भूमिका का आरोप नहीं लगायाः बचाव पक्ष

आरती वासनिक की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता पी.बी. मुरेश के साथ अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा ने पक्ष रखा। बचाव पक्ष ने अदालत के सामने तर्क दिया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से आरती वासनिक की किसी प्रत्यक्ष भूमिका का आरोप नहीं लगाया गया है। सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि कथित तौर पर मामले से लाभान्वित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां फिलहाल स्थगित हैं। बचाव पक्ष ने मामले की मौजूदा परिस्थितियों और आरोपियों की हिरासत की अवधि को देखते हुए नियमित जमानत दिए जाने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की जंतर-मंतर...

दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद सीजेपी नेताओं से किए गए तीनों वादे पूरे करने के लिए सरकार वचनबद्ध है।

सुप्रीम कोर्ट ने 13 एफआईआर रद्द करने की मांग पर सुनवाई की

- नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर दर्ज 13 एफआईआर रद्द करने की दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई की। यह मांग भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने की थी।
- पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान मौजूद रहे 2873 लोगों की भूमिका की जांच के लिए नई एफआईआर दर्ज करने की परमिशन भी मांगी है।
- एसजी मेहता ने कहा था- हम एक एआई (इंटरलोक्यूटरी एप्लिकेशन) दाखिल करना चाहते हैं। यह प्रदर्शन से जुड़ा है और एफआईआर रद्द करने के लिए है। हम संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल कर रहे हैं।
- आवेदन में कहा गया था कि केंद्र सरकार के 25 जुलाई के फैसले के अनुसार, दिल्ली पुलिस कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनों से जुड़ी 13 एफआईआर आगे नहीं चलाना चाहती।

पीएनबी में 17 करोड़ के...

की शाखा है, जिसमें 17 करोड़ रुपए के नकली नोट मिले हैं।

नेपाल के सात जिलों में...

16 लोगों की मौत हुई है। चितवन में अब तक सबसे ज्यादा 321 शव बरामद हुए हैं। जबकि 4400 से ज्यादा लोग लापता हैं।

नवा रायपुर में खुलेगा प्रतिष्ठित...

पूरी होने के साथ ही भूमि की रजिस्ट्री भी पूर्ण कर ली गई। इसके साथ ही नवा रायपुर में संस्थान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

जस्टिस मोहपात्रा होंगे छत्तीसगढ़...

4 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। वहीं, कॉलेजियम ने जस्टिस संजय के. अग्रवाल के साथ ही गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस अल्पेश यशवंत कागजी को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट और राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की अनुशंसा की है।

CGHB छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-जगदलपुर
प्रथम निविदा आमंत्रण क्र. 63
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षे./वृत्त- जगदलपुर के अधिनस्थ संभाग दंतेवाड़ा में निक्षेप कार्य अंतर्गत जिला बीजापुर में ...
http://cghb.gov.in/ एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग दंतेवाड़ा मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें।
S-48915/2 उपायुक्त

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202608104500013/ब-121/सन्-2025-26
मामले की श्रेणी-राजस्व
पतोरा प.ह.न. 00024 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- क्षितिज देवांगन, पायल देवांगन, खिलेश्वरी देवांगन /अनावेदक पक्षकार- नीरा देवांगन, गीता देवांगन, प्रतिमा देवांगन, सरिता देवांगन
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पतोरा प.ह.नं. 24 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक क्षितिज देवांगन पिता स्व गोवर्धन देवांगन अन्य 02 निवासी ग्राम कुम्हारी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम पतोरा प.ह.नं. 24 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1070 (0.0700 हे.), 1335/1 (0.5200 हे.), 1336 (0.2200 हे.). 1622/1 (0.3900 हे.), हे. का आवेदक एवं अनावेदक नीरा देवांगन व अन्य 03 के मध्य विधिवत सभी खाताधारी का बराबर बराबर 1/7 अर्थ के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 09.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय - में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/08/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं गुपेन्द्र चंद्राकर (GUPENDRA CHANDRAKAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी खुमान चन्द्राकर (KHUMAN CHANDRAKAR) वर्तमान निवासी ग्राम अंडा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) एतद् द्वारा में पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ। ग्राम अंडा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम गुपेन्द्र चंद्राकर (GUPENDRA CHANDRAKAR) पिता खुमान चंद्राकर (KHUMAN CHANDRAKAR) है और मैं अपना नाम बदलकर नया नाम गोपेन्द्र कुमार (GOPENDRA KUMAR) पिता खुमान सिंह (KHUMAN SINGH) करवाना चाहता हूं। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम कार्य करता है, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
गुपेन्द्र चंद्राकर
पिता खुमान चन्द्राकर
वर्तमान निवासी ग्राम अंडा
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.135/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक कृष्ण कुमार पति स्व. अशोक ढीमर निवासी ढीमरपारा दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल भूमि शीट कमांक 29 ए भूखंड कं. 30 क्षेत्रफ्ल 85 वर्गमीटर भूमि धारकगण बिसन्ती बाई पति स्व. धिराजी ढीमर, रेखा, राजो, सुधा पिस. धिराजी, प्रमिला पति स्व. अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, कोमल कुमार, सुनीता पिस. स्व. अशोक कुमार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक बिसन्ती की मृत्यु दिनांक 21.01.2022 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक के विधिक वारिसानो का नाम पूर्व से नजूल अभिलेख मे दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक सहधारकं का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर शेष सहधारक का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.09.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **34941** दिनांक **01.09.2026**
वार्ड का नाम- **39 - ठाकुर प्यारे लाल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **39** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR560B00137** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **NAZUL NANDU YADAV** पिता / पति श्री/ श्रीमती **SARJU YADAV** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **JUGLI BAI DADSENA** पिता /पति श्री/श्रीमती **JEEVAN DADSENA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **OTHERS** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हितग्राही श्री संतोष कुमार गुप्ता पिता स्व . मेवा लाल गुप्ता को भवन क्र.- MIG - 146 कॉलोनी टाटीबंध रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, द्वारा आबंटित हैं, हितग्राही द्वारा आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर फ्री होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन किया जाना है, इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा जिला-रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 07701-233830, ई.मेलः- cmognawapara@gmail.com
क्रमांक / 551 / लो.नि.वि./न.पा.प./2026 -27 **गोबरा नवापारा, दिनांक 31/08/2026**
!! मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम) !!

नगर पालिका परिषद पालिका परिषद गोबरा नवापारा जिला-रायपुर (छ.ग.) अंतर्गत् 15वें वित्त आयोग मद से नगर के विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र-A में प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building SOR & PWD Electrical SOR w.e.f. 10.06.2026 PWD Road SOR 15.06.2026, PHE SOR 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर (निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसार) आमंत्रित की जाती हैं। निर्धारित निविदा प्रारूप विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

1. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - दि. 22.09.2026 समय-सायं 05:00 बजे तक।
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - दि. 23.09.2026 समय दोपहर 01:00 बजे तक ।

क्र.	कार्य का नाम	अनु. ला. राशि रू. (लाख में)
01	न. पा. परिषद गोबरा नवापारा क्षेत्रांतर्गत् 05 नग पृथक-पृथक निर्माण/ विकास कार्य	45.13

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय मे प्राप्त की जा सकती हैं।

टीप :- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी.डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गोबरा नवापारा,

जिले के खेल सितारों को मिला सम्मान, खिलाड़ियों का बढ़ा हौसला

राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शालेय खिलाड़ी हुए सम्मानित

छुईखदान/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में केकती बाड़ी खेल मैदान में जिला स्तरीय खिलाड़ी पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रतिभाशाली शालेय खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने से खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री डॉ. नवनीत सतीष जैन ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद कर उनके खेल अनुभव और उपलब्धियों की जानकारी ली तथा उनकी मेहनत और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

डॉ. जैन ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ी भी बड़े मंच तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने सम्मानित खिलाड़ियों से इसी तरह मेहनत जारी रखते हुए भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित किए जा रहे जिले के यही खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर छत्तीसगढ़ और जिले का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह की अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर ने की। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को समय पर सम्मान और प्रोत्साहन मिलने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पार्षद पन्ना मंडावी, महामंत्री रौशन चंद्राकर, भाजयुमो जिला मंत्री कमलेश साहू, भाजयुमो अध्यक्ष नवीन चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष शुभम विश्वास सहित जिला खेल अधिकारी, प्रशिक्षक, खेल प्रेमी एवं जिले के खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक खेल अधिकारी प्रिंकेश कश्यप, शितांशु गुप्ता (फुटबॉल कोच, खेलो इंडिया लघु केंद्र), ताजू खान, गौरी, नीलू सिंह, जनक साहू, रोहित आँचला, रोशनी रावटे, कुशाल सिंह, निधि साहू, आशीष पटेल, अमित सेन एवं रूपेंद्र साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने कलेक्टर शर्मा को बांधी राखी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर मनोविकास केन्द्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात की और उन्हें रक्षासूत्र बांधा।इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किया गया स्नेह से भरा विशेष उपहार भी कलेक्टर को भेंट किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए उपहार की सराहना की और उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर बच्चों में खुशी और उत्साह देखने को मिला तथा उनके रचनात्मक कार्यों और प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला। कलेक्टर ने बच्चों के साथ आत्मीय पल बिताए और उनकी प्रतिभा व लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में असीम क्षमताएं हैं और इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व उचित अवसर प्रदान करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

न्यूज गैलरी

मोक्ष के लिए सर्व विरति धर्म अपनाना जरूरीः भव्य मुनि

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में आयोजित चातुर्मासिक व्याख्यान के अंतर्गत आज पू. भव्य मुनि जी ने कहा कि गुरु भगवंत श्रावक के समक्ष प्रवचन स्वाध्याय में सर्वप्रथम खीर रूपी स्वाध्याय परोसते हैं, अच्छी बातों का उपदेश पहले देते हैं बाद में संसार की असारता बताते हैं। पूज्य श्री ने आगे कहा कि बच्चों को पूछो पढ़ने में आनंद है तो जवाब मिलेगा नहीं। पढ़ाई करना सर दर्द है परीक्षा पास करनी है इसीलिए पढ़ना पड़ता है वैसे ही हम प्रवचन या स्वाध्याय भी इसी तरह श्रवण करते हैं टाइम पास के लिए या गुरु भगवंत कहते हैं इसलिए, अगर गंभीरता से स्वाध्याय श्रवण करे तो जरूर हमारा भला हो सकता है। चारित्र को एक प्रकार से हम एक रिस्क मानते हैं। पू. भव्य मुनि श्री ने कहा कि शास्त्र कहता है कि बिना धर्म की शरण सुख पाना असंभव है। सच्चा धर्म परमात्मा की आज्ञानुसार जीवन जीने में है। वर्तमान में सुखी कौन है? आलीशान दुकान में ए.सी. में बैठा व्यापारी भी बिना ग्राहक के परेशान है। तो एक गरीब व्यक्ति तपती दोपहरी में फुटपाथ में दुकानदारी करता ग्राहकी में व्यस्त है और उसी में सुख का अनुभव करता है। हमारा शासन एवं परमात्मा धर्म का साम्राज्य है जिसकी शासन के प्रति परमात्मा के प्रति श्रद्धा समर्पण और आज्ञा पालन की भावना होगी उसे जीवन में सुख की प्राप्ति होगी जो कि अक्षय सुख होगा। हम संसार में रहकर थोड़ी बहुत भक्ति कर ढेर सारा सुख प्राप्त करना चाहते हैं जो कि असंभव है। बिना चारित्र एवं सर्वविरति धर्म स्वीकार किए बिना अक्षय सुख प्राप्त नहीं हो सकता। संसार के प्रति जितना आकर्षण होगा उतनी दुख की परिनीति बढ़ती जाएगी। पू. भव्य मुनि ने कहा कि सर्व विरति ही मोक्ष की प्रथम सीढ़ी है। संसार अंत में खतरनाक है और चारित्र अपनाने जैसा है। संसार की असारता को समझ कर उससे निवृत्ति के उपाय ढूंढ निकालने में ही मनुष्य की सफलता है जीवन का उद्देश्य असार संसार में भटकना नहीं, बनावटी ढंग से रहना नहीं अपितु अपने आत्म स्वरूप को प्राप्त करना है।

जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ी और मल्लखम्ब विजेता को किया सम्मानित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अगस्त माह में प्रदेश के 156 खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया है। इनमें जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के 3 खिलाड़ी गौरव डहरिया सॉफ्टबॉल, स्वर्गीय दिलीप कुमार साहू व्हीलचेयर फेंसिंग तथा सुश्री स्वाती साहू कयाकिंग-कैनोइंग शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बताया कि शासकीय सेवा में नियुक्ति करने की नीति, 2007 के प्रावधानों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विभिन्न शासकीय विभाग में सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति पात्रता होगी। उन्होंने हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इसी अवसर पर 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, जांजगीर-चांपा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के मल्लखम्ब खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 11 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 01 स्वर्ण, 02 रजत एवं 02 कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनमे से 3 खिलाडी नेशनल के लिये भी चयनित हुए है।

मोर्चा: सभी तथ्य स्पष्ट होने तक नहीं उठेंगे, पुलिस पर राजनीतिक दबाव का लगाया आरोप

कार्रवाई की मांग लेकर थाने में बैठ गए विधायक, कहा-जांच होगी तभी जाएंगे

भाटापारा/नवप्रदेश। लंबित मामलों में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए भाटापारा विधायक इंद्र साव ने सोमवार को पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। विधायक दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों के साथ भाटापारा ग्रामीण थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। विधायक ने स्पष्ट किया कि जब तक चारों मामलों में निष्पक्ष जांच नहीं होती और सभी तथ्य सामने नहीं आते, तब तक वे थाने से नहीं उठेंगे।

विधायक के साथ पहुंचे ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों ने भी पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए लंबित मामलों में जल्द कार्रवाई की मांग की। विधायक का आरोप है कि कई मामलों में चार से छह महीने या उससे अधिक समय बीत जाने के बावजूद जांच पूरी नहीं हुई है और पीड़ित परिवारों को बार-बार आवेदन देने के लिए कहा जा रहा है। धरने के दौरान सड़क हादसे में हुई मौत और संदिग्ध परिस्थितियों में मौत सहित चार मामलों को प्रमुखता से उठाया गया। एक मामले में सड़क दुर्घटना में पति की मौत के बाद निष्पक्ष जांच और वर्तमान जांच अधिकारी को बदलने की मांग की गई है। वहीं रूपेश साहू की संदिग्ध मृत्यु के मामले में परिजनों ने मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। आवेदन के अनुसार रूपेश साहू 14 मार्च 2026 से लापता था और 17 मार्च को उसका शव बरामद हुआ था।

पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

धरने के दौरान विधायक इंद्र साव ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस जांच के नाम पर समय काट रही है और कुछ मामलों में मुख्य आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि परिजनों के दबाव बनाने के बाद पुलिस नए आवेदन मांगती है, जिससे जांच प्रक्रिया महीनों तक लंबित हो जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है तो चार से छह महीने बाद भी मामलों के तथ्य स्पष्ट क्यों नहीं हुए। विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक दबाव में भी काम कर रही है। उन्होंने भाटापारा के एक भाजपा नेता के दबाव का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके कारण मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई प्रभावित हो रही है।

'व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है धरना'

विधायक इंद्र साव ने कहा कि उनका धरना किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफनहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए है। उन्होंने कहा कि पुलिस को कानून और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि किसी राजनीतिक दबाव में। विधायक ने दो टूक कहा कि जब तक चारों मामलों में सभी तथ्य स्पष्ट नहीं होते और निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती, तब तक हम थाने में बैठे रहेंगे। विधायक के धरने के बाद थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी बढ़ गई। पुलिस अधिकारियों ने मामलों की जांच और कार्रवाई को लेकर अपना पक्ष रखा, लेकिन विधायक तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

प्रशासन ने अनियमितता पर गोपाला डेयरी का संचालन किया प्रतिबंधित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रतिषेध आदेश के परिपालन में बलौदाबाजार में डेयरी एनालॉग के विरुद्ध कलेक्टर कुलदीप शर्मा निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा गोपाला डेयरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार सम्बंधित आवश्यक दास्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर संचालन बंद कराया गया। निरीक्षण के दौरान गोपाला डेयरी में उपलब्ध पनीर और दही की गुणवत्ता पर डेयरी एनालॉग होने का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से पनीर एवं दही का वैधानिक नमूना सेंपल जब्त किया गया। इन नमूनों को विस्तृत रासायनिक विश्लेषण के लिए तत्काल राज्यं खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

OFFICE OF CHIEF MUNICIPAL COUNCIL NARAYANPUR, DIST.- NARAYANPUR(C.G.)

Landline- 07781-252278 Email- cmonarayanpur@rediffmail.com

No./2269/NPP/PWD/2026 **NARAYANPUR, DATE- 01.09.2026**

E-Procurement Tender Notice 2nd Call

Online bids in three envelop system are invited for the following Costruction works up to date 23.09.2026 at 17.30 Hours.

Sl. No.	Description	Cost of Tender (In Lacs)
1	Construction of Ahata At Saraswati Shishu Mandir Narayanpur (System Tender No. 198562)	10.00

Note :-
1- The details can be downloded online directly from the government of chhattisgarh e-procurment Portal - https://eproc.cgstate.gov.in in form 31.08.2026 at 17.30 Hours.
2- For more details on the tender and biding process please visit the above mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narayanpur

भगवान श्रीकृष्ण की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा

नगरी/नवप्रदेश। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी को नगरी नगर में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाने को लेकर यादव समाज नगरी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन्माष्टमी उत्सव को भव्य एवं आकर्षक रूप से मनाने को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा करते हुए जिम्मेदारियां भी तय कीं।

छुईखदान कृषि महाविद्यालय के 11 स्टूडेंट्स ने रचा सफलता का इतिहास

छुईखदान/नवप्रदेश। रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के विद्यार्थियों ने सीईटी-पीजी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत 28 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने सीईटी-पीजी में सफलता हासिल करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय कृषि महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि स्नातक विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीईटी-पीजी परीक्षा आयोजित की जाती है।

चार अलग-अलग शहरों में मिला प्रवेश

छुईखदान महाविद्यालय से चयनित विद्यार्थियों में ओजस्वी चौहान और जसवंत सिंह का कृषि विस्तार तथा सौरभ वर्मा का एग्री बिजनेस मैनेजमेंट विषय में कृषि महाविद्यालय, रायपुर में प्रवेश हुआ है। आकांक्षा यादव का आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, अनामिका बिन्झेकर का पादप रोग विज्ञान तथा भावना ठाकुर का सस्य विज्ञान विषय में कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर में चयन हुआ है। वहीं विवेक सोनकर का आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन तथा विवेक कुमार और चमन साहू का सस्य विज्ञान विषय में कृषि महाविद्यालय, अंबिकापुर में प्रवेश हुआ है। इसके अलावा शैलेन्द्र वर्मा का सस्य विज्ञान तथा यशु कुमार यादव का मृदा विज्ञान विषय में कृषि महाविद्यालय, जगदलपुर में चयन हुआ है।

कार्यालय नगर पंचायत बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

cmobodla@rediffmail.com Pho. 07740253505

क्रमांक / 863/लो.नि.वि./ न.पं./2026-27 बोड़ला दिनांक 01.09.2026

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम निविदा) //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत निम्न कार्य हेतु ई-प्रोक्यरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रण की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	सिस्टम नम्बर	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से) (राशि रू. में)	टेंडर प्रोसेसिंग फीस(डी.डी. के माध्यम से) (राशि रू. में)	निर्धारित समय अवधि	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	198569	Construction Work Of SABHA KAKSH & TOILET NIAR S.D.M. OFFICE AT N.P. BODLA (1ST CALL)	24.91	18700.00	1500.00	06 माह	22.09.2026
2	198570	Construction Work Of MUKTIDHAM AT WARD 01 N. P. BODLA (1ST CALL)	9.97	7500.00	750.00	06 माह	22.09.2026

टीप :- उपरोक्त कार्यो हेतु नियम एवं शर्तें, अमानात राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट **http//cgeproc.cgstate.gov.in** व **www.uad.cg.gov.in** से अवलोकन किया जा सकता है तथा किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Bodla

DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH

संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़

विभागाध्यक्ष भवन, ब्लाक-3, तृतीय/चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर

Phone: 0771-2221376, https://dte.cg.gov.in/#/, Email-cgdtecounselling@gmail.com

:: सत्र 2026-27 में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की सूचना ::

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। इस हेतु अभ्यर्थी का साइट https://dte.cg.gov.in /#/, https://cgdte.admissions.nic.in/ पर उपलब्ध कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, की अधिसूचना क्रमांक एफ-9-5/2023/तक. शि./42 अटल नगर, दिनांक 11 मई 2023 में प्रकाशित निम्न प्रवेश नियम के अनुसार अर्हता होना अनिवार्य है।

1. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक.) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023, 2. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक.) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023, 3. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश नियम-2023, 4. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश नियम-2023, 5. छत्तीसगढ़ की पॉलिटेक्निक संस्थाओं के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023

ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की प्रवेश प्रक्रिया का अवलोकन भी उपरोक्त वेब साइट के माध्यम से किया जा सकता है, तत्संबंधी तिथियॉं निम्नानुसार है।

संस्था स्तर हेतु तिथियाँ

काउंसिलिंग गतिविधि	पंजीयन (Registration)	मेरिट जारी	दावा आपत्ति	आबंटन रिजल्ट (Allotment Result)	प्रवेश (Admission)
1. Diploma Engg. & Arch, 2. CDDM/ID, 3. MOM/HMCT 4. Diploma Engg. (Lateral Entry),	03rd September 2026 10:00 AM से 06th September 2026 11:59 PM तक	07th September 2026 05:00 PM बजे	1- मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में 08th September 2026 प्रातः 10:00 AM उपस्थित होना अनिवार्य होगा। 2-संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने की कार्यवाही 08th September 2026 01:00 PM से 09th September 2026 01:00 PM तक ' की जाएगी। 3-यदि संस्था में सीटें रिक्त रहती हैं तो 09th September 2026 अपराह्न 01:30 PM बजे से 09th September 2026 अपराह्न 05:30 PM बजे तक निम्नलिखित सभी अभ्यर्थीयों को मेरिट सूची के अनुसार अवसर प्रदान किया जाएगा - जो दिनांक 08th September 2026 को (क) उपस्थित नहीं हो पाए (अनुपस्थित)। (ख) उपस्थित हुए लेकिन उन्हे आबंटन नहीं मिला (ग) सीट आवंटित / प्रवेशित है परंतु वे अपने उच्च वरीयता (Higher Preference) विषय / विकल्प का चयन करना चाहते हैं।		
5. B.Tech, 6. B.Tech (Lateral Entry), 7. M.Tech, 8. MCA, 9. MBA पाठ्यक्रम हेतु	05th September 2026 10:00 AM से 08th September 2026 11:59 PM तक	09th September 2026 05:00 PM बजे	1- मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में 10th September 2026 प्रातः 10:00 AM उपस्थित होना अनिवार्य होगा। 2- संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने की कार्यवाही 10th September 2026 01:00 PM को 11th September 2026 01:00 PM तक' की जाएगी। 3- यदि संस्था में सीटें रिक्ता रहती हैं तो 11th September 2026 अपराह्न 01:30 PM बजे से 11th September 2026 अपराह्न 05:30 PM बजे तक निम्नलिखित सभी अभ्यर्थीयों को मेरिट सूची के अनुसार अवसर प्रदान किया जाएगा - जो दिनांक 10th September 2026 को (क) उपस्थित नहीं हो पाए (अनुपस्थित)। (ख) उपस्थित हुए लेकिन उन्हें आबंटन नहीं मिला। (ग) सीट आवंटित / प्रवेशित है परंतु वे अपने उच्च वरीयता (Higher Preference) विषय/ विकल्प का चयन करना चाहते हैं।		

महत्वपूर्ण निर्देश :- 1. विस्तृत नियम, अर्हता, ऑनलाइन आवेदन काउंसलिंग प्रक्रिया, एवं आगामी संशोधनों की पूर्ण जानकारी हेतु निरंतर विभागीय वेबसाइट https://dte.cg.gov.in/ एवं https://cgdte.admissions.nic.in/ का अवलोकन करते रहे। 2. प्रत्येक चरण की काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थी को पृथक से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। 3. संस्था स्तर की कार्उंसिलिंग हेतु आवेदन करने पर, यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रवेश लिया हुआ है, तो वह तब तक निरस्त नहीं होगा, जब तक की अभ्यर्थी संस्था स्तर की कार्उंसिलिंग में प्रवेश नहीं लेगा। 4. रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिनों में भी प्रवेश संस्थाएं एवं सुविधा केंद्र खुले रहेंगे। 5. किसी भी सहायता के लिए अभ्यर्थी सुविधा केंद्र एवं नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 0771-2221376 पर कार्यालयीन समय में संपर्क करें।

जी-262703065/2

अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone-08

Manual Tender Invitation Notice (1st Call)

Letter No- 30/P.W.D./N.N.R./Zone-8/2026, **Raipur Date 31.08.2026**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यो के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/पंजीकृत किराया भण्डार/फर्मो से आयटम दर/पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09/09/2026 दिन बुधवार सायं 5:00 बजे तक। अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरिक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 15/09/2026 दिन मंगलवार ।
3. जोन आयुक्त कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक - 08 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग- में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 22/09/2026 दिन मंगलवार सायं 5:30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक - 23/09/2026 दिन बुधवार को प्रातः 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	S.O.R.	ठेकेदार की श्रेणी	फार्म का प्रकार
1	महादेव घाट स्थित विसर्जन कुण्ड में दुर्गा जी विसर्जन हेतु पंडाल, टेबल, कुर्सी, स्टेज, बेरिकेंटिंग, लाईट, जनरेटर, साउण्ड आदि व्यवस्था कार्य।	5.61	5000.00	750.00	1 Month	Item Rate	Class "D" & Above	B

निविदा की शर्तेः-
1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई- पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित) /पंजीकृत किराया भण्डार। 3. बैंक सॉल्वेंसी (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए) 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (3B) (विगत 03 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु.का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी. आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवयश्क है। तथा जो एफ. डी. आर. जीवित होना आवयश्क है। 7. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त न.पा.नि. रायपुर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
3. प्रस्तुत की जाने वाली दरें जी.एस.टी. एवं अन्य समस्त कर व चार्जेस सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
4. **टीप :-** अन्य निविदा की शर्ते एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्रमांक-08 में अवलोकन किया जा सकता है।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम रायपुर

ओडिशा से पंजाब जा रहा 18 किलो गांजा पकड़ा, दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

■ 11.15 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल, एनएच-53 पर कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 18 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने गांजे के साथ दो स्कूटी और दो मोबाइल फोन समेत कुल 11 लाख 15 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

ओडिशा से गांजा खरीदकर पंजाब ले जाने की थी तैयारी

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अलग-अलग स्कूटियों से गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर रेहटीखोल अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी। इसी दौरान पुलिस ने ओडिशा नंबर की टीवीएस जुपिटर स्कूटी (ओडी 15 एजी 0972) को रोककर चालक से पूछताछ की। चालक ने अपना नाम दीपक कुमार साहनी (31), निवासी गोपालगंज, बिहार बताया।

पूछताछ में दीपक ने बताया कि उसके पीछे दूसरी स्कूटी आ रही है, जिसमें गांजा रखा हुआ है। वह ओडिशा से छत्तीसगढ़ सीमा तक दूसरी स्कूटी की पायलटिंग कर रहा था। कुछ देर बाद पुलिस ने बताई गई दूसरी स्कूटी सीजी 04 आरबी 3286 को भी रोक लिया।

स्कूटी की डिक्की और प्लास्टिक थैले से मिला गांजा

दूसरी स्कूटी चला रहे युवक ने अपना नाम विशाल शाह (23), निवासी पश्चिम चंपारण, बिहार बताया। पुलिस ने स्कूटी की तलाशी ली तो सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में दो पैकेट और डिक्की में टेप से पैक किया हुआ एक पैकेट मिला। जांच में इन पैकेटों में कुल 18 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में विशाल ने बताया कि गांजा ओडिशा से खरीदा गया था और इसे आगे बिक्री के लिए पंजाब ले जाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 18 किलो गांजा कीमत 9 लाख रुपये, दो टीवीएस जुपिटर स्कूटी कीमत करीब 2 लाख रुपये तथा दो मोबाइल फोन कीमत 15 हजार रुपये जब्त किए। इस तरह कुल जब्ती 11 लाख 15 हजार रुपये की बताई गई है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, दोनों जेल भेजे गए

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में धारा 20(बी)(द्वि)(बी), 29(1) एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

न्यूज गैलरी

लिलेझर में नेवता भोजन कराया गया

चारामा/नवप्रदेश। शा उ मा वि लिलेझर में संस्था के पूर्व शिक्षिका स्वर्गीय तरुणा प्रधान के जन्म दिवस के अवसर पर 1 सितंबर को संस्था के 400 छात्र छात्राओं, शिक्षक एवं शाला प्रबंध एवं विकास समिति के सदस्यों को नेवता भोजन करकर विद्यालय को स्मृति चिन्ह के रूप में डॉक्टर अब्दुल कलाम, सावित्रीबाई फुले, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भगत सिंह तथा सुभाष चंद्र बोस का बड़े आकार में तस्वीर भेंट किया गया। विदित हो की श्रीमती तरुणा प्रधान का 25 अप्रैल2026 को आकस्मिक निधन हो गया था।नेवता भोजन में उनके पति निरंजन प्रधान,पुत्री कोहिमा प्रधान, पुत्र याहित प्रधान के साथ-साथ शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरदेव बगमरिया ,डुमेश्वर रावटे ,पूर्व सरपंच किरण देवी भुआर्य, जनपद सदस्य गरिमा रावते ,ओमप्रकाश घरात, राजकुमार पटेल, राजेंद्र कंगी अल्पना बगमरिया ,आरती घरत उपस्थित रहे।प्राचार्य लखन लाल ठाकुर ने तरुणा प्रधान के कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके परिवार के प्रति के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक राजेश कोमरा, विजय राय ,कमलेश चंद्र सिंहसार, ईश्वर कोरिया श्वेता रानी लाल, टोमनलाल तारमेंद्र ,अभिजीत सरकार, सष्मिता शर्मा ,राजेश महावीर , गौतम शोरी,अवध मंडावी, संगीता कोसरिया ,मोनिका खत्री ,मुकेश आनंद सिंहा ,पूजा वैष्णव, हेमंत कोरांटिया, हेम कुमार, कु कमला, सुबीर गाईन, दीपाली चकटिया,गामिनी कुमेटी,अरशद खान, दउवाभेड़िया, देवराज , जसवनतीन तथा अंजू पिदा का योगदान रहा।

बुजुर्ग महिला घर में बेहोश मिली सिर पर चोट के निशान, जांच जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सिनोधा में एक 70 वर्षीय वृद्धा अपने घर में बेहोशी की हालत में मिली। उसके सिर पर चोट के निशान थे और खून बह रहा था। घटना के बाद उसे उपचार के लिए पटेवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पटेवा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार ग्राम सिनोधा निवासी हुमन सिंह गोंड़ (57) ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि वह पिछले छह वर्षों से मानबाई ध्रुव (70) के खेत में किसानी का काम करता है। 30 अगस्त की सुबह करीब 6 बजे वह मानबाई के घर पहुंचा तो सामने का दरवाजा और कमरे का दरवाजा खुला था। कमरे में मानबाई खाट पर बेहोशी की हालत में पड़ी थीं। उनके सिर पर चोट का निशान था और खून निकल रहा था।कमरे के अंदर दो पेटियां भी खुली हुई थीं और सामान बिखरा पड़ा था। हुमन सिंह ने पड़ोसियों खिलावन सिंह ध्रुव, अमन सिंह ध्रुव, पवन ध्रुव सहित अन्य लोगों को बुलाया। इसके बाद सभी ने मिलकर मानबाई को एंबुलेंस से पटेवा अस्पताल पहुंचाया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 309(6) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कोटवारी जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद, घर पर पत्थरबाजी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम घाटकछार में कोटवारी जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक महिला के घर पर ईंट-पत्थर फेंकने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। सिंघोड़ा पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम घाटकछार निवासी प्रमिला बेताल ने शिकायत में बताया कि 27 अगस्त की शाम करीब 7 बजे कोटवारी जमीन के बंटवारे की बात को लेकर अशोक बेताल और अरुण बेताल एक राय होकर उसके घर पहुंचे। आरोपियों ने दरवाजा धक्का देकर खोलने का प्रयास किया और गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान प्रमिला के छोटे बेटे प्रमोद बेताल के बाईं कोहनी, घुटने के पास और पेट में चोट आई। शिकायत के आधार पर सिंघोड़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक छोड़ने गए युवक से चिंगरौद में मारपीट, धमकी भी दी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम चिंगरौद में बाइक छोड़ने गए एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने यशवंत यादव सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम हथखोज, भिलेश्वर निवासी युवराज निषाद ने शिकायत दर्ज कराई कि वह 29 अगस्त को ग्राम चिंगरौद निवासी ओमप्रकाश की बाइक छोड़ने गया था। इसी दौरान चिंगरौद निवासी यशवंत यादव और अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए युवराज के साथ मारपीट की। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किराना दुकान संचालक से मारपीट, दो आरोपियों पर केस

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम चिंगरौद में किराना दुकान संचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 29 अगस्त को ग्राम चिंगरौद निवासी किराना दुकान संचालक हेमलाल यादव के साथ पप्पू निषाद और महेंद्र पटेल ने मारपीट की। घटना के बाद हेमलाल ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

सियासत: स्मार्ट मीटर और बदहाल सड़कों को लेकर प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

शहर कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

■ 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ आगामी चुनाव की रणनीति तैयार, जनसमस्याओं पर संघर्ष का लिया संकल्प

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी की आवश्यक मासिक बैठक शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री (संगठन) एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला, पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर सहित कांग्रेस पदाधिकारी, वार्ड एवं बूथ प्रभारी तथा वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बैठक में आगामी चुनावों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपने के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। वहीं, स्मार्ट मीटर के खिलाफ आमजन से भरवाए जा रहे शिकायत फॉर्म की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महंगाई, बिजली बिल और स्मार्ट मीटर पर सरकार को घेरा कांग्रेस नेताओं ने बढ़ती महंगाई, बिजली के बढ़े हुए बिल, स्मार्ट मीटर में कथित अनियमितताओं और शक्कर के बढ़ते दामों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि इन मुद्दों से आम जनता परेशान है और कांग्रेस जनहित में इन समस्याओं को लेकर संघर्ष करेगी।

बीटीआई और तुमगांव रोड की बदहाली पर जताई चिंता

बैठक में महासमुंद शहर की जर्जर सड़कों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। विशेष रूप से बीटीआई रोड और तुमगांव रोड की बदहाल स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार जनता की बुनियादी सुविधाओं और समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।बैठक को अमरजीत चावला, विनोद चंद्राकर, डॉ. रश्मि चंद्राकर, गुरमीत चावला, संजय शर्मा, निखिलकांत साहू, खिलावन बघेल, भरत ठाकुर, नीतेन्द्र बैनर्जी, सोनम बंसोड, गोविंद साहू और राजू साहू सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। संचालन खिलावन बघेल ने किया तथा आभार गुरमीत चावला ने व्यक्त किया।बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने और संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

बैंक खातों को किराए पर देकर साइबर ठगी का खेल

बिलासपुर साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने और संदिग्ध रकम के लेनदेन में इस्तेमाल किए जाने के मामले में रेंज साइबर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। मंगला स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की मैनेजर आरती कुरील की शिकायत पर पुलिस ने सांवरिया इंटरप्राइजेस और अजय फर्म हाउस नाम से संचालित बैंक खातों के धारकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। दोनों खातों में करीब 2.32 करोड़ रुपये की संदिग्ध लेनदेन का मामला सामने आया है।

बैंक मैनेजर ने पुलिस को बताया कि सांवरिया इंटरप्राइजेस के नाम से संचालित खाते के धारक राजकुमार धाकड़ (23), निवासी ग्राम निपनिया के खाते में 22 मई से तीन जून 2026 के बीच 12 लाख 11 हजार 680 रुपये का संदिग्ध लेनदेन पाया गया। इसी नाम से छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की व्यापार विहार शाखा में अमृत लाल जाट द्वारा भी खाता खुलवाए जाने की जानकारी बैंक ने पुलिस को दी है।

दूसरे मामले में अजय फर्म हाउस के नाम से संचालित खाते के धारक अजय कुमार सोनी (36), निवासी रामनगर, टिकरीपारा, तखतपुर के खाते में 18 मई से 12 जून 2026 के बीच दो करोड़ 20 लाख 68 हजार 443 रुपये का संदिग्ध हस्तांतरण दर्ज किया गया। रेंज साइबर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 317(5) और 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांवरिया इंटरप्राइजेस खाते में 12.11 लाख का संदिग्ध ट्रांजेक्शन

बैंक जांच में सांवरिया इंटरप्राइजेस के खाते से 22 मई से 3 जून के बीच 12 लाख 11 हजार 680 रुपये के संदिग्ध हस्तांतरण का पता चला। बैंक प्रबंधन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खाते को संदिग्ध रकम के ट्रांसफर के लिए अन्य लोगों को उपलब्ध कराने की आशंका है। मामले में बैंक स्टेटमेंट और खाताधारक के केवाईसी की सत्यापित प्रतियां पुलिस को सौंपी गई हैं।

भालू ने किया युवक पर हमला, गंभीर

चारामा/नवप्रदेश। लखनपुरी चारामा वन परिक्षेत्र अंतर्गत लखनपुरी उपक्षेत्र के ग्राम बानाटोला में सोमवार (31 अगस्त) की देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जेपरा निवासी युवक मिथिलेश (पिता दुलार गंगबेर) पर भालू ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मिथिलेश सोमवार रात्रि लगभग 11:00 बजे बारडोला से अपने गांव जेपरा की ओर पैदल अकेला जा रहा था। गांव से कुछ ही दूरी पर घात लगाए भालू ने उसे अकेला पाकर अचानक हमला कर दिया। युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ा। ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख भालू युवक को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। रात को बात यह रही कि वन विभाग की टीम उस समय साहवाड़ा क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त पर थी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और 108 संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से घायल युवक को रात्रि 12:00 बजे जिला अस्पताल कांकेर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। वन विभाग की टीम लगातार घायल के स्वास्थ्य और इलाज पर नजर बनाए हुए है। यह पूरा इलाका भालू और तेंदुओं की गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता है।

नदी-नालों व प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण का दिया संदेश

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक के विरासत, शिक्षा एवं संचार सेवा प्रभाग, नई दिल्ली एवं महासमुंद अध्याय के तत्वावधान में 30 अगस्त को वनरक्षक प्रशिक्षण केंद्र के व्याख्यान कक्ष में राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-2026 आयोजित की गई। इसमें नगर के 8 विद्यालयों के 78 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में शिशु संस्कार विद्यालय के मोहित पटेल व इशिता देवांगन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल की जाह्नवी भार्गव व प्रियंका तम्बोली की टीम द्वितीय तथा शिशु संस्कार केंद्र के लक्ष्य देवांगन व चुड़ामणि यादव की टीम तृतीय रही। मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव एवं इंटेक के आजीवन सदस्य विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विद्यार्थियों को विरासत संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए वृक्ष, नदी-नालों एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विजेता टीमों को स्मृति चिह्न एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में इंटेक के पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालक उपस्थित रहे।

चिप्स खिलाने का लालच देकर 9 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र में 9 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बालिका को चिप्स खिलाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर घटना को अंजाम दिया था।पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी की पतासाजी शुरू की।पुलिस के अनुसार, 28 अगस्त 2026 को शाम आरोपी बबलू देवार ने 9 वर्षीय बालिका को चिप्स खिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

9 लाख 92 हजार के गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। ऑपरेशन निश्चय अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के मार्गदर्शन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध परिवहन एवं विक्री के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है। अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों एवं चेक पोस्टों पर संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग एवं निगरानी की जा रही है।इसी कड़ी में दिनांक 31.08.2026 को थाना इंदागांव को मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक नीला, काला एवं हल्का हरी रंग की ड्यूक्स हज़हक्क स्कूटी जिसका क्रमांक ह्ह 08ह्द 8586 में अवैध मादक पदार्थ गांजा को दीगर प्रांत उड़ीसा राज्य से इंदागांव की ओर परिवहन कर ला रहे है कि सूचना पर हमराह स्टाफके घटना स्थल रवाना होकर घेराबंदी कर संदिग्ध आरोपियों को पकड़ा गया।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने आज मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लेकर मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।कलेक्टर ने ट्रॉमा सेंटर एवं आपातकालीन कक्ष, इंचार्ज रूम, ड्यूटी डॉक्टर कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, प्लास्टर रूम, ओपीडी पंजीयन, सर्जरी ओपीडी, आर्थो ओपीडी, सीटी स्कैन एवं फिजियोथेरेपी कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सा स्टाफकी नियमित रूप से ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए ।

विकास: मालगांव, बहेराबुड़ा, सोहागपुर और गंजाईपुरी में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

गरियाबंद/नवप्रदेश। मानसून के सीजन में रविवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र में आसमान से बारिश होती रही तो दूसरी ओर विकास कार्यों की भी बरसात हुई। लगातार हो रही बारिश के बीच विधायक रोहित साहू ने मालगांव, बहेराबुड़ा, सोहागपुर और गंजाईपुरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। बारिश के बावजूद विधायक ग्रामीणों के बीच पहुंचे और क्षेत्र को नए निर्माण कार्यों की सौगात देने के साथ कई विकास कार्यों की घोषणा भी की।

मालगांव में विधायक ने 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शीतला मंदिर भवन, 10 लाख रुपए के निषाद समाज सामुदायिक भवन, 10 लाख रुपए के यादव समाज सामुदायिक भवन, 5 लाख रुपए की लागत से मेन रोड

से धरसा मार्ग तक सीसी रोड, 2 लाख रुपए के दुर्गा मंदिर के पास टीन शेड और 2 लाख रुपए की लागत से वार्ड 8 से वार्ड 11 तक नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। बहेराबुड़ा में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया गया। वहीं कस पंचायत के सोहागपुर में गोस्वामी भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। इसके अलावा 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित कमार भवन और गंजाईपुरी में 10 लाख रुपए की लागत से बने टीन शेड का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि मोदी-साय सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार की योजनाओं से गांव-गांव में विकास और आम लोगों के जीवन में बदलाव दिखाई दे रहा है। गरीबों को पक्का मकान देने का काम विष्णु देव की सरकार कर रही है। महतारी वंदन योजना के तहत माताओं के खातों में हर महीने एक हजार रुपए पहुंच रहे हैं। एक परिवार में पांच विवाहित सदस्य हैं तो पांचों को योजना का लाभ मिल रहा है। भूमिहीन किसानों को सालाना 10 हजार रुपए और तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा बोनस दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंचाकर पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और विकास की सरकार है। गांव की समस्याओं और मांगों को विधायक एवं सरकार प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर था, भाजपा सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष लेखराम साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, सागर मयाणी, राधेश्याम सोनवानी, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, प्रह्लाद ठाकुर, रितेश यादव, प्रतीक सिंह उपस्थित थे। इसके अलावा मालगांव में सरपंच लखेंद्र ध्रुव, जनपद सदस्य भीम निषाद, उप सरपंच अब्दुल रहीम, मो. फारूख चौधरी, विजय टांक, ओम प्रकाश सिन्हा और बसंत निर्मलकर उपस्थित रहे। बहेराबुड़ा में सरपंच अनीता ध्रुव, डोंगेश्वर प्रसाद दुबे, अशोक देवांगन, कोमल ध्रुव, शंकर ठाकुर, भादूराम ध्रुव और आनंद मंडावी मौजूद रहे।

ग्रामीणों की मांग पर कई घोषणाएं

कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों की मांग पर बहेराबुड़ा में सर्व समाज सामुदायिक भवन, गंजाईपुरी में महिला भवन और गरियाबंद ब्लॉक में महिला मंडली भवन बनाने की घोषणा की। मालगांव की नारद मंडली को 30 हजार रुपए, श्याम ग्रुप की महिला मंडली को 10 हजार रुपए तथा बालिका टीम को वेशभूषा के लिए 10 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। विधायक ने कहा कि गांवों की जरूरत और ग्रामीणों की मांग के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं होगी और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जाएंगे।

धान खरीदी पंजीयन- संस्थागत छूट समाप्त, बिना एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं बिकेगा धान

■ संस्थागत और सह-खातेदार किसानों के लिए एकीकृत किसान पंजीयन एवं एग्रीस्टेक बकेट क्लेम अनिवार्य

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज पीडब्ल्यूडी के सभाकक्ष में एग्रीस्टेक एवं बकेट क्लेम में किसानों के पंजीयन के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों, कृषि विभाग, सहकारिता निरीक्षक, कृषि विस्तार अधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक एवं सभी समिति प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। सहखातेदार सभी का पंजीयन होना चाहिए। बकेट क्लेम में किसानों के पंजीयन लंबित है जिसके लिए कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि इस वर्ष धान बिक्री के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन एवं सह-खातेदारों का बकेट क्लेम (सहमति सत्यापन) अनिवार्य रहेगा। बकेट क्लेम जब किसी कृषि भूमि में एक से अधिक हिस्सेदारी दर्ज होते हैं, तो उसे संयुक्त खाता कहते है। प्रत्येक हिस्सेदार के नाम

से बकेट आई डी बनता है, इस बकेट को एग्रीस्टेक में पंजीयन कराना ही बकेट क्लेम कहा जाता है। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिये है कि बकेट क्लेम और किसानों के पंजीयन का कार्य समय-सीमा में पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों के माध्यम से स्थल पर ही सह खातेदारों का सत्यापन, ओटीपी आधारित सहमति और पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण करने को कहा।

छूट समाप्त, पंजीयन अनिवार्य

पिछले वर्षों में संस्थागत पंजीयन वाले किसानों को जो विशेष छूट दी गई थी, उसे इस वर्ष पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। अब संस्थागत सहित सभी श्रेणियों के किसानों का पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है। जिन किसानों का पंजीयन नहीं होगा, वे धान बिक्री से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने समिति प्रबंधकों एवं संबंधित अमले को सभी लंबित बकेट क्लेम का कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सह-खातेदारों का ओटीपी के माध्यम से सत्यापन

संयुक्त खाते की स्थिति में सभी सह-खातेदारों (जैसे भाई, बहन या अन्य हिस्सेदार) का बकेट क्लेम अनिवार्य किया गया है। यदि सह-खातेदार बाहर या दूसरे शहर में रहते हैं, तो उनका भौतिक रूप से उपस्थित होना आवश्यक नहीं है। समिति या केंद्र से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर ऑनलाइन सहमति प्राप्त की जा सकती है। जब तक सभी सह-खातेदारों का सत्यापन पूर्ण नहीं होगा, तब तक धान खरीदी की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।

घोषणा पत्र अनिवार्य

जो किसान या संस्थागत खाताधारक इस वर्ष धान नहीं बेचना चाहते हैं, उनसे लिखित घोषणा पत्र लिया जाएगा। इसमें यह दर्ज रहेगा कि वे स्वेच्छा से पंजीयन नहीं करा रहे हैं और भविष्य में धान न बिकने पर समिति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जांच और नोटिस की तामीली

समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि लंबित बकेट क्लेम वाले किसानों को जारी नोटिस की विधिवत तामीली कराएं। बाद में किसी प्रकार की शिकायत या विवाद की स्थिति न बने।

न्यूज गैलरी

जिले में देशी-विदेशी मदिरा अहाता अनुज्ञप्तियों के लिए ऑनलाइन निविदा

दुर्ग/नवप्रदेश। ज़िले के देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से संलग्न अहाता समूह क्रमांक 18 दादर (चरोदा) में संलग्न सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता) दादर (चरोदा) एवं अहाता समूह क्रमांक 36 कुगदा कुम्हारी में संलग्न सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता) कुगदा कुम्हारी के लिये वर्ष 2026-27 के शेष अवधि हेतु पहले आओ पहले पाओ नीति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा के माध्यम से पुनर्व्यवस्थापन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी से के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 4 सितंबर की प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगी, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी सातों दिन अनवरत जारी रहेगी।

स्कूलों में ब्रह्माकुमारीज का नशामुक्ति जागरुकता अभियान जारी

भिलाई/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे 10 करोड़ नशा मुक्ति महाअभियान के तहत भिलाई अंचल के विभिन्न स्कूलों एवं संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण की प्रतिज्ञा दिलाई गई। केपीएस कुटेलाभाटा, शासकीय हाई स्कूल कृष्णा नगर, मॉडल टाउन, फरीदनगर, खमरिया, वैशालीनगर, कचांदुर, रिसाली, उतई, सेक्टर-6, 7, 8 सहित अनेक विद्यालयों में कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा ने कहा कि नशामुक्ति का संकल्प इस दिशा में पहला कदम है। दृढ़ इच्छाशक्ति, राजयोग ध्यान और श्रेष्ठ संगति के माध्यम से नशे जैसी बुराइयों से दूर रहा जा सकता है। अभियान को सफल बनाने में प्रीति, पूजा, इंद्राणी, मयंक, शांति, सुमन एवं गायत्री सहित अन्य बहनें सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

नियम तोड़ने वालों से 87 सौ वसूला जुर्माना

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन क्रमांक-1 के वार्ड 7 राधिका नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं निगम नियमों के पालन को लेकर दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गीला-सूखा कचरा अलग नहीं रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, डस्टबिन नहीं रखने, अनुज्ञप्ति लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन और नाली में अतिक्रमण पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में सत्यम चाय नाश्ता से 700, शाह बुद्धिन किराना स्टोर से 400, कुसुम जनरल स्टोर से 500 और अनिल इडली डोसा सेंटर से 5 सौ जुर्माना वसूला। डस्टबिन नहीं रखने पर बार्बर हेयर कटिंग से 400 और अनिल डोसा सेंटर से 200 रुपये की चालानी कार्रवाई हुई। सांझ रेस्टोरेंट से अनुज्ञप्ति लाइसेंस संबंधी उल्लंघन पर 5 हजार तथा सुशील मुखर्जी से नाली में अतिक्रमण के लिए 1 हजार जुर्माना वसूला गया। निगम टीम ने कुल 8700 रुपये की राशि वसूल की।

उत्पादन-प्रेषण में कई नए कीर्तिमान, यूआरएम ने पहली बार पार किया 100 लॉन्ग रेल रेक का आंकड़ा

प्लेट मिल और यूआरएम ने रचा नया इतिहास

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल एवं यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने अगस्त 2026 में उत्पादन एवं प्रेषण के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्लेट मिल ने उत्पादन और प्रेषण में पांच नए रिकॉर्ड बनाए, जबकि यूआरएम ने पहली बार एक माह में 100 से अधिक लॉन्ग रेल रेक का प्रेषण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। दोनों मिलों का यह प्रदर्शन संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता, बढ़ी हुई उत्पादकता, निरंतर सुधार और टीम भावना को दर्शाता है।

इन उपलब्धियों के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने प्लेट मिल एवं यूआरएम का दौरा कर दोनों विभागों के कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने टीम के समर्पण, अनुशासन और बेहतर समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का प्रदर्शन संयंत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न कार्यपालक निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

लॉन्ग रेल के कुल प्रेषण में भी भिलाई इस्पात संयंत्र ने नया सर्वकालिक रिकॉर्ड बनाया। अगस्त में संयंत्र से कुल 119 ईयूआर रेक का प्रेषण हुआ, जो जून 2026 में दर्ज 111 ईयूआर रेक के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से अधिक है। यूआरएम द्वारा अकेले 100 से अधिक लॉन्ग रेल रेक भेजना संयंत्र की उत्पादन एवं प्रेषण क्षमता में हुए महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाता है।

बनाए पांच नए रिकॉर्ड

प्लेट मिल ने अगस्त 2026 में 1,25,214 टन का सर्वश्रेष्ठ अगस्त उत्पादन दर्ज किया, जिसने अगस्त 2025 के 1,20,448 टन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही मिल ने डायरेक्ट प्रेषण में 85,101 टन, हाई टेंसाइल प्रेषण में 40,050 टन, दैनिक रोड प्रेषण में 1,699 टन तथा 52 ट्रॉलियों का नया रिकॉर्ड बनाया। अगस्त माह में प्लेट मिल का कुल प्रेषण भी 1,28,159 टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

यूआरएम ने पहली बार भेजे 100 से अधिक लॉन्ग रेल रेक

यूनिवर्सल रेल मिल ने अगस्त 2026 में 260 मीटर रेल पैनल के 102 ईयूआर रेक का प्रेषण कर पहली बार एक माह में 100 रेक का आंकड़ा पार किया। इससे पहले यूआरएम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जून एवं जुलाई 2026 में 94-94 ईयूआर रेक का था। मई 2026 से यूआरएम लगातार चौथे माह निर्धारित क्षमता के अनुरूप प्राइम उत्पादन करने में सफल रहा है। इसके बाद 100 से अधिक लॉन्ग रेल रेक का प्रेषण मिल की उत्पादन क्षमता, परिचालन स्थिरता और प्रभावी ग्राहक प्रेषण व्यवस्था को दर्शाता है।

राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर पायल राजानी ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

कुम्हारी/नवप्रदेश। पीएमश्री सेजस कुम्हारी की कक्षा 8वीं की प्रतिभावान छात्रा कु. पायल राजानी ने राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसई में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पायल को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए राज्य के उत्कृष्ट विद्यार्थियों के साथ महामहिम राष्ट्रपति से मिलने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। गत दिनों राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस विशेष मुलाकात में पायल ने राज्य के अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ सहभागिता की। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विद्यालय प्राचार्य विजया श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पायल को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पायल की यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। सफलता ने यह संदेश दिया है कि मेहनत, लगन और उचित मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

आयुक्त ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, अफसरों को दिए निर्देश

■ गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने दिए निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह ने शहर में चल रहे एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नेहरू नगर पूर्व सीवर लाइन, चंद्रा मौर्या के सामने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन, पावर हाउस जवाहर मार्केट तथा वार्ड क्रमांक 22 कुरूद में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रीन टाउन के प्रस्तावित कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

आयुक्त ने सीवर लाइन की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था बेहतर करने तथा बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचाव

के लिए आवश्यक कदम उठाने कहा। हाइजीनिक फूड जोन के निर्माण में तेजी लाते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जवाहर मार्केट में प्रस्तावित कार्यों की प्रक्रिया जल्द पूरी कर निर्माण शुरू कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रीन टाउन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त डीके को, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, अरविन्द शर्मा, नितेश मेश्राम, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता रीमा जामुलकर सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दुर्ग जिले में बढ़ा स्वाइन फ्लू का खतरा, 13 मरीज मिले, 2 होम आइसोलेशन में, 7 भर्ती

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब तक 13 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 4 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट चुके हैं। 2 मरीजों का इलाज घर पर चल रहा है, जबकि 7 संक्रमित मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग इन सभी मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इस समय सबसे ज्यादा सावधानी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को बरतने की जरूरत है। इनमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। इन लोगों में संक्रमण होने पर गंभीर परेशानी का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में अधिक रहता है।



जिले में सामने आए 13 मामलों में से 4 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, 2 मरीजों की स्थिति ऐसी है कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी और उनका इलाज घर पर ही चल रहा है।

महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग संक्रमण को लेकर पूरी तरह सतर्क है। जिले के सभी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि एच-1 एन-1 का कोई मरीज सामने आने पर इसकी जानकारी तुरंत जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को दी जाए। स्वाइन फ्लू की शुरुआत कई बार सामान्य बुखार, सर्दी-जुकाम और खांसी जैसे लक्षणों से होती है। ऐसे में लोग इन्हें सामान्य बीमारी समझकर इलाज में देरी कर देते हैं। बुखार, खांसी, गले में खराश या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की अपील की है। घर और आसपास साफ-सफाई रखने पर भी जोर दिया गया है। डॉ. बंजारे ने बताया कि अस्पतालों को मरीजों के इलाज के साथ संक्रमण को दूसरे लोगों तक फैलने से रोकने सावधानी बरतने निर्देश दिए।

छत गिरी, महापौर ने पहुंचकर लिया जायजा

दुर्ग/नवप्रदेश। लगातार हो रही बारिश के बीच नगर पालिक निगम दुर्ग के कैलाश नगर वार्ड 19 में शत्रुहन साहू के छानी वाले मकान के एक कमरे की छत गिर गई। हादसे के समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही महापौर अलका बाघमार, पार्षद रंजीता पाटिल, मनमोहन शर्मा सहित अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रभावित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और मकान की स्थिति का निरीक्षण किया। महापौर ने परिवार के सदस्यों एवं बच्चों की कुशलता पूछते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शत्रुहन साहू ने कहा कि पिछले करीब 17 वर्षों से कैलाश नगर में परिवार के साथ रह रहे हैं। लगातार बारिश के कारण मकान की स्थिति प्रभावित हुई और एक कमरे की छत अचानक गिर गई। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नागरिकों की सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिकता है।

शिक्षा नीति और ज्ञान परम्परा संस्कृत से संभव है : आचार्य शर्मा

भिलाई/नवप्रदेश। संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं, अपितु यह भारतीय ज्ञान-विज्ञान परम्परा, साहित्य और दर्शन की आधारशिला है। योग-साधना, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण की आज भी प्रेरणा इसी से मिलती है। अनन्त काल तक भारतीय संस्कृति का संरक्षण भी ये करेगी। ये उद्गार हैं आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा के। साहित्य, संस्कृति और शिक्षा के सन्दर्भ में देश-विदेश के अनेक सफल दौरे कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा विगत दिवस शासकीय विश्वनाथ यादव

तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में संस्कृत सप्ताह के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि की आसन्दी से बोल रहे थे। संस्कृत विभाग एवं योग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में उन्होंने आगे कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-भारतीय ज्ञान परम्परा संस्कृत से प्रेरित हैं, अतः उसके बिना ये असम्भव हैं। विज्ञान, गणित, ज्योतिष, भूगोल,खगोल, राजनीति और अर्थशास्त्र का आधार भी संस्कृत है। पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ.शर्मा ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी इस स्वर्णिम विरासत से जुड़े। जड़ों से जुड़ेंगे तो उन्नति होगी। अध्यक्षता करते हुवे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.अभिनेष सुराना ने संस्कृत को संस्कृति और भारतीय ज्ञान परम्परा की आधारभूत भाषा बताया। प्रोफ़ेसर सुराना ने आगे कहा कि भाषा कौशल, अनुशासन, चिंतन, तर्क और सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के विकास में भी संस्कृत विशेष सहायक है। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. एके पाण्डेय ने भारतीय इतिहास और संस्कृति के अध्ययन में संस्कृत को विशेष उपयोगी बताया। अनेक पुस्तकों के लेखक आचार्य डॉ. शर्मा ने अपनी पुस्तक ÷छत्तीसगढ़ में संस्कृत सभी उपस्थितों को भेंट कीं। इसमें भारतीय ज्ञान परम्परा की भी जानकारी है।सबने इसमें रुचि और जिज्ञासा व्यक्त की। संस्कृत विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के सभी गुरु-शिष्यों को तिलक लगाकर अनुकूल वातावरण बनाया।

श्रमदान से बने 3360 सोख्ता गड्ढे: घरेलू पानी जमीन में सोखने और भू-जल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी

मोर गांव मोर पानी अभियान में महिलाओं की बड़ी पहल

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के नेतृत्व में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गंदे पानी के सुरक्षित प्रबंधन के लिए 'मोर गांव मोर पानी' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और स्वच्छताग्राहियों ने श्रमदान से अब तक 3360 सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया है।

अभियान का उद्देश्य घरों से निकलने वाले गंदे पानी को गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर खुले में बहने से रोकना है। इससे

गांवों में स्वच्छता बेहतर होने के साथ जलजनित बीमारियों की रोकथाम और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा मिलेगा।

महिलाओं ने अपने घरों से की शुरुआत

अभियान की खास बात यह है कि स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'पहले खुद से शुरुआत' की पहल के तहत अपने घरों से ही काम शुरू किया। 15 अगस्त से शुरू हुए अपशिष्ट जल प्रबंधन सप्ताह के दौरान महिलाओं ने घरों के आसपास सोख्ता गड्ढे बनाए और अन्य ग्रामीण परिवारों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

महिलाओं ने श्रमदान से करीब 2 से 3 फीट गहरे गड्ढे तैयार किए, जिनमें ईंट, पत्थर और कंकड़ जैसी स्थानीय सामग्री का उपयोग किया गया। इससे घरेलू पानी जमीन में सुरक्षित रूप से सोखने और भू-जल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी। अभियान में सेप्टिक टैंक के ओवरफ्लो से खुले में बहने वाले पानी के सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था भी की जा रही है। सोख्ता गड्ढों के निर्माण के लिए जनपद स्तर पर अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नोडल अधिकारियों के माध्यम से अभियान की नियमित निगरानी भी की जा रही है।

महिला सशक्तिकरण की प्रभावी मिसाल पेश की

जिला प्रशासन की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। वहीं, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं जनभागीदारी और महिला सशक्तिकरण की प्रभावी मिसाल पेश कर रही हैं।

संभाग आयुक्त ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने संभागीय कार्यालय के सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में शिक्षा व्यवस्था, नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान, निर्माण कार्य, जलाशयों में जलभराव और प्राथमिक सहकारी समितियों के गठन की समीक्षा की गई।

संभाग आयुक्त ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को स्कूलों में किसी प्रकार की परेशानी या शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निलंबित शिक्षकों को आरोप पत्र जारी कर विभागीय जांच शुरू करने तथा नियमानुसार

उन्हें पुनः सेवा में लेकर विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर स्कूलों में पदस्थ करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों को विद्यार्थियों और ग्रामीणों के साथ अनुशासित एवं बेहतर व्यवहार करने की समझाइश देने कहा। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान लगातार जारी रखने तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने निर्देश दिए। निर्माण एजेंसियों को स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्य निर्धारित समय में पूरा कर संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने कहा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सौर सुजला योजना का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। खपरी और मटियामोती जलाशयों में 100 प्रतिशत जलभराव हो चुका है, जबकि तांदुला, खरखरा और मोहड़ सहित अन्य जलाशयों में 80 से 85 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है।

महानदी में उफान से बढ़ी चिंता : सिकासार-सोंढूर जलाशय लबालब, राजिम संगम में दिखा रौद्र रूप

राजिम/नवप्रदेश। लगातार हो रही बारिश ने राजिम और आसपास के इलाकों में बाढ़ की आशंका बढ़ा दी है। बड़े जलाशयों में कैटमेंट एरिया से बड़ी मात्रा में पानी पहुंचने के साथ महानदी और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर भी लगातार ऊपर जा रहा है। नदियों में पानी की आवक बढ़ गई है। राजिम के त्रिवेणी संगम से लेकर नवापारा तक महानदी का फैलाव अब साफ तौर पर नजर आने लगा है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी कर लोगों से नदी और जलाशयों के आसपास जाने से बचने की अपील की है।

सिकासार में 84% भराव, 6000 क्यूसेक पानी

गरियाबंद जिले के सिकासार जलाशय में पानी का भराव 84 फीसदी तक पहुंच चुका है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन के मुताबिक जलाशय में करीब 6000 क्यूसेक पानी लगातार पहुंच रहा है, जबकि करीब 4000 क्यूसेक पानी पैरी नदी में छोड़ा जा रहा है। लगातार आवक बनी रहने से जलाशय के जलस्तर पर विभाग की लगातार निगरानी है।

गंगरेल में 93% से ज्यादा पानी, मुरुमसिल्ली पूरी तरह लबालब: कैचिमेंट एरिया में बारी बारिश से धमतरी जिले के गंगरेल जलाशय में भी पानी तेजी से बढ़ा है। यहां 93.35 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है और करीब 9,844 क्यूसेक पानी की आवक बनी हुई है। वहीं मुरुमसिल्ली जलाशय 100 प्रतिशत भर चुका है। इसके बावजूद करीब 3,836 क्यूसेक पानी लगातार पहुंच रहा है। जलाशय से सायफन के जरिए पानी गंगरेल की ओर जा रहा है, जिससे आगे जल प्रबंधन को लेकर विभाग की चिंता बढ़ गई है। दुधावा जलाशय में 82.86 प्रतिशत जलभराव हो चुका है और यहां करीब 807 क्यूसेक पानी की आवक जारी है। सोंढूर जलाशय में 68.78 प्रतिशत पानी भर चुका है, जबकि करीब 595 क्यूसेक पानी लगातार पहुंच रहा है। लगातार बारिश जारी रहने पर इन जलाशयों का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है।

गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया तो बढ़ सकती है मुश्किल

जलाशयों में लगातार पानी की आवक को देखते हुए गंगरेल जलाशय से महानदी में पानी छोड़ने की स्थिति बन सकती है। यदि ऐसा होता है तो राजिम क्षेत्र में महानदी का जलस्तर और ऊपर जाने की संभावना रहेगी। इसका असर विशेष रूप से संगम क्षेत्र और नदी किनारे बसे निचले इलाकों पर पड़ सकता है।

राजिम संगम में महानदी का रौद्र रूप

जलाशयों में बढ़ते पानी का असर राजिम के त्रिवेणी संगम में भी दिखाई दे रहा है। कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर का चबूतरा चारों ओर से पानी से घिरा नजर आ रहा है। महानदी की धार तेज होने के साथ पानी का फैलाव भी काफी बढ़ गया है। राजिम और नवापारा के नदी तटीय हिस्सों में महानदी का पानी दूर तक फैला हुआ दिखाई दे रहा है। नवापारा में पंचेश्वरनाथ महादेव मंदिर के आसपास भी पानी की तेज धार नजर आ रही है।

नदी किनारे बसे गांवों को ज्यादा सावधानी की जरूरत

शहरी इलाकों की तुलना में नदी किनारे बसे गांवों और निचले क्षेत्रों में खतरा ज्यादा है। जलस्तर बढ़ने की स्थिति में इन इलाकों में पानी घुसने की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने ग्रामीणों से नदी के पास जाने से बचने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की है।

जिला प्रशासन की अपील- नदी किनारे न जाएं

लगातार बारिश और जलाशयों में बढ़ती आवक को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने कहा है। महानदी, पैरी नदी और अन्य जलस्रोतों के किनारे अनावश्यक रूप से जाने से बचने की सलाह दी गई है।फिलहाल बारिश का दौर जारी है और जलाशयों में पानी की आवक भी बनी हुई है। ऐसे में आने वाले घंटे राजिम क्षेत्र के लिए अहम माने जा रहे हैं। जलस्तर में और बढ़ोतरी होने पर प्रशासन को अतिरिक्त कदम उठाने पड़ सकते हैं।

न्यूज गैलरी

अस्पताल में भर्ती किरण देव को देखने पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव का हालचाल जानने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह दिल्ली पहुंचे। दोनों नेताओं ने किरण सिंह देव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव हाल ही में सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उत्तर प्रदेश के झांसी से सटे ललितपुर में हा-44 पर उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई थी। हादसा बुधवार दोपहर हुआ। कमर में आई चोट, चलने-फिरने में हो रही दिक्कत हादसे के बाद किरण सिंह देव को तत्काल झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। हादसे में उनकी कमर में चोट आई है, जिसके चलते उन्हें चलने-फिरने में परेशानी हो रही है। शुरुआती चिकित्सकीय जांच में उनके शरीर में किसी तरह के फ्रैक्चर की पुष्टि नहीं हुई थी। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे अधिकारी और कार्यकर्ता किरण सिंह देव के सड़क हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों में भी हलचल मच गई थी। डीएम और एसएसपी समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं, भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे थे। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

चिल्फी बार्डर पर 2.23 करोड़ का गांजा जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चिल्फी बॉर्डर पर पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक से 4 क्विंटल 47 किलो 445 ग्राम गांजा बरामद किया है। तस्करी के लिए गांजे को कंटेनर ट्रक के अंदर बनाए गए गुप्त चेंबर में छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 23 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

गुप्त चेंबर में छिपाकर ले जा रहे थे गांजा: पुलिस के अनुसार, चिल्फी बॉर्डर पर संदिग्ध वाहनों की जांच के दौरान कंटेनर ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में बनाए गए विशेष गुप्त चेंबर का पता चला। चेंबर की जांच करने पर उसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था। पुलिस टीम ने गांजे को बाहर निकालकर उसका वजन कराया, जो कुल 4,47,445 ग्राम यानी 4 क्विंटल 47 किलो 445 ग्राम पाया गया।

पुलिस टीम को मिला 25 हजार रुपये का इनाम

गांजा तस्करी की इस बड़ी कार्रवाई पर आईजी अजय यादव ने पुलिस टीम की सराहना की। उन्होंने कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। पुलिस का कहना है कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

2.50 करोड़ से ज्यादा का मशरूका जब्त: पुलिस ने गांजे के अलावा तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे कंटेनर ट्रक और मोबाइल फोन को भी जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक जब्त किए गए पूरे मशरूके की कुल अनुमानित कीमत 2.50 करोड़ रुपये से अधिक है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के जरिए गांजे की सप्लाई कहां से हुई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही इस अंतर्राज्यीय तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। आरोपी से अभी पूछताछ की जा रही है।

17 किलो गांजा तस्करी के आरोपी को सात साल सश्रम कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की प्रभावी विवेचना और मजबूत साक्ष्यों के चलते गांजा तस्करी के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश बलौदाबाजार श्रीमती संगीता नवीन तिवारी के न्यायालय ने 31 अगस्त 2026 को यह फैसला सुनाया।

मामला 8 जून 2025 का है। थाना भाटापारा शहर में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक कुलमणी बारीक को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उड़ीसा से जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जरिए गांजा लेकर अंतरराज्यीय तस्कर भाटापारा पहुंचने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल स्टेशन रोड स्थित मस्जिद एवं हनुमान मंदिर अंडरब्रिज के पास घेराबंदी की। पुलिस की घेराबंदी देखकर तस्करों में भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस जवानों ने पीछा कर मुख्य आरोपी शिबा रायता को ट्रॉली सूटकेस एवं बैग सहित पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से भूरे रंग के सेलो टेप में लिपटा 17.060 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार, प्रकरण की विवेचना के दौरान तलाशी, जब्ती, पंचनामा एवं तौल की कार्रवाई नियमानुसार गवाहों की मौजूदगी में की गई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन का सत्यापन किया गया। आरोपी के पास से मिले मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच के माध्यम से भी तस्करी नेटवर्क से संबंधित साक्ष्य जुटाए गए। स्वतंत्र गवाहों के बयान एवं फॉरेंसिक रिपोर्ट सहित आवश्यक साक्ष्य संकलित कर समयबद्ध तरीके से न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। विशेष प्रकरण हृष्ठक्र क्र. 16/2025 में विचारण के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक श्री संतोष कुमार कन्नौजे द्वारा प्रस्तुत तर्कों तथा विवेचना अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक कुलमणी बारीक द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट तहत दोषी ठहराया। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

जशपुर में 60 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑपरेशन आघात के तहत बागबहार पुलिस ने गांधी चौक के पास घेराबंदी कर एक वैन्यू कार से करीब 60 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल कार भी जब्त की है। गांजा और वाहन की कुल कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 4 से 5 बजे टेक्निकल टीम और मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की तरफ से एक वैन्यू कार में बड़ी मात्रा में गांजा लेकर तस्कर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई। इसके बाद बागबहार पुलिस ने संभावित रास्तों पर नाकाबंदी शुरू कर दी।

ट्रैक्टर को ओवरटेक करते पुलिया से टकराया छोटा हाथी, 13 मजदूर घायल

- कुरूद अंचल की खस्ताहाल सड़कों पर जानलेवा साबित हो रही रफ्तार

कुरूद/नवप्रदेश। कुरुद अंचल में लंबे समय से बदहाल, गिट्टी उखड़ी और गड्ढों से पटी सड़कों का खामियाजा एक बार फिर निर्दोष ग्रामीणों को भुगतना पड़ा है। मंगलवार सुबह सिवनीखुर्द से आलेखुंटा जा रही मजदूरों से भरी 'छोटा हाथी' (पिकअप) अनियंत्रित होकर कातलबोड़ पुलिया के डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में 13 मजदूर घायल हो गए, जिनमें चार महिलाओं की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

गड्ढों से बचने और ओवरटेक की होड़ में हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनीखुर्द से 17 मजदूर खेती के काम के लिए छोटा हाथी वाहन (क्रमांक छ्त्त 04 त्त्न 4898) में सवार होकर निकले थे। कातलबोड़ के पास सड़क पर मौजूद अनगिनत गड्ढों और संकरे मार्ग के बीच चालक हेमराज अंसारी ने आगे चल रहे एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश की। सड़क की जर्जर हालत के चलते वाहन संतुलन खो बैठा और सीधे पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

गंभीर घायल और उपचार

हादसे में गंभीर रूप से घायल चार महिलाओं–ज्योति कंवर, पूर्णिमा पटेल, कुंती पटेल और दिनेश्वरी के सिर व छाती में गहरी चोटें आई हैं।

अन्य घायलः जामुन साहू (30), सोमनी पटेल (35), रेवती ध्रुव (48), अशोक कुमार, शेषनारायण साहू, परमानंद ध्रुव (40), पुनुराम पटेल और चालक हेमराज अंसारी शामिल हैं।

राहत कार्य: सूचना मिलते ही डायल 112 के आरक्षक रेखराम बंजारे एवं चालक मेघराज साहू ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल कुरूद सिविल अस्पताल पहुंचाया।

रेफरलः प्राथमिक उपचार के बाद चारों गंभीर घायल महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया।

अंचल की जर्जर सड़कों पर प्रशासन बेपरवाह

कुरूद क्षेत्र के ग्रामीण व संपर्क मार्गों की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। सड़कों पर उभरे बड़े-बड़े गड्ढे और पुल-पुलियाओं पर संकेतक व सुरक्षा मानकों का अभाव आए दिन जानलेवा साबित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन लोक निर्माण विभाग और जिम्मेदार प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। तेज रफ्तार वाहनों को गड्ढों से बचाने के चक्कर में अक्सर ऐसे गंभीर हादसे हो रहे हैं।

फिलहाल पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर चालक के विरुद्ध वैधानिक जांच शुरू कर दी है।

अर्टिगा और हाईवा की जोरदार टक्कर, कार के उड़े परखच्चे, एयरबैग खुले, सड़क पर लगा लंबा जाम

राजिम/नवप्रदेश। राजिम में मंगलवार शाम अर्टिगा कार और हाईवा की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और एयरबैग खुल गए। कार सवार लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थित को नियंत्रित किया।

जानकारी के मुताबिक, अर्टिगा कार में 3 महिलाएं और 3 पुरुष सवार थे। सभी रायपुर से राजिम पहुंचे थे और भगवान राजीव लोचन मंदिर में दर्शन करने के बाद वापस रायपुर लौट रहे थे। इसी दौरान पं. श्यामाचरण शुक्ल चौक के पास राजिम की ओर आ रही हाईवा से कार जा टकराई।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के दौरान कार के दोनों एयरबैग खुल गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में सवार लोगों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे की सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में दो-तीन महिलाओं को गंभीर चोंट लगी है।

पुलिस ने यातायात सामान्य कराया

दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और आवागमन सामान्य कराया। फिलहाल पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

प्रेम प्रसंग का खूनी अंतः युवक की हत्या कर कुएं में फेंका, चार दोषियों को उम्रकैद

- 2020 के बहुचर्चित योगेश सेन हत्याकांड में कोर्ट का फैसला, पत्नी समेत चार दोषियों को धारा 302 में आजीवन कारावास, साक्ष्य मिटाने के मामले में भी सजा

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम खुटेरी में करीब छह साल पहले हुए योगेश कुमार सेन हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट मोनिका जायसवाल ने चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने लेखराम उर्फ बाला पटेल, उसकी पत्नी भुवनेश्वरी पटेल, उमेश पटेल और सुरेश पटेल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।अदालत ने चारों दोषियों को धारा 201 के तहत तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 500-500 रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार ग्राम खुटेरी निवासी योगेश कुमार सेन 26 नवंबर 2020 की रात करीब साढ़े 9 बजे अपनी मां से यह कहकर घर से निकला था कि वह भुवनेश्वरी पटेल को लेने उसके घर जा रहा है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद योगेश के पिता बेदराम सेन ने 28 नवंबर को खल्लारी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

दो दिन बाद कुएं में मिली थी लाश

29 नवंबर को खुटेरी में पुलिस को एक युवक का शव कुएं से मिला। शव की पहचान योगेश कुमार सेन के रूप में हुई। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस के सामने मृतक और भुवनेश्वरी पटेल के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई। योगेश उसी रात भुवनेश्वरी को लेने उसके घर जाने की बात कहकर निकला था और बाद में उसका शव लेखराम पटेल के घर के पास स्थित कुएं में मिला।

पूछताछ में खुला हत्या का राज

पूछताछ के दौरान लेखराम पटेल से कड़ाई से पूछताछ की। अभियोजन के मुताबिक पूछताछ में उसने अपनी पत्नी भुवनेश्वरी पटेल, भाई उमेश पटेल और सुरेश पटेल के साथ मिलकर योगेश पर लोहे की टंगिया से हमला करने और घायल अवस्था में उसे कुएं में डालने की बात बताई। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया सहित अन्य सामान जब्त किया।विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

ढलानों पर बनेगी जल-संरक्षण की राह, संवरेंगे खेत और गांव

रायपुर/नवप्रदेश। वर्षा जल के बेहतर प्रबंधन, मिट्टी के कटाव को रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में रायगढ़ जिले में स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच एवं कंटूर ट्रेंच निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ढलान वाले क्षेत्रों में किए जा रहे ये कार्य वर्षा जल के तेज बहाव को नियंत्रित कर उसे भूमि में समाहित करने में सहायक होंगे, जिससे खेतों की नमी और भूमि की उत्पादकता को बनाए रखने में मदद मिलेगी। जिले में कुल 16 हजार 873 ट्रेंच निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो लगभग 38.27 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किए जाएंगे। इन कार्यों के लिए 52.55 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

इस योजना के अंतर्गत रायगढ़, खरसिया और तमनार विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 28 कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

उत्तर छत्तीसगढ़ में झमाझम बारिश बादलों से ढंका सरगुजा का मैनपाट

नदी में बहे युवक का शव 2 दिन बाद मिला, अगस्त में 5 दशक बाद इतनी बारिश

सरगुजा/नवप्रदेश। उत्तर छत्तीसगढ़ में लगातार मानसूनी बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। 5 दशक बाद अगस्त में रिकार्ड बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही बारिश का आंकड़ा औसत से अधिक हो गया है। सरगुजा का मैनपाट तीन दिनों से बादलों से ढंका हुआ है और मौसम सुहाना बना हुआ है। मैनपाट में लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। सरगुजा में घुनघुट्टा नदी के रपटे में शनिवार रात बहे युवक का शव दो दिनों बाद मिला है।

उत्तर छत्तीसगढ़ में जून और जुलाई में बलरामपुर को छोड़कर अन्य जिलों में औसत से काफी कम वर्षा हुई थी। अगस्त में मानसूनी मेहरबान हुआ और बारिश का आंकड़ा शत प्रतिशत को पार कर गया है।

पांच दशक बाद अगस्त में इतनी बारिश

इस साल अगस्त माह में बारिश का नया रिकार्ड बना है। अगस्त माह में कुल 658 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो साल 1969 के बाद अगस्त माह में सबसे अधिक बारिश है। मानसून की अवधि कुल 122 दिन यानी चार माह की होती है। मानसून के 92 दिन पूरे हुए हैं। सरगुजा में जून माह में 109.3 मिमी और जुलाई में 462 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी, जो औसत से काफी कम था।

बादलों से घिरा मैनपाट, बारिश की फुहार

छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाने वाला मैनपाट पिछले तीन दिनों से बादलों से घिरा है। यहां मानसूनी बारिश की फुहार लगातार गिर रही है। मैनपाट की यह खूबसूरती लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है। लोग बड़ी संख्या में मैनपाट पहुंच रहे हैं। बादलों से घिरे रहने और बारिश की फुहार के बीच मैनपाट में दृष्यता भी काफी कम है। मैनपाट में यह स्थिति ठंड में धूंध के कारण बनती है और मानसून में बादलों से ढंके होने के कारण।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्प्लेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999